प्राचीन हस्तलिखित पोथियों का विवरण

[पहला खण्ड]

सम्पादक
डॉक्टर धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री

बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद्
पटना

प्रकाशक
बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद्
पटना

प्रथम संस्करण; विक्रमाब्द २०११, सन् १९५४ ई०
द्वितीय संस्करण २०१५, सन् १९५८ ई०

मूल्य

मुद्रक
ज्ञानपीठ प्राइवेट लिमिटेड,
पटना-४

सूची

संकेत-विवरण

वि० सं०	विक्रमी संवत्
क्र० सं०	क्रम-संख्या
ग्रं० सं०	ग्रन्थ-संख्या
फ०	फसली सन्
ई०	ईसवी सन्
ना० प्र० स० का०	नागरी प्रचारिणी-सभा, काशी
खो० वि०	खोजवि-वरणिका
र० का०	रचनाकाल
लि० का०	लिपिकाल और लिपिकार
पृ० स०	पृष्ठ-संख्या
प्र० पृ० प०	प्रति-पृष्ठ पंक्तियाँ
पु० क्र० सं० का०	पुस्तकालय क्रम-संख्या-काव्य
खो० वि० ग्रं०	खोज-विवरण-ग्रन्थ
बि० रा० भा० प० १ खं०	बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद् १ खंड
आ० शा० भ० ज० ग्रं०	आमेरशास्त्र-भंडार-जयपुर (जैन)-ग्रंथ-सूची
क० प्रा० ता० ग्र०	कन्नडप्रान्तीय तालपत्रीय ग्रन्थ-सूची
जै० सि० भ० आ० सू०	जैन-सिद्धान्त-भवन, आरा-सूची
बि० रि० सो० मा० डि० कै० मि०	बिहार रिसर्च सोसायटी डिस्क्रिप्टिव कैटलॉग ऑफ मैनस्क्रिप्ट्स
सी० सी० पार्ट	कैटलोगस कैटलॉगोरम स्क्रिप्ट्स भाग
सी० एस्० सी० ख०	कलकत्ता-संस्कृत-कॉलेज-खण्ड
एच्० पी० एस्० ख०	हरप्रसादशास्त्री-खण्ड
बी० एम्०	ब्रिटिश म्यूजियम
सी० पी० बी०	सेंट्रल प्रोविन्स एण्ड बरार
डिस्० कैट० एम्०	डिस्क्रिप्टिव कैटलॉग ऑफ संस्कृत मैनस्क्रिप्ट्स गवर्मेंट ओरियण्टल मैनस्क्रिप्ट्स लाइब्रेरी, मद्रास

वक्तव्य

[द्वितीय संशोधित संवर्द्धित संस्करण]

परिषद् के प्राचीन हस्तलिखित ग्रंथशोध विभाग द्वारा संगृहीत पुरानी पोथियों के विवरण का यह प्रथम खण्ड पहले पहल विक्रमाब्द २०११ में प्रकाशित हुआ था। यह नवीन संस्करण उसी का संशोधित और संवर्द्धित रूप है। इस संस्करण में पहले संस्करण में अंकित गुरुमुखी और बँगला की पुरानी पोथियों के विवरण नहीं हैं। केवल संस्कृत और हिन्दी की पोथियों के ही विवरण अलग अलग इसमें दिये गये हैं।

पहले संस्करण से इसमें विशेषता यह है कि हिन्दी की ५७ पुरानी पोथियों के नये विवरण प्रकाशित हैं। इन पुरानी पोथियों में से अधिकांश ऐसी ही हैं, जिनसे बिहार राज्य के अनेक ज्ञात अज्ञात कवियों की रचनाएँ उपलब्ध हुई हैं।

पहले संस्करण से दूसरी विशेषता इसमें यह है कि इसकी पृष्ठ-संख्या क्रमबद्ध है और इसके आरम्भ में ग्रंथकारों का संक्षिप्त परिचय दे दिया गया है तथा तीन परिशिष्टों में निरीक्षणात्मक रूप से ज्ञातव्य विषयों के सम्बन्ध में संक्षिप्त सूचनाएँ संकलित कर दी गई हैं।

इस विवरण का दूसरा खण्ड भी प्रकाशित हो चुका है। इस प्रथम खण्ड के प्रथम संस्करण का प्रकाशन सीमित संख्या में ही हुआ था। साहित्यिक अनुसंधान में संलग्न विद्वानों ने उसको बहुत उपयोगी समझकर अपनाया। फलस्वरूप उसका यह परिष्कृत संस्करण प्रकाशित किया गया है। आशा है कि इस संस्करण से साहित्यिक गवेषणा के कार्य में यथोचित सहायता मिलेगी।

इस संस्करण में सम्मिलित नई पोथियाँ जिन सज्जनों से प्राप्त हुई हैं उनको हार्दिक धन्यवाद देते हुए हम आशा करते हैं कि वे भविष्य में इसी प्रकार परिषद् के ग्रंथ-संग्रह कार्य में सहयोग करते रहेंगे।

महाशिवरात्रि शकाब्द १८७९
फरवरी, १९५८ ई

शिवपूजन सहाय
(संचालक)

निवेदन

[प्रथम संस्करण]

बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद् की ओर से समस्त बिहार राज्य में हस्तलिखित प्राचीन पोथियों और दुर्लभ मुद्रित पुस्तकों की खोज कराई जाती है। खोज का काम सर्वत्र भ्रमण करके श्री रामनारायण शास्त्री करते हैं। यह काम परिषद् के मान्य सदस्य और बिहार-राज्य के शिक्षा विभाग के उपनिदेशक डॉ० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री के तत्त्वावधान में होता है। श्री ब्रह्मचारीजी की देख-रेख में श्री रामनारायणजी नयी संगृहीत पोथियों का परिचयात्मक विवरण तैयार करते हैं, जो डॉ० शास्त्री द्वारा सम्पादित होकर 'साहित्य' में क्रमशः प्रकाशित होता रहता है। क्रमशः छपे हुए उन विवरणों के कुछ अतिरिक्त पृष्ठ, त्रैमासिक 'साहित्य' के प्रत्येक अंक से अलग रख लिये जाते हैं। उन्हीं में से एक सौ पोथियों का विवरण इस पुस्तिका में प्रकाशित किया जा रहा है। यह संग्रह केवल अनुसंधानकर्त्ता विद्वानों (रिसर्च-स्कॉलरों) की सुविधा के लिए बहुत सीमित संख्या में प्रकाशित हुआ है। आशा है, विद्वज्जन इससे लाभ उठावेंगे।

इस विवरण पुस्तिका की पृष्ठ-संख्या क्रमबद्ध नहीं है। किन्तु पोथियों का संख्या क्रम ठीक है। विवरण का दूसरा खंड क्रमबद्ध पृष्ठ-संख्या के साथ प्रकाशित करने का प्रयत्न किया जायगा।

इस संग्रह में प्रकाशित एक सौ पुस्तकों के विवरणों में हिन्दी के अतिरिक्त कुछ संस्कृत, बँगला और गुरुमुखी पोथियों के भी विवरण हैं। जिन उदार सज्जनों की कृपा और सहायता से परिषद् को हस्तलिखित प्राचीन पोथियाँ प्राप्त हुई हैं, उनके नाम और पते तो विवरण में दे ही दिये गये हैं, पर यहाँ हम परिषद् की ओर से उन सबको हार्दिक धन्यवाद देते हैं। विश्वास है कि परिषद् के ग्रन्थ शोधक श्री रामनारायण शास्त्री बिहार-राज्य में जहाँ कहीं जायँगे, वहाँ सहृदय सज्जनों से, उनको संग्रहणीय ग्रंथों का दान अवश्य प्राप्त होगा। पोथियाँ देनेवाले सहृदय सज्जनों को यह स्मरण रखना चाहिए कि जहाँ-तहाँ बिखरी पड़ी हुई पोथियों से साहित्यिक गवेषणा का काम सुविधा से नहीं हो सकता है। इसलिए बिहार-सरकार की सहायता से परिषद्-पुस्तकालय में अलभ्य पोथियों का एक संग्रहालय बनाया गया है, जिसमें पोथी देनेवाले सज्जन भी पधार कर सुरक्षित रखी हुई पोथियों से लाभ उठा सकते हैं।

शिवपूजन सहाय
(परिषद्-मंत्री)

दो शब्द

[द्वितीय संस्करण]

तीन वर्ष पूर्व (सं० २०११ वि० में) हमने परिषद्-ग्रन्थालय में संकलित एक सौ हस्तलिखित पोथियों के त्रैमासिक 'साहित्य' में प्रकाशित, विवरणात्मक लेखों की पुनर्मुद्रित (रिप्रिन्ट्स) प्रतियों को पुस्तकाकार प्रकाशित किया था। उसके इतना शीघ्र समाप्त हो जाने की संभावना नहीं थी। किंतु अनुसंधित्सु सुधी सुविज्ञों ने उसे इस प्रकार अपनाया कि आज हम उसका द्वितीय संस्करण प्रस्तुत कर रहे हैं।

इस किंचित् सुसंपादित और परिष्कृत संस्करण में हिन्दी एवं संस्कृत भाषा की हस्तलिखित पोथियों के विवरण पृथक्-पृथक् तो दिये ही गये हैं, ग्रंथों की संख्या भी बढ़ाकर एक सौ इक्यावन (१०० हिन्दी और ५१ संस्कृत) कर दी गई है। इस विवरण में पूर्व-संस्करण में आई हुई पोथियों के अतिरिक्त हिन्दी की सत्तावन (गरिया साहित्य २२* और चौबे संग्रह ३५) अन्य पोथियों के विवरण सम्मिलित कर लिये गये हैं। विवरण के तृतीय परिशिष्ट में महत्त्वपूर्ण हस्तलेखों के समय तथा अन्य प्रकाशित खोज विवरणिकाओं में उनके उल्लेख का संकेत कर दिया गया है।

इस संग्रह में ५१ ग्रंथकारों (हिन्दी—३४, संस्कृत-१७) के १५१ ग्रंथों (१०० हिन्दी और ५१ संस्कृत) के विवरण हैं जिनमें चालीस ऐसी रचनाएँ हैं (हिन्दी-१८ और संस्कृत-२२) जिनके ग्रंथकार साहित्यिक-जगत् के लिए अपरिचित एवं अज्ञात हैं (प्रथम परिशिष्ट में देखिए)।

निम्नलिखित तालिका में विक्रम शताब्दी के अनुसार प्रत्येक शताब्दी में रचित तथा लिपिबद्ध ग्रंथों की संख्या का निर्देश किया गया है। इनके अतिरिक्त ग्रंथों में रचना काल का उल्लेख नहीं हुआ है।

विक्रम शताब्दी के अनुसार संख्या के रचना काल और लिपिकाल

शताब्दी	इस शताब्दी में रचित पोथियों की संख्या	इस शताब्दी में लिपिबद्ध पोथियों की संख्या
सोलहवीं	१	×
सत्रहवीं	×	×
अठारहवीं	१	५
उन्नीसवीं	२	३४
बीसवीं	६	४८

* २२ की संख्या जिल्दों की द्योतक है, इनमें ५४ पोथियाँ सम्मिलित हैं।

इस संस्करण में अप्रकाशित पोथियों की संख्या की वृद्धि हुई है, जिसके फलस्वरूप निम्नलिखित विहारी एवं अन्य अज्ञात ग्रन्थकारों की विशेष चर्चा हुई है—

अवतार मिश्र, परमानन्द, भुवालस्वामी, कृष्णसिंह और हरिदास।

इनके संबंध में संक्षिप्त परिचयात्मक टिप्पणी ग्रन्थ-विवरण के प्रारंभ में दे दी गई है। इनमें सूरजदास, लालचदास, पदुमनदास, कुंजनदास, शिवनाथदास, कृष्ण (कारन) दास, के ग्रन्थों पर परिषद् के इस विभाग का खोज कार्य जारी है। संत सूरजदास और उनकी कृति 'रामजन्म' का संपादन हो रहा है। 'संत कवि दरिया : एक अनुशीलन' के दूसरे खंड—'दरिया ग्रन्थावली' के लिए संत दरिया के ग्रन्थों का पाठान्तर-विश्लेषण भी हो चुका है। प्रतिवर्ष एक हस्तलिखित ग्रंथ अपने मूल रूप में समीक्षात्मक अध्ययन के साथ प्रकाशित करने का विचार है।

हम उन महानुभावों के कृतज्ञ हैं, जिन्होंने परिषद्-संग्रहालय के लिए उदारतापूर्वक हस्तलिखित पोथियों का दान किया है। ग्रंथ-विवरण-प्रसंग में उनके दान का उल्लेख कर दिया गया है। विशेष रूप से हम श्री साधु चतुरीदासजी तथा श्री पं० गणेश चौबे के अनुगृहीत हैं, जिन्होंने संत दरिया के ग्रंथों तथा महत्त्वपूर्ण हस्तलिखित पोथियों का दान कर परिषद्-संग्रहालय की श्री वृद्धि की है।

वसंत-पंचमी
२०१४ वि०

धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री
अध्यक्ष,
प्राचीन हस्तलिखित-ग्रन्थ-अनुसंधान-विभाग

दो शब्द

(प्रथम संस्करण)

भारत के प्राचीनतम साहित्य को मुख्यतः दो व्यापक संज्ञाएँ दी गई हैं—श्रुति और स्मृति। 'श्रुति' का आशय उस मूल साहित्य से है, जिसे मानव जाति ने प्रथम प्रथम पाया। इस साहित्य का मुख्य स्रोत 'श्रुति अथवा श्रवण' था और प्राचीन गुरु-परम्परा के प्रभाव में इसे ईश्वरीय वाणी मानकर परम सम्मावना का पात्र बनाया गया। किन्तु वह साहित्य जो इस मूल श्रुति-साहित्य के आधार पर निर्मित हुआ और जिसे गुरु-परम्परा से लोग स्मृति (स्मरण) द्वारा रक्षित करते रहे वह 'स्मृति' के नाम से प्रचलित हुआ। इस प्रसंग में यह कहना कठिन है कि श्रुति और स्मृति दोनों प्रकार का मौखिक साहित्य प्रथम प्रथम लिपिबद्ध कब हुआ। किन्तु इतना तो असंदिग्ध रूप से माना जायगा कि पाणिनि के व्याकरण की रचना के समय तक लिपिकला का आविष्कार हो चुका था।

प्रथम प्रथम जो लिपिबद्ध साहित्य हमें प्राप्त है वह मुख्यतः शिलालेखों, मुद्राओं, अथवा ऐतिहासिक महत्त्व रखनेवाली इस प्रकार की अन्यान्य वस्तुओं पर अंकित मिलता है। जब बौद्धों और जैनों ने अपने विपुल अपभ्रंश, पालि तथा प्राकृत साहित्य का निर्माण किया और उनका अधिकाधिक प्रचार करना चाहा तब ग्रंथों को भूर्जपत्र अथवा तालपत्र पर लिखकर सुरक्षित करने की प्रथा चलाई। प्राचीन काल में जितने बौद्धों के विहार और जैनियों के मंदिर थे, उनसे संबद्ध हस्तलिखित ग्रंथों का संग्रहालय रहा करता था। जैन धर्मावलम्बी इन संग्रहालयों को शास्त्र भंडार, सरस्वती भण्डार, भारती भाण्डागार अथवा संक्षेप में केवल 'भण्डार' कहा करते थे। आज भी राजस्थान तथा अन्यत्र स्थित अनेकानेक मन्दिरों में जैन ग्रंथों की विपुल निधि सुरक्षित है। काश्मीर, काशी, मिथिला, नदिया (बंगाल) आदि कतिपय प्रदेशों अथवा स्थानों में वैदिक अथवा हिन्दू धर्म से संबद्ध संस्कृत-भाषा का प्रचुर साहित्य हस्तलिखित रूप में संचित है, बौद्धों के भी तक्षशिला, विक्रमशिला और नालन्दा विहारों तथा विश्वविद्यालयों में बहुसंख्यक ग्रंथ सुरक्षित थे जिनमें से अनेक ग्रंथ इतरधर्मियों द्वारा भस्मसात् भी कर दिये गये।

वर्तमान युग में जब मुद्रण के आविष्कार ने ज्ञान की सामग्री को सर्वसुलभ बनाया, तब विद्वानों का ध्यान इस ओर गया कि हस्तलिखित ग्रंथों की अमूल्य निधि को प्रकाश में लाया जाय। फलतः इस प्रकार के ग्रंथों की खोज और उनके संबंध में संक्षिप्त सूचनाओं के प्रकाशन का कार्य सन् १८ ८ ईसवी से आरंभ हुआ। पहले पहल यह कार्य मुख्यतः संस्कृत ग्रंथों की खोज तक सीमित था। डॉ० कीलहॉर्न, बूलर, पीटर्सन, बरनेल तथा भण्डारकर आदि विद्वानों ने एशियाटिक सोसाइटी एवं प्रादेशिक सरकारों के साहाय्य से संस्कृत ग्रंथों की खोज के आधार पर, सूचियाँ प्रकाशित किये और उन सबों को मिलाकर आफ्रेक्ट साहब ने एक बृहत् परिचयात्मक संकलन 'कैटेलोगस कैटेलॉगरम्' के नाम से अनुसंधित्सु जगत् के सम्मुख प्रस्तुत किया। संस्कृत ग्रंथों तथा जैनधर्म-संबंधी साहित्य के ऐसे कई बहुमूल्य परिचयात्मक संकलन विद्यमान हैं।

हिन्दी के हस्तलिखित ग्रंथों के संग्रह तथा उनके संबंध में सूचनाओं के प्रकाशन का व्यवस्थित रूप से कार्य करने का प्रयत्न सर्वप्रथम काशी-नागरी-प्रचारिणी सभा ने किया और सन् १६०० ईसवी में श्री बाबू श्यामसुन्दरदास के तत्त्वावधान में खोज-विभाग की स्थापना हुई। सभा ने अबतक १६ रिपोर्टें तैयार की हैं, जिनमें केवल १२ छप सकी है और शेष अभी लाल फीते के जटा-जूट में विलीन है। इन रिपोर्टों का प्रकाशन सरकार के आर्थिक अनुदान पर ही अवलंबित रहा है। अत: अप्रकाशित रिपोर्टों के उद्धार के लिए कब गंगावतरण होगा, यह अनिश्चित है। हिन्दी-साहित्य का प्रत्येक विद्यार्थी यह स्वीकार करेगा कि हमारे साहित्य और संस्कृति के नवीन इतिहास तथा नवीन चेतना के निर्माण में हस्तलिखित ग्रंथों की खोज ने बहुत बड़ी देन दी है।

बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद् के तत्त्वावधान में हस्तलिखित पोथियों के संग्रह और अनुसंधान का का कार्य १६५१ ईसवी के फरवरी मास मे प्रारंभ हुआ है। तीन वर्ष के अल्पकालिक अन्वेषण के फलस्वरूप अबतक ७७७ हस्तलिखित ग्रंथ संग्रहालय में संकलित हो चुके हैं। प्रान्त के विभिन्न ग्रंथालयों में संगृहीत १५८ ग्रन्थों का विवरण-पत्र भी तैयार किया जा चुका है। संकलित ग्रंथों का संक्षिप्त विवरण बिहार-हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन और बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद् के सम्मिलित मुखपत्र 'साहित्य' में क्रमशः प्रकाशित होता रहा है। उन प्रकाशित विवरणों की पुनर्मुद्रित प्रतियों का कुछ अंश पुस्तकाकार प्रस्तुत किया जा रहा है।

इस संग्रह में १०० हस्तलिखित ग्रंथों के विवरण हैं, जिनमें ४२ हिन्दी, १ गुरुमुखी, ५ बँगला और १ तालपत्र पर लिखित मिथिलाक्षर-ग्रंथ है। शेष ५१ नागरी लिपि में लिखित संस्कृत ग्रंथ है। हमें आशा है कि अनुशीलन-शील सुधी-समाज के लिए यह संक्षिप्त विवरण अनुसंधान-कार्य में मार्ग-निर्देश का कार्य करेगा। संक्षिप्त विवरणों को तैयार करते समय यह ध्यान रखा गया है कि हस्तलिखित ग्रंथों के उद्धरण अपने मौलिक अविकल रूप में आवें।

हिन्दी के हस्तलिखित ग्रंथों में अनेक पोथियाँ ऐसी हैं जो अबतक अप्रकाशित हैं और उनपर यदि सम्यक् अनुसंधान किया जाय तो हिंदी तथा बिहार के साहित्यिक इतिहास पर अभिनव प्रकाश पड़ेगा। अबतक, परिषद् में तथा राज्य के विभिन्न पुस्तकालयों में संगृहीत पोथियों से पचीस ऐसे कवियों, लेखकों का पता चला है, जिनके संबंध में अनुसंधान-अनुशीलन की नितांत आवश्यकता है। इन पचीस में ग्यारह ऐसे हैं, जिनके ग्रंथों की संक्षिप्त सूचनाएँ प्रस्तुत संग्रह में आई हैं। ये निम्नलिखित हैं—

१. **श्रीसंतसूरजदास**—इनके द्वारा लिखित 'रामजन्म'-नामक ग्रंथ मिला है। रचना से प्रतीत होता है कि ये बिहार-प्रांत के ही संत थे। 'रामजन्म' पर एक समालोचनात्मक अध्ययन डा० धर्मेन्द्रब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा 'साहित्य' में प्रकाशित हो रहा है।

२. **श्री लालचदास**—ये यथासंभव गोस्वामी तुलसीदासजी से भी पूर्व आविर्भूत हुए थे और इन्होंने कृष्ण-संबंधी प्रबंध-काव्य की रचना की थी। इनका दोहों और चौपाइयों में लिखित श्रीमद्भागवत प्राप्त हुआ है। परिषद्-संग्रहालय में इनके तीन ग्रंथ हैं। इस विवरण में सबसे पहला ग्रंथ इन्हीं का है। इनके दो ग्रंथ भी मन्नूलाल पुस्तकालय, गया में सुरक्षित हैं। नागरी-प्रचारिणी सभा की खोज-रिपोर्ट, मिश्रबंधु-विनोद तथा शिवसिंह-सरोज में भी इनकी चर्चा की गई है। श्री लालचदासजी का जन्म-स्थान बरेली (उत्तर प्रदेश) था। इनकी साहित्य-भूमि बिहार थी। इन्होंने विशेषतः दरभंगा जिले के रोसड़ा के आसपास समय-यापन किया।

३ श्री पदुमनदास—ये रामगढ़ राज्य के आश्रित कवि थे। इन्होंने हितोपदेश का हिन्दी पद्यानुवाद किया था जो इस विवरण में है। इनके द्वारा लिखित दो और ग्रंथ मन्नूलाल पुस्तकालय, गया में हैं। इनकी रचना में रामगढ़-राज्य की संक्षिप्त वंशावली भी दी हुई है।

४ श्री शिवनाथदास—दरिया-पंथ के एक साधु। इन्होंने इसी मत से संबंधित एक मौलिक ग्रंथ की रचना की है। ये प्रसिद्ध दरियापंथी मठ, तेलपा (सारन जिला) में रहते थे।

५ श्री कुंजनदास—शिवपुराण के आधार पर लिखित दोहे और चौपाइयों में 'शिवपुराणरत्न', इनकी मौलिक रचना है। ये शाहाबाद जिले के निवासी थे। इनकी रचना से ज्ञात होता है कि इनके शिष्य पूर्वी बिहार के मुंगेर और भागलपुर जिले में अधिक थे।

६ श्री कृष्णकारखदास—बिहार प्रान्त के दरभंगा जिले के रोसड़ा के निवासी एक संत। ये संभवतः कबीर के समकालीन संत थे। रोसड़ा में इनका एक मठ भी है। कबीर पंथियों में इनका एक पृथक् शाखा मानी जाती है। इनकी तीन रचनाएं प्राप्त हुई हैं। इनके द्वारा लिखित अन्य अनेक हस्तलिखित ग्रंथ रोसड़ा-मठ में सुरक्षित हैं।

७ श्री मानदास—इनका निवास स्थान मिर्जापुर जिले के अकौनी नामक ग्राम में था। यह ग्राम पूर्वीय रेलवे के विन्ध्याचल स्टेशन से एक स्टेशन आगे, अष्टभुजा के करीब, बिरोही स्टेशन के सन्निकट है। इनके द्वारा लिखित 'श्री रामायण' विशालकाय ग्रंथ है। यह ग्रंथ लगभग २०० वर्ष प्राचीन है। इनकी रचना पर अवधी का प्रभाव अधिक है। यह ग्रंथ और ग्रंथकार हिन्दी-जगत् के लिए नवीन हैं।

८. श्री श्रीभट्ट—इनकी रचना 'युगलस्तोत्र' है। इसमें इन्होंने ब्रजभाषा प्रभावित भाषा में राधा और कृष्ण के संबंध में बड़ा ही रोचक वर्णन किया है। इनकी अन्य रचनाएँ श्री मन्नूलाल पुस्तकालय गया में हैं। अपनी रचना में इन्होंने विभिन्न रागों के पद तो बनाये ही हैं दोहे भी लिखे हैं। इनके संबंध की सूचना काशी-नागरी प्रचारिणी की खोज रिपोर्ट में भी है। इनके ग्रंथों में इनके निवास-स्थान आदि के संबंध में कोई भी चर्चा नहीं है।

९ श्री परमानन्ददास—इन्होंने अपने ग्रंथ 'कबीर भानु प्रकाश' में अपना कोई भी परिचय संकेत नहीं दिया है। इनके ग्रंथ से इनका विशाल अध्ययन तथा सभी धार्मिक सम्प्रदायों के मन्तव्यों से विस्तृत परिचय ज्ञात होता है।

१० श्री नगनारायण सिंह—ये सारन जिले के पटेढ़ा नामक ग्राम के निवासी साहित्यिक थे। यद्यपि ये बहुत प्राचीन कवि नहीं हैं तथापि पूर्व वर्तमानकाल' के साहित्यिकों में इनकी गणना होगी। इन्होंने हिन्दी संस्कृत और फारसी में पद्य रचना की है। विशेष इस विवरण में देखिए।

११ श्री अवधकिशोर सहाय—ये बिहार प्रान्त के पलामू जिले के डाल्टनगंज के आसपास कचनपुर ग्रामवासी थे। इन्होंने चितौर की लड़ाई और राजपूती इतिहास से संबंधित वीर-काव्य की रचना की थी। इनकी रचना 'चित्तोरोद्धार' का प्रवाह बड़ा ही सुन्दर है।

इन ग्यारह कवियों के अतिरिक्त जिन अज्ञात साहित्य सृष्टाओं का पता चला है उनके विवरण पृथक् खण्ड में सम्मिलित किए जायेंगे। बिहार के चंपारन जिले में प्रचलित सरभंग मतों की वाणियाँ भी संग्रहीत होकर परिषद् संग्रहालय में आ गई हैं। इन वाणियों का सांस्कृतिक

साहित्यिक अध्ययन यथासमय ग्रंथाकार प्रकाशित किया जायगा। परिषद् ने यह भी निश्चय किया है कि क्रमशः प्रतिवर्ष मूलग्रंथ भी मुद्रित तथा प्रकाशित किये जायँ।

विवरण प्रस्तुत करते समय यह ध्यान रखा गया है कि उद्धरण आदि उसी रूप में रखे जायँ, जिसमें वे मूल पोथी में हैं। फलतः श, ष, स, अथवा ह्रस्व, दीर्घ आदि को अविकल रूप से उतार दिया गया है और उनका शुद्ध रूप नहीं दिया गया है। व और ब के संबंध में यह जान लेना चाहिए कि प्रायः पोथियों में ब वैसा ही लिखा गया है जैसा नागरी का व और व को नागरी व के नीचे बिंदु (व़) देकर संकेतित किया गया है। किंतु उद्धरण देते समय छापे की सुविधा को ध्यान में रखकर उपरिलिखित ब और व को क्रमशः व और व़ न लिखकर ब और व ही लिखा गया है।

एक बात और। हस्तलिखित पोथियों में प्रायः छंद के एक चरण को इकाई मानकर इस प्रकार लिखा गया है, जिसमें शब्द एक-दूसरे से पृथक् नहीं मालूम पड़ते। या तो समग्र चरण या पोथी की समग्र पंक्ति के ऊपर एक ही लकीर दे दी गई है, अथवा जहाँ एक लकीर नहीं है, वहाँ उस पंक्ति अथवा चरण का प्रत्येक अक्षर समान दूरी पर अलग-अलग, किंतु एक-दूसरे से सटाकर, लिखा हुआ है।

आधुनिक लेखों और पुस्तकों के पढ़नेवालों को हस्तलिखित पोथियों के पढ़ने में इस कारण कुछ कठिनाई अवश्य होगी, क्योंकि पढ़ते समय अपने मन से एक में मिले हुए शब्दों को अलग-अलग करके पढ़ना और समझना होगा।

नागरी के य का उच्चारण प्रायः ज के समान होता है, किंतु किसी अक्षर के साथ संयुक्त होने पर य के समान होता है। जहाँ संयुक्त न होते हुए भी य का उच्चारण अंतःस्थ य के समान इष्ट है, वहाँ प्रायः उसके नीचे बिंदु (य़) दे दिया गया है। मूर्धन्य ष का उच्चारण प्रायः ख के समान माना गया है और इसी कारण दुष (दुख), शाषा (शाखा) और वषानि (बखानि) आदि प्रयोग किये गये हैं। ग्रंथों के लिपिकार अन्य प्रकार की भी बहुत-सी अशुद्धियाँ करते थे, जिनका परिचय मूल उद्धरणों से पाठकों को मिल जायगा। पोथियाँ जहाँ-जहाँ से संगृहीत हुई हैं, उन स्थानों अथवा पुस्तकालयों के नाम विवरण के साथ ही दे दिये गये हैं।

हम इस संग्रह को व्यवस्थित तथा वैज्ञानिक नहीं बना सके हैं, क्योंकि यह रिपोर्टों का संकलन-मात्र है और प्रयास भी प्रथम है। किंतु हमें आशा है कि अगले संग्रहों को हम पूर्वनिर्धारित योजना के अनुसार साहित्यिक-जगत् को भेंट कर सकेंगे।

इस संग्रह को तैयार करने तथा सामग्री जुटाने में हमारे शोधकर्त्ता श्री रामनारायण शास्त्री ने जिस तत्परता तथा लगन से कार्य किया है, वह अभिनन्दनीय है।

श्रीमहावीर-जयंती,
चैत्रशुक्ल १३, सं० २०११ वि०

धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री
अध्यक्ष,
प्राचीन हस्तलिखित-ग्रंथ-शोध-विभाग
बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद्

ग्रंथकारों का संक्षिप्त परिचय[1]

[ग्रंथकारों के नाम के सामने (अंकित) कोष्ठकान्तर्गत संख्याएँ विवरणिका में सम्मिलित ग्रंथों की क्रम-संख्याएँ हैं ।]

१—अवतार मिश्र (६१) [illegible] के रचयिता चंपारन जिला ([illegible] ग्राम)-निवासी । रचनाकाल १८८४ वि. ।

२—अवधकिशोर शर्मा ([illegible]) चंपारन जिले के [illegible]पुर ग्राम निवासी । जन्म सं० १९६४ वि. में । वर्तमान 'साहित्य वाचस्पति' उपाधि से भूषित हिन्दी और संस्कृत के अध्यापक ।

३—आनन्द कवि (७८) [illegible] के रचयिता । इनकी कुल—कोकसार, कोकमंजरी, कोकाकलाप और [illegible]श्रृंगार—चार रचनाओं का उल्लेख मिलता है ।

४—कबीरदास (२३ क, २७, ३२, ८०, ८३, ८४) निर्गुण-काव्यधारा के प्रसिद्ध संतकवि और [illegible] के प्रवर्तक । जन्म सं० १४५५ वि. । निर्वाण-सं० १५०५ वि० । रामानंद के शिष्य और धर्मदास के गुरु । इस विवरण में इनके निम्नांकित ग्रंथ हैं—

१—हनुमानबोध—लि० का०—१९३८ [illegible] खोज में प्राप्त कबीर साहित्य में यह ग्रंथ नवउपलब्ध है ।

२—शब्द—यह रचना नागरी प्रचारिणी सभा (काशी) की भी खोज में मिल चुकी है ।[2]

३—[illegible]—[illegible] ग्रंथ [illegible] ।

४—कहरा—कबीर का [illegible] ग्रंथ । इस विवरण ग्रंथ की हस्तलिपि १८ [illegible] (= १७८८ वि०) की है ।

५—[illegible]—[illegible] कबीर का यह ग्रंथ [illegible] आधारित है । नागरी प्रचारिणी सभा (काशी) को इस ग्रंथ की एक प्रति खोज में मिली है ।[3]

६—[illegible]—यह ग्रंथ कबीर की [illegible] का आध्यात्मिक विवरण है । [illegible] । नागरी प्रचारिणी सभा (काशी) को [illegible] प्राप्त हुई हैं ।[4]

---

१ [illegible]

२ —[illegible] पृ० [illegible] ।

३ —[illegible] पृ० [illegible] ।

४ —[illegible]

[illegible] ([illegible]) पृ० [illegible]

[illegible] ([illegible]) [illegible]

[illegible] ([illegible]) [illegible]

५—कुंजनदास—(२१) 'शिवपुराणरत्न' के ग्रंथकार, बिहार-राज्यान्तर्गत शाहाबाद जिले के 'पंवार' ग्राम-निवासी, रचना-काल अज्ञात।

६—कृपाराम—(८५) सं० १८५५ वि० के लगभग वर्त्तमान, रामानुज-संप्रदाय के भक्तकवि। ना० प्र० स०, का० को भी यह ग्रंथ—'भागवत-भाषा'—खोज में मिला है। 'समयबोध' के ग्रंथकार इनसे भिन्न हैं।

७—कृष्ण (कारख) दास(३८)—'विचारगुणावली' के ग्रंथकार; बिहार-राज्यान्तर्गत दरभंगा जिले के रोसड़ा-वासी। कहा जाता है कि ये संभवतः कबीर साहब के समकालीन थे। कबीर-पंथ की प्रचलित शाखाओं में 'वचन-वंशीय' शाखा के संभवतः प्रवर्त्तक।

८—केशवदास (७३, ८६, ९७, ९८, १००,)—ओड़छा-नरेश मधुकरशाह और उनके पुत्र राजकुमार इन्द्रजीत सिंह के आश्रित, ओड़छा (बुन्देलखंड)-निवासी सनाढ्य ब्राह्मण। सुप्रसिद्ध ग्रंथकार।

इनके निम्नलिखित हस्तलेख इस संग्रह में हैं—

१—विज्ञानगीता—दो हस्तलेख।

२—रसिकप्रिया—दो हस्तलेख।

३—राम-चन्द्रिका—एक हस्तलेख; समय—सं० १७९३ वि० = (१७३६ ई०)।

इनकी रचनाएँ नागरी-प्रचारिणी सभा (काशी) को खोज में मिली हैं।[1] कवि का अनुमित समय सन् १६०० ई० है।

९—गुरु नानक साहब (१५)—'सतनाम विहंगम' के ग्रंथकार, सिक्ख-पंथ के प्रसिद्ध संस्थापक, तिलावरी (पंजाब)-निवासी, जाति के वेदी खत्री; सं० १५२६-१५९६ तक वर्त्तमान, नामदेव छीपी के समकालीन[2], वर्णनात्मक तथा उपदेश-शैली में महत्त्वपूर्ण रचना। इनके शिष्यों में इन प्रवचनों का विशेष प्रचार है। सिक्खमत के प्रसिद्ध ग्रंथ 'जपुजी साहब' तथा 'सुखमणि साहब' के आधार पर ही इस ग्रंथ की रचना हुई है। नागरी-प्रचारिणी सभा, काशी को इनकी अन्य तीन—सुखमनी, अष्टांग-योग, नानकजी की साखी और गुरुनानक-वचन—पांडुलिपियाँ खोज में मिली हैं। विस्तार के लिए दे०—खोज-विवरणिका, १९०२, ग्रं०-सं० २१८, १९०६—१९०८, ग्रं०-सं० १९९, १९०९—१९११, ग्रं०-सं० २०५, २०७;

---

१. दे०—ना० प्र० स०, काशी की खोजविवरणिका—	१९२३—२५ ई० की	ग्रं०-सं०	२०७
"	१९२६—२८ ई० "	"	२३३
"	१९२९—३१ ई० "	"	१९२
"	१९३२—३४ ई० "	"	११३
	१९०९—११ ई० "	"	२०५

१९३१ ३२, प्र०-सं० २८३ १९२६ २८, प्र -सं० ३१५
१९२९–३१, प्र०-सं २३६ १९३२–३४, प्र०-सं० १५१ ।

१०—गोस्वामी तुलसीदास(२ ३, ४ ५ १८ ३६, ४० ४१ ४२, ६६ ७४, ७५, ८१ ८६)—हिन्दी के सर्वश्रेष्ठ सतकवि। निम्नलिखित रचनाओं की कुल सतरह प्रतियाँ मिली है, जिनका विवरण इस प्रकार है—

ग्रन्थ-संख्या	ग्रन्थनाम	प्रतियाँ	लिपिकाल
१	रामचरितमानस	१५	१८५८ वि० १९२२ वि , १८४७ वि०, १८८८ वि०, १८५६ वि०, १८६४ वि० १८३६ वि , १९०६ वि० ।
२	विनय पत्रिका	१	१८ [illegible] वि० ।
३	छप्पय रामायण	१	×

११—चरनदास (६६)—चरणदासी-सम्प्रदाय के प्रवर्त्तक प्रसिद्ध सन्त डहरा (अलवर राजस्थान)-निवासी धूसर बनियाँ शुकदेव के शिष्य और सहजो बाई के गुरु जन्म—१७६० वि मृत्यु—१८३८ वि , प्रथम नाम रणजित । कार के अठारह ग्रंथ नागरी प्रचारिणी सभा (काशी) को खोज में मिले हैं।[१]

१२—रामदास (२८)—'श्रीरामार्णव' के ग्रंथकार अकोढ़ी ग्राम, विन्ध्याचल (मिर्जापुर)-निवासी, जाति के ब्राह्मण साधु सं० १८१८ वि के लगभग वर्त्तमान। नागरी प्रचारिणी सभा (काशी) को इनके ग्रंथ खोज में मिले हैं।[२] रामायण पिंगल-नामक इनकी दूसरी रचना खोज में मिली है।

६०—नागरी प्रचारिणी सभा (काशी) की खोज विवरणिका सन् १९२ २२, सन् १९२३ २५ ग्र -सं० १९२ ।

१३—धर्मदास (२१-ख, २३-ख, २६ २९, ३७ [illegible])—कबीरदास के शिष्य उ० १४५७ के लगभग वर्त्तमान कबीरपंथ के प्रचारक कबीरपंथ में आने से पूर्व का नाम जुडावन जाति के बनिया और बाँधवगढ़ (मध्यप्रदेश) निवासी। धर्मपत्नी 'अमीना' से नारायणदास और चूड़ामन नामक दो पुत्र, नागरी प्रचारिणी सभा (काशी) को इनकी अनेक पोथियाँ खोज में मिली हैं।[३]

---

१ दे०—नागरी-प्रचारिणी सभा (काशी) का खोज विवरण–१९०५ ग्र -सं १० १८, १९, १९०६–८, ग्र -सं १४७ १९ ९–११ ग्र सं०–४५ १९१७-१९ ग्र -सं० ३७ १९ –२२ ग्र -सं० २६ १९२३–२५ ग्र -सं ७१ १९२६–२८ ग्र -सं० ७– १९२९–३१ ग्र -सं ६५ १९३२–३४ ग्रंथ-संख्या ३८ ।

२ नागरी-प्रचारिणी सभा (काशी) का खोज विवरण १९०२ ग्रंथ-संख्या २ २६ ३ ग्रंथ-संख्या १४५ ।

३ दे०—ना० प्र० स०, का खो० वि –१९ ६–८ ई० ग्र सं०–१५८ १९२३–२५—ग्र०-सं० १०० १९३२–३४, ग्र० सं० ५३ ।

१४—नगनारायण सिंह (२४)—बिहार-प्रान्तस्थ सारन जिले के 'पटेढ़ी' ग्राम-निवासी ; अनेक हिन्दी-संस्कृत-ग्रंथकारों के आश्रयदाता ; फारसी, हिन्दी और संस्कृत के समान कवि।

१५—नन्ददास (६)—स्वामी विट्ठलदास के शिष्य , सं०१६२८ वि० के लगभग वर्त्तमान , तुलसीदास के भाई; अष्टछाप के कवियों में प्रमुख, इनके अन्य ग्रंथों की पाण्डुलिपियाँ नागरी-प्रचारिणी सभा (काशी) की खोज में उपलब्ध हुई हैं। दे०—ना० प्र० स०, का०—खो० वि० १९०१, ग्र०-सं० ११, ६६ १९०२, ग्र०-सं० २०० ए, बी, सी, डी, ई ; १९०३, ग्र०-सं० १५३ ; १९०६—११, ग्र०-सं० २०८ बी, डी, ए, सी, ई, एफ, १९१७-२०, ग्र०-सं० ११६ ए०, १९२०—२२, ग्र०-सं० ११३ डी,–ई। १९२३—२५ ग्र०-सं० २६४ , १९२६-२८ ग्रं०-सं० ३१६ ए, बी, सी, डी, ई, एफ, जी , १९२९—३१, ग्रं०-सं० २८०।

अबतक इनकी निम्नलिखित पन्द्रह पोथियाँ खोज में उपलब्ध हुई हैं—

१—अनेकार्थमंजरी (नाममाला), २—भवरगीत, ३—नाममंजरी या मानमंजरी, ४—फूलमंजरी, ५—रानीमंगल, ६—रासपंचाध्यायी, ७—रुक्मिणी-मंगल, ८—विरहमंजरी, ९—दशमस्कंध भागवत, १०—नामचिन्तामणि-माला, ११—जोगलीला, १२—स्यामसगाई, १३—नासिकेतपुराण-भाषा, १४—रसमंजरी और १५—विरह-मञ्जरी।

१६—नाभाजी, नाभादास (६, १०, ११)—स्वामी अग्रदास के शिष्य और प्रियादास के गुरु, भक्तमाल के प्रसिद्ध लेखक , सं० १६५७ के लगभग वर्त्तमान, ध्रुवदास के समकालीन। इनका उपनाम नारायणदास था। नागरी-प्रचारिणी सभा (काशी) को इनकी रचनाएँ खोज में मिली हैं।[१]

१७—प्रदुमनदास (२२)—बिहार-प्रान्तस्थ हजारीबाग जिले के रामगढ़-राज्य के आश्रित कवि, कर्ण कायस्थ, दामोदरलाल के पुत्र, सं० १७३८(= १६८१ ई०) के लगभग वर्त्तमान। इनके ग्रंथ अबतक अप्रकाशित हैं। नागरी-प्रचारिणी सभा (काशी) को इनकी रचनाएँ खोज में मिली हैं।[२]

१८—परमानन्द (६२)—विरहमाला के रचयिता , बिहार-राज्य के शाहाबाद जिले के कोरी ग्रामवासी कवि, सं० १८५५(= १७९८ ई०) के लगभग वर्त्तमान।

---

१ ना० प्र० स० (काशी), १९००—ग्र०-सं० ४५, ६७, १९०६—८ ग्रं० सं० १२१ , १९०९—११, ग्र०-सं०२०२, २११।

२ दे०—ना० प्र० स०, का०—१९२६—२८, ग्र०-सं०, ३६।

१६—परमानंददास (३३)—पनार प्रान्तस्थ दोदा (मुजफ्फर) ग्रामवासी स —१६३५ (=) १८७८ ई० के लगभग वर्तमान। ना प्र का को इनकी रचना खोज में मिली है।[1]

२०—विहारीलाल (७०)—हिन्दी के प्रसिद्ध कवि ग्वालियर राज्य के निवासी १७३० वि० के लगभग वर्तमान माथुर चौबे जयपुर-नरेश जयसिंह मिर्जा के आश्रित कृष्णदास के गुरु। इन्होंने सतसई पर टीका लिखी है। ये नवरत्नों में गिने जाते हैं। विहारीसतसई की पाण्डुलिपियाँ ना० प्र स (काशी) को खोज में मिली हैं, जिनका लिपिकाल है—

क्र-सं		लिपिकाल	खोज विवरण-काल	प्र-सं
१		१७१६ वि	१६ ० ई०	११५
		१७७५ वि०	१६०१ ई	२७
३		१८०३ वि	१६०२ ई०	/
४	(टीका)	१८,७ वि (टीका-काल १७७७ वि०)	१६०१ ई	५२
५	”	”	१६०४ ई०	१२६
	”	१८२३ वि० ”	१६०१ ई०	७५
७	”	१८५० वि	१६०६–१६०८ ई०	६६
८		१८५१ वि		
६	”	१८२८ वि०	१६२६—२८ ई०	६८ ए
१	”	सं० १८४ (= १७८३ ई०)	१६२६—२८ ई	६८ बी
११		सं० १८६८ वि० (= १८४१ ई०)	१६२६—२८ ई०	—६८ सी
१२		सं १६०० वि (= १८४३ ई)	१६२६—२८ ई०	६८ डी
१३		—	१६२६—२८ ई०	६८ ई
१४		१७६२ वि (=१७०५) ई०	१६२६—३१ ई०	५३ सी

इसके अतिरिक्त इसी विवरणिका में देखिए प्र०-सं० ५३ ए और बी।

अन्य पाण्डुलिपियाँ भी इसी खोज में मिली हैं। विस्तार के लिए दे०—ना० प्र० (का०) खो० वि —१६२०—२२, प्र -सं २० २३, २५ और ६२।

२१—सुवास (२७)—भगवद्गीता के—दोहे-चौपाइयों में—रूपान्तरकार उपनाम—जनसुलाल और सुवालस्वामी। नागरी प्रचारिणी-सभा (काशी) के खोज विवरण में भी इनकी पाण्डुलिपि की चर्चा हुई है। दे —खोज विवरण—१६०६–११ ई , प्र सं १३२। उक्त पाण्डुलिपि का हस्तलेख-समय है १७६२ वि ।

१ दे०—ना० प्र० स० काशी १६२६–३१, प्र -सं ६२।

२२—रामानन्द (७८)—'सिद्धांत-पटल' के ग्रंथकार, प्रसिद्ध सुधारक और कबीर के गुरु, रचनाकाल संभवत पन्द्रहवीं शती, ना० प्र० स०, का० को इनकी रचना मिली है।[1]

२३—रामप्रसाद गुरु (१६)—'रत्नार्णव' के ग्रंथकार। रचनाकाल १२७७ फ० = १८७० ई० = १९२७ वि०।[2]

२४—लालचदास—(४, ८२)—बरेली-निवासी • हरिचरित्र के ग्रंथकार सं० १५२७ वि० = १४७० ई० के लगभग वर्त्तमान। 'शिवसिंहसरोज' और 'मिश्रबंधु-विनोद,में मात्र नाम-चर्चा ; शिवसिंह ने इनका र० का० सं० १६५२ माना है और कालिदास हजारा में भी इनके नामोल्लेख की चर्चा की है।[3] नागरी प्रचारिणी-सभा (काशी) को भी खोज में ग्रंथकार के हस्तलेख मिले हैं। १९०६–८ ई० की खोज-रिपोर्ट में इनका र० का० १५६८ वि० है।[4]

ना० प्र० स० (काशी) के एक हस्तलेख में इनका र० का० है सं० १५२५=१४६८ ई० और दूसरे में सं० १५८५ वि०=१५२८[5] ऐसा प्रतीत होता है कि १५२५ वि० और १५८५ वि० में ८ और २ का व्यत्यय लिपिकार की अनवधानता का परिणाम है। कहा जाता है कि कवि की काव्य-रचना-भूमि बिहार-राज्य के दरभंगा (रोसड़ा) जिले में थी।

२५—शिवनाथ दास (२५) 'शिव-सागर' के दरियापंथी ग्रंथकार, बिहार-राज्य के सारन जिलान्तर्गत तेलपामठ-निवासी, संभवत इनकी अन्य कई रचनाएँ उक्त मठ में सुरक्षित हैं; ग्रंथ अप्रकाशित; लि० का० संभवत सं० १८५० वि०=१७९३ ई० है।

२६—नंदलाल कवि (१६-ख)—रामरतनगीता के ग्रंथकार, रचना अप्रकाशित, कुछ अनुसंधायकों के मत से इस ग्रंथ के ग्रंथकार कुशल सिंह हैं। इनका र०का० सं० १६७७ वि० लगभग था। कहा जाता है कि 'अर्जुनगीता' और 'रामरतनगीता' के ग्रंथकार कुशलसिंह[6] फफूंद के

१ दे०—ना० प्र० स० का०, खो० वि० १९०२ ई०, ग्रं०-सं०-६५
" " १९०९–११ ई० " २०५
" " १९२६–२८ ई०, पृ० सं० ७८३ (ग्रं०-सं०-११७–तृतीय परिशिष्ट, अज्ञात रचनाकारों की कृतियाँ)

२ ना० प्र० स० (काशी) को भी 'सुखजीवनप्रकाश' के ग्रंथकार जहानगंजनिवासी 'रामप्रसाद' खोज मिले हैं, जिनका र० का० १८७६ ई०=१९३२ वि० है (दे०—ना० प्र० स० का०, खो० वि० १९२९–३१ ई० ग्रं० प०२९०)। दोनों ग्रंथ के ग्रंथकार एक ही 'रामप्रसाद' संभव हैं।

३. दे०—शिवसिंहसरोज की पृ० सं० २८२ और ४८५।

४. दे०—ना० प्र० स० का०, खो० वि० १९०६–८ ग्रं० सं० २८६; खो० वि० १९२३ २५ ग्रं० सं० २३८

५ दे०—ना० प्र० स० का०, खो० वि० १९२६–२८ ई० ग्रं०-सं० २३१ ए०, २६१ बी०।

६. दे०—त्रैमासिक 'साहित्य' (वर्ष ६, अंक ७)—कवि कुशलसिंहकृत 'रामरतनगीता' शीर्षक लेख ; श्रीपरमानन्द पाण्डेय, (पृ०-सं० ६२)

१९—परमानंददास (३२)—पंजाब प्रान्तस्थ दोदा (मुज्जर) [illegible] सं० ११३१ (=) १८७८ ई० के लगभग [illegible]। [illegible] का [illegible] को इनकी रचना खोज में मिली है।[1]

२०—बिहारीलाल (७[illegible])—हिन्दी के प्रसिद्ध कवि [illegible] सं० १७१० वि० के लगभग वर्तमान [illegible] मिर्जा के आश्रित कृष्णदास के पुत्र [illegible] लिखी है। ये नवरत्नों में [illegible] है। [illegible] पाण्डुलिपियाँ [illegible] ([illegible]) के खोज में [illegible] हैं, जिनका लिपिकाल है—

क्र० सं०	लिपिकाल	खोज विवरण-काल	[illegible]
१	१७१६ वि	१९०० ई	[illegible]
२	१७७५ वि०	१९०१ ई०	[illegible]
३	१८०३ वि	१९ [illegible] ई०	[illegible]
४ (टीका)	१८,७ वि (टीका-काल १७७७ वि०)	१९ [illegible]	[illegible]
५ ”	”	१९०४ ई०	[illegible]
६ ”	१८३३ वि ”	१९०१ ई	[illegible]
७ ”	१८५० वि		
८ ”	१८५१ वि	१९ [illegible]—१९०[illegible]	[illegible]
९ ”	१८२८ वि०		
१ ”	स १८४ (= १७८३ ई०)	१९२[illegible]— [illegible]	[illegible]
११	सं० १८९८ वि (= १८४१ ई०)	१९ [illegible]— [illegible]	[illegible]
१२	स १९० वि (= १८४३ ई०)	१९ [illegible]—[illegible] ई०	[illegible]
१३	—	१९ [illegible]— [illegible]	[illegible]
१४	१७६२ वि (= १७ [illegible]) ई०	१९२६— [illegible]	[illegible]
		१९ [illegible]— [illegible]	[illegible]

इसके अतिरिक्त इसी विवरणिका में [illegible] प्र० सं० २१ [illegible] अन्य पाण्डुलिपियाँ भी इसी खोज में मिली है। [illegible]

(क) खो० वि —१९२ —२२ प्र सं २०, २३, २२ [illegible]।

२१—भुवाल ([illegible]७)—भगवद्‌गीता [illegible] अनभुवाल और भुवाल [illegible] खोज विवरण में भी इनकी [illegible] खोज विवरण—१९ [illegible]—११ ई०, [illegible] का हस्तलेख-समय है १७६[illegible] वि०।

---

१ [illegible]—ना० प्र० स० काशी १९२६-२१, प्र० [illegible]।

५२—ग, ५३—ग, ५४, ५५, ५६, ५७—क, ५७—ख, ५७—ग, ५७—घ, ५८, ५६, ६०—क, ६०—ख, ६०—ग, ६०—घ, ६१—क, ६१—ख, ६२—क, ६२—ख, ६२—ग, ६३, ६४, ६५—क, ६५—ख, ६५—ग, ६५—घ) बिहार-प्रान्तस्थ शाहाबाद जिलान्तर्गत धरकंधा-निवासी, जन्म सं० १७३१ वि० और मृत्यु सं० १८३७ वि०, पीरन शाह के पुत्र, दरियापंथ के प्रवर्त्तक।[1] नागरी-प्रचारिणी-सभा (काशी) को भी इनकी रचनाएँ खोज में मिली हैं। इस विवरण में इनके ग्रंथों की सत्तावन पाण्डुलिपियाँ हैं।

३०—सूरदास (४३)—हिन्दी के सुप्रसिद्ध कवि, वल्लभ-सम्प्रदाय के वैष्णव भक्त और अष्टछाप के कवियों में प्रमुख, व्रजवासी, सं० १५४० वि०से १६२० वि० तक वर्त्तमान। नागरी-प्रचारिणी सभा (काशी), लि० का०—सं० १८६०, सं० १८७३, सं० १८६६ और सं० १८५३) और मन्नूलाल पुस्तकालय (गया) (लि० का० सं० १८५७ और १६२४) के संग्रहालयस्थ हस्तलेख से यह पाण्डुलिपि प्राचीन है। इसका लिपिकाल सं० १८२५ वि० है।

३१—हरिदास (८७)—'रासलीला' के नवोपलब्ध ग्रंथकार, 'हरिदासस्वामी की बानी' नामक ग्रंथ के रचयिता, हरिदास से भिन्न[2]; सं० १७२७ वि० के लगभग वर्त्तमान।

---

१ दे०—सन्तकवि दरिया एक अनुशीलन, डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री, प्रकाशक—राष्ट्रभाषा-परिषद् पटना—३।
२. दे०—ना० प्र० स० का०, खो० वि० १६०५, ग्रं०-सं०-६७, खो०-वि० १६०६–११, ग्रं०-सं० १०६ बी।

हस्तलिखित पोथियों का विवरण

[१] श्रीमद्भागवत (हरि चरित्र)—ग्रंथकार—लालचदास। ग्रंथलेखक ×। अवस्था—अत्यन्त प्राचीन हाथ का बना देशी कागज। पृष्ठ-संख्या—१८७। प्रति पृष्ठ पंक्तियाँ लगभग ४ । लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लेखनकाल—संवत् १८५८ आषाढ़ सुदी ७ रविवार।

प्रारम्भ— पुनीवचनुश्रुति महीश्राही चउ अपन मुनदेहु वीवाही
बीनतीकी हसीस मुरना। देहुप्रसाद माही कीरत गाथाद '

अंत— ऐसे जगदीस्वरजाहै तेहीसेनहुनरनाह॥
चरनसरन जन लालच हरीसुमरहु मनमाह
इतिश्रीहरीचरीत्रे दसम सकंधे श्री भागवते महापुराने कीरत बैकुंठ
सीघारननोनाम ऐकानवैमा अध्याये।'

विषय—भागवत महापुराण अध्याय ५ से अध्याय ६१ तक। दोहे और चौपाइयों में रचना की गई है।

टि०-(१) यह ग्रंथ अत्यन्त प्राचीन है। ग्रंथ के प्रत्येक पृष्ठ पर पृष्ठ-संख्या के साथ 'लालच' लिखा हुआ है जो ग्रंथकर्ता के नाम का सूचक है। ग्रंथ के अनेक स्थलों में और अध्यायों के अन्तिम दोहों में यह नाम आया है। यथा—पृष्ठ ४६ में—

'जननालच के ठाकुर मोक बेद पर मान।
बैरी रूप जो ध्यावे पावे पद नीरवान।

(२) ग्रंथ के लिपिकार ने आदि या अन्त में अपना परिचय नहीं दिया है। ग्रंथ की लिखावट ठीक नहीं है। भाषा राम-चरित-मानस की सी है।

(३) ग्रंथ की लिखावट में ख के लिए 'ष' और 'ष' के लिए ख लिखा है य में नीचे चिह्न देकर 'य' लिखा गया है।

(४) यह ग्रंथ श्रीरामेश्वरप्रसाद गुप्त मंत्री—वैदिक-पुस्तकालय पुनपुन, (पटना) के सौजन्य से प्राप्त हुआ है।

[२] संपूर्ण रामायण—ग्रंथकार—गोस्वामी तुलसीदास। लिपिकार—गयादत्त पाण्डे। अवस्था—अच्छी। पोथी सचित्र। पृष्ठ-संख्या—५३। प्र०-पृ० ५० लगभग ६०। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लेखनकाल—

सं० १६२२, आश्विन कृष्ण सप्तमी, तारीख ११।

प्रा०—"जड़ चेतन जग जीव जत सकल राममय जानि।
बंदौं सबके पदकमल सदा जोरि जुग पानि।
देव दनुज नर नाग खग प्रेत पितर गंधर्व।
बंदौं किन्नर रजनिचर कृपा करहु अब सर्व ॥७॥"

अन्त—"यह सुभ शंभु उमा संवादा सुख संपादन समन विषादा
भव भंजन गंजन संदेहा जन रंजन सज्जन प्रिय एहा।"

विषय—भगवान् रामचन्द्र की जीवन-कथा।

टि०–(१) यह ग्रंथ लीथो किया हुआ है। इसमें कथा से सम्बन्ध रखनेवाले चित्र भी दिये हुए हैं।

(२) ग्रंथ के अन्त में लिखा है—"यह ग्रंथ संवत् १६२२ आश्विन कृष्ण सप्तमी, ता० ११ को अनन्तराम अग्रवाल के यहाँ श्री गयादत्त पाण्डे के द्वारा आनन्दवन छापाखाने में छपा। स्थान श्री काशी विश्वनाथपुरी, मुहल्ले शिवालयघाट में।" छापाखाने का अभिप्राय लीथो-छापाखाने से है।

(३) यह ग्रंथ श्री विष्णुदेव शर्म्मा, जमींदार (ग्राम-खोरमपुर, डा० छितरौर, बेगूसराय, जि० मुंगेर) से प्राप्त हुआ है।

[३] रामायण—ग्रंथकार-गो० तुलसीदास। लिपिकार-×। अवस्था—अत्यन्त प्राचीन, देशी कागज। पृष्ठ-संख्या—१७७। प्र० पृ० प० लगभग ४२। लिपि—नागरी। रचनाकाल-×। लेखनकाल—सं० १८४७, फागुन सुदी पंचमी, बुधवार।

प्रारंभ— (चौपाई)

"चहुजुगनीनीकालतीहुलोका भयेनामजपीजीववीसोका
स्रुतिपुरानसंतमतऐहू सकलसुक्रीनफलनकल सनेहू
ध्यानप्रथमयुगमखहुजपुजी द्वापर परितोखनपरीपुजी
कलीकेवलमलमुलमलीना पापपवोनीधीजनमनमीना"

अन्त— (सोरठा)

"सीअरघुवीरवीवाहजनप्रेमगावहीसुनही
तीन्हकहपरमउछाहु मगलाएतन रामजस
इतिश्रीरामचरित्रेमानशेशकलकलीकलुखवीधसीनोनाम
अपीरसीभगतीवीग्याननोनामप्रथमपानशमापनवालकाडसंपूरन
पडीतजनसोवीनतीमोरी छुटलवाढ़लपरहव सवजोरी सीभमस्तु"

विषय—श्रीरामचन्द्रजी की कथा। केवल बालकांड है।

टि०–(१) 'राम-चरित-मानस' की प्रकाशित अन्य प्रतियों से इसमें पाठ-भेद है। यथा—प्रारम्भ के 'चहु जुग' में, प्रकाशित प्रतियों में, 'वेद-पुरान-

सत-मत एहू के स्थान पर 'स्मृतिपुरान और ध्यान प्रथम-जुग मख विधि दूजे के स्थान पर 'मख दुज पुनी' लिखा है। अन्त के सोरठा में— सियरघुबीर बिवाह जो सप्रेम गावहि सुनहि के स्थान पर रघुबीर बिवाह जस प्रेम गावही है।

इसी प्रकार अन्य कई स्थानों पर सीतानाथ के लिए 'जानकीनाथ' शब्द आया है।

(२) ग्रंथ में मात्राओं का ह्रस्व दीर्घ का कोई विचार नहीं है।

(३) ग्रंथ में दोहे-चौपाइयों की संख्या नहीं दी गई है।

(४) ग्रन्थ के प्रारम्भ के ६ पृष्ठ नहीं हैं। प्रारम्भ दोहा-सं० ४२ के बाद चौपाई से हुआ है।

(५) यह ग्रंथ श्री रामेश्वरप्रसाद (मंत्री वैदिक पुस्तकालय पुनपुन पटना) से प्राप्त हुआ है।

[४] रामायण—ग्रंथकार—गो० तुलसीदास। लिपिकार—×। अवस्था—अत्यन्त प्राचीन देशी कागज। पृ० सं० ६ । प्र० पृ० ५० लगभग ४०। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—सं० १४८८, आषाढ़ वदी षष्ठी, मंगलवार।

प्रारम्भ— श्रीगनेसायेन्मह श्रीभगवानजी सहाऐ श्रीगनानीसहाऐ श्रीहनुमानजी सहाऐ श्रीपोथअजोध्याकान श्रीतुलसीदासजीका—

(श्लोक)—वामांकेचवीभातीभुधरसुतादेवापगामस्तके
भाल्वेवालाव्रीधुगुरुलेच रले अरस्वारसी व्यालरा
सवीगेएवीसुलीभूसनवर सवाधीप सरवा
सायऐशजगतहीवमसीनीभग श्री शंकरपातुमा ॥१॥
प्रसन्तामास्वागताभीखेरस्थान वनवास दुख्तीतालद
मुखाम्बु ज श्ररघुनन्दनमनमदामुमजुलमगलप्रद्र ॥२॥
नीलाम्बुजस्यामलकोमलगमत्सीतारवाम्बुपीत वामभाग
पानी महामाऐक चारुचाप नमामीरामरघुबसनाथं

(दो०)—श्रीगुरुचरनसरोज रज नीजमनमुकुरसुधार
बरनोरघुबरवीमलजस जोदाऐकफलचारी

अन्त— (सोरठा)

भरतचरीतकरनेम तुलसीजेशादरकहहीं
सीयाराममपदप्रेम अवसीहोऐभवरीसवीरती

विषय—श्रीरामचन्द्रजी की कथा। अयोध्याकाण्डमात्र।

टि०-(१) अन्य प्रकाशित प्रतियों से पाठ भेद है। यथा—अन्त की पंक्ति में (प्रकाशित प्रति में)—'तुलसी जो सादर सुनहिं' है, और इसमें 'तुलसी ज शादर कहहीं' है। अन्तिम चरण में अवसि होइ भवरस

विरति' है। इस ग्रन्थ में—'अवसि होऐ हरि-पदवीरती' है। इसी प्रकार अन्य स्थलों पर भी पाठ-भेद है।

(२) ग्रंथ-संख्या ३ और ४ के लिपिकार एक ही व्यक्ति प्रतीत होते हैं; क्योंकि दोनों की लिपि और लेखनशैली एक-सी है। ग्रंथ-सं० ३ को सं० १८४७, फागुन सुदी पंचमी को समाप्त करने के बाद, ३ मास ६ दिन में, ग्रं०-सं० ४ (अयोध्याकाण्ड) को, १८४८ संवत् में आषाढ़ वदी षष्ठी को समाप्त किया है।

(३) इन दोनों ग्रंथों का लिपिकार ही भागवतमहा-पुराण (ग्रंथ-सं० १) का भी लिपिकार है। इन दोनों के लिखने के बाद संवत् १८५८ में उसे लिखा है।

(४) बाल-काण्ड के समान ही इसमें भी दोहों और चौपाइयों में संख्या नहीं दी हुई है।

(५) यह ग्रन्थ भी श्रीरामेश्वरप्रसाद (मंत्री, वैदिक पुस्तकालय, पुनपुन, पटना) से प्राप्त हुआ है।

[५] **संपूर्ण रामायण**—ग्रन्थकार—गो० तुलसीदास। लिपिकार—चुन्नीलाल। अवस्था—प्राचीन, देशी कागज। पृ०-सं० २९७। प्र० पृ० पं० लगभग—४४। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लेखनकाल—सं० १८५६, वैशाख सुदी २, मंगलवार।

प्रारंभ— (चौपाई)

"वीधुवदनी सवभातीसवारी सोहन वसन वीनानरनारी।
सवगुनरहीतकुकवीकीत वानी रामनाम जस अंकीतजानी॥"

अन्त— (दोहा)

"मोसमदीननदीनहीत तुम्हसमानरघुवीर।
असवीचारी रघुवंसमनी हरहुवीसम भीभीर
कामीहीनारीपीआरीजीमी लोभीहीप्रीयजीमीदाम
तीमीरघुनाथनीरतर॰ प्रीअलागहुमोहीराम॥ संपूरन
इति रामचरीत्रे मानसेमकलकलीकलुखवीधंसनो वीमलवीग्रानसवादीनो नाम सप्तमोपानउतरकाडसमापतह मीवीरस्तु सुभमस्तु॥
इति श्री पोथी रामायेनशातोकाड कीततुलशीदासकथासंपुरनजथादरसतथा लीखते ममदोषनहीजेते 'पढीतजन सो वीनती मोरी छुटल अछर पठवशवजोरी॥'
दसपत दासनके दासखेवक चुनीलाल काएथकान वाशीदेरानीपुर कशवा॥ शवत् १८५६ शाल मीती वैशाषसुदी २ रोज मंगल को पोथी तैयार हुआ पोथी के मालीक षुशीहालशाहु जौनपुरी शुत हुकम-शाहु के वींददीहु शाहु वाशीदे रानीपुर कशवा—शुवे वीहार।"

विषय—श्रीरामचन्द्र-कथा।

टि०–(१) लिपि प्राचीन तथा अस्पष्ट। मात्रा, ह्रस्व, दीर्घ आदि का भेद नहीं। प्राय सभी स्थानों में ह्रस्व इकार के लिए दीर्घ इकार का प्रयोग किया गया है।

(२) यह ग्रंथ स्पष्ट करता है कि लिपिकार यद्यपि जौनपुर के किन्हीं शाहजी के यहाँ रहते थे, तथापि उनका निवास-स्थान बिहार प्रांत था।

(३) यह ग्रंथ श्रीरामहरि (मंत्री आर्य वैदिक-पुस्तकालय, गुलज़ारपुर पटना) के सौजन्य से प्राप्त हुआ है।

[६] नन्दकोष (नाममाला प्रथम खंड)—ग्रंथकार—नंददास। लिपिकार–×। अवस्था–प्राचीन, अव्यवस्थित। पृष्ठ सं —२४। प्र पृ पं लगभग ३०। लिपि—नागरी। रचना-काल—×। लिपिकाल–×।

प्रा०—॥ 'लतानाम ॥ मनती विसतीव लरी विसनीलतावीतान ॥
अमरबेलि नीमिमूलवनीतीप्रतुअदेपीमान ॥१११॥
प्रिनम नाम ॥ इष्टदयितवल्लभसपानीतम परम सुखान ॥
पिय प्यार ।'

अंत—॥"जुगल नाम ॥ यमल जुगल जुग उभयपुनिमिथुनवीवीवीय ॥
जुगलकिशोर यथा सदा नंदलाल के हीय ॥२७१॥'
इति श्री नाम माला प्रथम खंड नंदकोष नंदलालदासकृत भाषामनित समाप्तम् ॥ सिद्धिरस्तु शुभमस्तु'

वि —हिन्दी भाषा के शब्दों के पर्याय।

टि०--ग्रंथ के अंत में नाम का पर्याय देकर २७१ सं० से स्पष्ट होता है कि ग्रंथ बड़ा होगा। प्रारम्भ में ११० नामों के पृष्ठ नहीं हैं। ग्रंथ फटी हुई अवस्था में प्राप्त हुआ है॥ पृष्ठ १० तक नहीं हैं। नाममाला प्रथम खंड से ज्ञात होता है कि ग्रंथ के और भी खंड हैं। यह ग्रंथ कविराज श्री नरेन्द्रनाथ वैद्य (मद्दना—मोगलपुर भागलपुर) के सौजन्य से प्राप्त हुआ है।

[७] (क) सतनाम–(भगत महातम कथा)—ग्रंथकार—× लिपिकार—गायनलाल। अवस्था—ठीक नहीं है। ग्रंथ जीर्ण-शीर्ण है। पृष्ठ-सं —२३। प्र० पृ पं, लगभग ४०। आकार प्रकार—८" × ७"। भाषा–हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल–×। लेखनकाल—सं० १९०८, बैशाख सुदी पंचमी रविवार।

प्रा०— भगती करै याती काकी नाद ॥ आन नारी पर चीत न डालाइ ॥
प्रसंसे भगवान अरथ मामा ॥ रवाती सुद बीन्ह मरे पीमासा ॥
ऐसे राम भगति सो आही ॥ दासरी सदा करपे नाही ॥'

अंत— (दोहा)

"संतन्ही के प्रसंग ते ।। पापी उनी को पाऐ ।।
जे सो चन्दन क साथ मे ।। औरो काठ वसाऐ ।।
संत की संगती जो करे ।। पावे अन्त सुख वास ।।
भगती प्रतीग्या देखी के ।। जन को भऐ जो त्रास ।।"

इति श्री भग्ती महात्म दुखहरन समत्रास नेतारन सकल मानवतार जमराए दुत संम्वादे नारद संन दीठा वो सो श्री संसार भग्मायो सो नाम द्वादसमो अध्याय ।।१२।। सपूरन ।

इति श्री भगत महातम ग्रन्थ सम्पूरन समापतह । जो देखा सो लीखा मम दोख नही अंत सक्ल संत सौ वीनती मोरी छुटल अक्षर मात्रा पठत सब जोगी पोथीक मालीक श्री श्री श्री स्वामी गोपालदासजी मोकाम सा० तेघरा प्रग० मलकी पुस शुदी तीन तीथ्रा रोज सेनिवार को अढाई पहर दीन उठते तैआर भेल दखसत ।"

वि०—भक्ति, सत्संगति और मोक्ष के आधार पर नारद के साथ राजा का संवाद दोहे और चौपाइयों में ।

टि०—ग्रंथ के, प्रारम्भ के ५ पृष्ठ नहीं हैं । इस ग्रंथ के साथ ही दो ग्रंथ और भी संबद्ध हैं, जिनका विवरण नीचे है । यह ग्रंथ कबीर मठ रोसड़ा, (दरभंगा) के महंत श्रीअवधदास साहब के सौजन्य से प्राप्त हुआ है ।

(ख) भौपालबोध—(भूपालबोध,—ग्रन्थकार—× । लिपिकार—गोन्दरलाल । अवस्था-प्राचीन, देशी कागज, विपर्यस्त । पृष्ठ-सं०—६, प्र० पृ० पं० लगभग—४० । आकार-प्रकार-८"×७" । भाषा-हिन्दी । लिपि—नागरी । रचना-काल-× । लेखनकाल—सं० १२७८, आषाढ़ सुदी चतुर्दशी, शनिवार ।

प्रा०—"चौपाई ।। धर्मदासो वचनं ।।
धर्मदास कहे वदी छोरा । कैसे जीवन भारत थोरा ।।"

अंत— (सोरठा)

"सोहं साईं सहीऐ ।। सबद सार तासे कहो ।।

ऐती श्री ग्रन्थ भौपलबोध संमपूरंन समापतह जो देखा सोलीखा मम दोष नेही अंते सकल संत सो वीनती मोरी छुटल अछर मेत्रा पठव सब जोरी मीती आषाढ सुदी चतुरथी रोज सनीचर के डेढ पहर दीन उठते ग्रन्थ तैआर भेल ग्रन्थ के मालीक श्री गोसाईं गोपालदास साकीन तेघरा प्रगने मलकी द अर्धीन सत गोन्दरलाल साकीन बौनी प्रगने मलकी ता० २६ असाढ रोज सनीचर स० १२७८ साल ।।',

वि०—धर्मराज, ज्ञानी और भूपाल के परस्पर वार्त्तालाप द्वारा जीवन, ज्ञान, मोक्ष और जीव के संबंध में विवेचन । साखी, दोहा, सोरठा और चौपाइयों में रचना ।

टि०—इस ग्रंथ के साथ दो पृष्ठों का नेहान्तस लिखित 'अमरमूल' भी है। क और स दोनों ग्रंथ एक जिल्द में एक साथ ही हैं। यह ग्रंथ श्री महंत अवधदास साहब—रामद्वा (दरभंगा) कबीरमठ—के सौजन्य से प्राप्त हुआ है।

[८] असज्जनमुखचपेटिका—ग्रंथकार—रामानुजाचार्य। लिपिकार-भीष्मदास। अवस्था-अच्छी। ग्रंथ अपूर्ण। पृष्ठ-सं —८। प्र पृ० प० लगभग—२४। आकार प्रकार—१४' X ८½"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—X। लिपिकाल—संवत् १९१०।

प्रा०— श्रीमतेरामानुजाय नम श्रीमद्भागवत नौमि यस्यैवस्य प्रसादत अज्ञातानपि जानाति मन सर्वागमानपि १
रामानुजाचार्यकृता सज्जनमुखचपेटिका तामहतु मीमास्ये मा श्रीमद्भागवतद्विषा २
तदय भाषाया कुर्व दुर्जनाना हरिद्विषा मुखचपेटिका सर्वे महातो हृदिधीयता ३

कवित्त-वेद औ पुराण मूल सकल सराहै जाहि
ताहि ना बतावै बोपदेव कृत भड़ुआ
शंकर सराहै मधुसूदन सराहै जाहि
श्रीधर सराहै ताहि मानो नहि गड़ुआ
वीर एहै नाहि धमचक्रवर्ति ग्रन्थ का प्रमाण सब
नागोजी तिलक किया शु तिया के कडुआ
भट्टोजी प्रमाण किया विदित जहान माहि
कैसे के छुकावौ सार बयल कद अडुआ १

अंत—कहि कहि थकि गया वेद औ पुराण मुनि
जानत जहान मन लाग भकुआए हैं।
भूलि है पुराण राह गहि है गवार बौद्ध ता
त कविता द्वार हमहु बताए है॥
नीक लागै सोइ करो तुम्हा भार सोइ परो
तुम सा ता हम नाहि कवा कछु पाए है।
दीन देखि सरल भरासे दास रामही के
मैं ता समुझाइ बश कछु कलपाए है॥४२॥
हाथ जारि माथ नाइ व्यासजी के लाडिला के
चरण कमल रज मेरो धन ऐही है।
नाम शुकदेव जा बखाने एक भागवत
भागवत आप कृस्नचन्द के सनेही है॥
जासु रीति भांति सूत सकल सराहि गए

ताहि को भाव कहवेया कौन देहो है।
तहा मेरो जीभि तो गवाही देत सकुचत
हारि मानि रहत न जात कहि मेही है ॥४३॥'
यदि गालपा भवेदीर्षा परलोक हितात्मन ।
भवद्भिरुच तथा नद्भिर्मदीयता मयम् नवंश. ॥४४॥
नीचे करुणा या प्रोक्ता मगीकारतया शुभा ।
गृहणीन सुधियो गार्ली भवंतो हि सु मावव ॥४५॥
श्रुतिस्मृतिनिमाचारविरोधावेशगेपन ।
कुर्न यम नना मर्वाक वाणया सुत्र चपेटिका ॥४६॥
इति श्रीमज्जानकी प्रसादकृता गज्जनमुख चपेटि समाप्ता सवत्
नुर्नसेदम लिप्यन भीष्मदास वैरागी कबीर पंथी ॥"

वि०—उस ग्रंथ में लोक-प्रचलित अवतारवाद, पुराण आदि सम्मतसिद्धान्तों की आलोचना की गई है।

टि०—कबीरमत से सम्बन्धित विचार। ईश्वर के सम्बन्ध में भी विवेचन। वेद, पुराण, उपनिषद्, भागवत आदि पर लेखक के अपने विचार। कबीरदास की जैसी तीखी भाषा का प्रयोग। यह ग्रंथ, महंत श्री अवधदास साहबजी, कबीरमठ, (रोसड़ा, दरभंगा) के सौजन्य से प्राप्त हुआ है।

[६] भक्तमाल—ग्रंथकार—नाभास्वामी। लिपिकार—भीष्मदास। अवस्था—प्राचीन, हाथ का बना देशी कागज। पृष्ठ-सं०-३५४। प्र० पृ० प० लगभग-३३। आकार-प्रकार—१०"×६½"। भाषा—हिन्दी। लिपि-नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—सवत् १६०७, फाल्गुन शुक्ल एकादशी, रविवार॥

प्रा०—"श्रीकबीरसाहिबाय नमः॥ श्री हरिगुरुवैस्नवभ्यो नमः॥ अथ श्री भक्तमाल टीकासहित लिख्यते॥ तहा अर्थ भक्तमाल मैं लिख्यो है॥
भक्त भक्ति भगवतंरु सो व्यारिन रूप लिख्ये है॥
तहाँ हरि को रूपन लिख्यो जाय। क्योंकि कठिन है कवित्त॥
रूप की अवधि ऐसी औरन बनाई विधि जाके लपिवे को लाल देवता मनाइवो ताकि सोभालपिवेको वैठत।
गरब करि अनत हि मन होत घूमि घन नाइवो।
ऐसी भाँति आप आप कूर कहिवाय गये चतुर
चितेरे तिन्हें कहाँ लों गिनवाइवो॥ कृस्न प्रान प्यारे वह चित्रनि
विचित्र गति कान्ह पैन बनै वाके चित्र को बनाइवो॥१॥
लिखन बैठी जाकी छवि गहि गहि गरब गरूर।
भये न केते जगत क चतुर चितेरे कूर

चतुर चितेरा ना लिखै रचि पचि मूरति लाल।
यह चितवनि यह मुरिचलनि कैसे लिखै अमा॥
कठिन लिखन अतिसय महा कैसे के लिखि जाय
यशुदा सुत के बरन वपु कहा मोहि समुझाय॥
सुत्तर मन गात आन में राके के हितचित मति करि एक॥
लिखै मधुर मूरति विसद जीवन सुरूप टेक॥३॥'

कवित्त

अन्त— समर में लरयो जाय गिरिहू गिरयो जाय
गगन में फिरयो जाय पावक में दहियो
कानन में रह्यो जाय विरह हू सह्यो जाय
पाल कर गयो जाय और कहा कहिबो।
हलाहल पियो जाय करतब कियो जाय
सर्व सुनियो जाय मौखि का कहिबो।
और दुख पाहु सो दुसह कठिन ऐसो
जैसो काहू कर संग एक छिन रहिबो॥

विषय— श्रीकृष्ण जीवन सम्बन्धी प्रसिद्ध पाथी।

टि०— इस ग्रंथ में एक साथ ही कई टीकाकारों की टीका प्रतीत होती है। लेखन शैली प्राचीन है। ~~टीकाकार प्रियदास हैं।~~ दूसरे टीकाकार नारायणदास हैं। ज्ञात होता है नारायणदास ने मूल की टीका की है और प्रियदास ने उस टीका की भी टीका की है। ग्रंथ के अन्त में लिखा है—

अस्तुति श्री मूलकार नारायणदास जू की॥ छप्पै॥
नमो नमो महाराज नमो श्री नाभा स्वामी
गुण निधान सब जानकार नृप अंतर जामी
भक्त माल सुख जाल भक्तिरस अमृत भीनी
भवसिन्धु को तरन धर्म नौका यह कीन्ही
भागवत धर्म सब सुकधर को चतुर्वेद प्रगट्यो मही
जन नारायण के आस यह चरण सरण राखो सही॥१॥

दोहा—बार बार बन्दन करो नाभा आभा ऐन
कारनागा सा वन का श्री भक्तमाल सुख देन॥
अथ निखर प्रार्थना (सम्भवत इसका अभिप्राय है—लेखक की पाठकों के प्रति अभ्यर्थना)—
नाभा स्वामी मूल कृत तिलक प्रियादास कीन्ह
वैस्नव पुनि पयाय करि ताल अनुग लिखी लीन्ह १
जो टिप्पन पूरब किय वैस्नवदास प्रमाण
सो मम मथन भीन कृत छोम दन गुरु आण २

पुनि ह्वै टिप्पन स्फुजि हिल ठौर ठौर जीन
कीन्ह दास दास के दास हुन लाल दास मनहीन ३"

इससे ज्ञात होता है कि प्रारम्भ में 'तिलकप्रिया' टीका किसी ने की थी। बाद में 'हिम्मतदास', 'खेमदास' और 'नागमरणदास' तथा 'प्रियादास' ने व्याख्या की है।

टीकाकार ने गीता के अतिरिक्त बिहारी और सूर के भी उद्धरण दिये हैं। ग्रन्थ के अन्त में लिपिकार ने अपने विषय में लिखा है—

"श्रोता बरता जुगल सो तीनें रस कर जोरि
लघु दीनान अच्छर पर्यो सो सब बांचिय जोरि
नाभा कृत जो मूल है टीका कृत प्रियादास
पुनि देस्नव टिप्पन कियो भक्तमाल गुन गास ॥
फागुन मास के पन में शुक्ला पक्ष के बीच
तिथी एकादशी जानिये रत्यादन के बीच
सम्मत अत्तर्द्धैन के मास रसागर जान
भीष्मदास पुस्तक लिपी गर्गीनाग परमान ॥६॥
रूहूल गाय के दक्षिन परगन्ना स्थान
तथा बैठि पूरण कीये गुरु पद सहिहिंनि ध्यान ॥७॥"

इस ग्रंथ के अनुसंधान से सम्भावना है, इस महत्व की सामग्री प्राप्त हो। यह ग्रंथ अवधदास साहब महन्त, (कबीरमठ, रोसड़ा, दरभंगा) के सौजन्य से प्राप्त हुआ है।

[१८] भक्तमाल—ग्रन्थकार – नाभाजी। लिपिकार—भीष्मदास। अवस्था—अच्छी। प्राचीन, हाथ का बना, देशी कागज। पृष्ठ-संख्या—६३। प्र० पृ० पं० लगभग २६। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—कार्तिक, शुक्ल, तृतीया सं० १६३४, (सन् १८७७) गुरुवार।

प्रारम्भ— "श्री गणेशायनम ॥ अथ श्री भक्तमालटीका लीन लिख्यते ॥ टीका करता को मंगलाचरण ॥"

कवित्त ॥

"महाप्रभु कृस्नचैतन्यमनहरन जू के
चरन को ध्यान मेरे नाम मुख गाइये ॥
ताही समै नाभा जू ने आग्या दई लई
धारि टीका विस्तार भक्तमाल की सुनाइये ॥
कीजिये कवित्तबंध छंद अति प्यारो लगै
जगै जगमाही कहनायी हिमाइये ॥
जानौं निज मति ऐपै सुन्यौ भागवत
सुक द्रुमनि स्रौर फिरी ऐसै ही कराइये ॥

अथ टीका को नाम स्वरूपवर्नन ॥

यदि कविताई भूषन लगै जिनके सुनाइ
औ नवा पुनिरुक्त लै मिटाइ है ॥
अक्षर मधुरताई अनुप्रास जमकाइ अति
छवि छाइ मानो भरी सी लगाइ है ॥
काव्य की बड़ाइ निज मुख न भलाई होत
नाभाजू कहाइ ताते पौढ़िक सुनाइ है ॥
हृदय सरसाइ जो पै सुनिए सुनाइ यह
भक्तिरस बोधनी सुनाम टीका नाइ है ॥

अंत— स्वारथ के साधवे को आनके अराधवे को
गीननिके बांधिवे को भारत सुभाय को ॥
कोमल कृपा लहद संतनिको सदाचार
दुर्जनउदारता साधैं बरो जलधाम कै ॥
आलसी आलाम सुखधाम रामचंद्र भूयो
भयो भवसिंधमाहि कूद्यो घन पाय कै ॥
करसी कुचाल भाल मालाहून तिलक भाल
ऐसे भक्त मालहि कीजे कहलाय कै ॥६१०॥

नाभा स्वामी जू की अस्तुति ॥

छप्पै ॥ 'नमो नमो महाराज नमो श्री नाभा स्वामी
गुन निधान सब जान कान त्रिये अंतरजामी
भक्तमाल सुख आलभक्ति रस अमृत भीनी
भक्त सिंधु को तरन परम नौका यह कीनी
भागौत धर्म सब कथन को चतुर वेद प्रगट्यो मही ॥
जन लालदास के आस यह चरन सरन राखो सही ॥६११॥

दोहा— बार बार बंदन करों नाभा आभा चैन ॥
पढ़या गाभा वेद को भक्त मान सुख देन ॥१॥

इति श्री भक्तमाल मूल टीका सहित सम्पूर्ण समाप्त ॥१॥

विषय— भक्तिकाव्य ।

टि०-१—यह भक्तमाल सटीक है। टीका की शैली प्राचीन है। भाषा रामचरित-मानस से मिलती जुलती है। यद्यपि पोथी के प्रारम्भ या अन्त में टीकाकार के नाम का स्पष्ट संकेत नहीं है तथापि कुछ स्थानों से प्रकट होता है कि इसके टीकाकार श्री लालचदासजी हैं। इनके और भी ग्रंथ हैं। उनसे भाषा-साम्य है। ग्रंथ के अंत में जनलालदास ने अपने नाम की ओर संकेत कर रहा है। इनके अन्य ग्रंथों में भी नाम के लिए ये शब्द आये हैं।

२—पोथी की लिपि प्राचीन है। लिपि पुरानी होने के कारण ही अस्पष्ट है। लिपिकार ने अपने वक्तव्य में लिखा है—'ग्रंथ लिपि समाप्त कीया श्रीरामदास स्वय पठनार्थं ॥१॥ पछि देशहरिया नाहजहां रोड के पास टिल्लिनगर के अग्रेहवपाना ग्राम सो जान रामपोरस मोहे प्रमाननामधि बैठिकै ग्रंथ पूरा कीया श्रीष्म गुरुपदभरि ध्यान ॥१॥ नष सीप पष्ट ग्रीम को लिषत भयो अति कष्ट। सुरष हाथ न छिजीयो नष्ट लिपी नष्ट अष्ट ॥१॥ समतसो विनती मोरी छुटल अक्षर लेव नय जोरी ॥'

इसमें लिपिकार के स्थान आदि का संकेत मिलता है।

यह ग्रंथ कबीर पंथी (तिघरा, मुंगेर) के प्रमुख साधु के सौजन्य से प्राप्त हुआ।

[११] भक्तमाल—ग्रंथकार—नाभास्वामी। लिपिकार—×। अवस्था—अच्छी। हाथ का बना देशी कागज। पृष्ठ-संख्या—१६। प्र० पृ० पं० लगभग—३०। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—×।

प्रारम्भ— "श्री सद्गुरु कबीर साहिबायनम ॥ वंदेह श्रीगुरो श्रीयुत् पदकमल श्री गुरुवैष्णवदास।

श्री रूपसाग्रजानसहगणरघुनाथान्विदमतम् ॥ न सजीवं साद्वैतं सावधूतं परिजननहित कृष्णचैतन्य देव श्री राधाकृष्णपादनर सहगणललितान् श्री विसाखाचितारवम् ॥१॥

चैतोमृगैर्जनाना सततनगता श्री प्रियादासटीका गंधद्रव्यादिलेपाहारि-भकैर्व्यंजनी समन्तात्। सानदासर्वगास्य अवलिवकुलमोशानलना श्री नाभामालाकारेण कृपाचरतिहरिहदि श्रीमतीभक्तिमाना ॥२॥

अथ ॥ वंदोभक्त सुमाल लालितावितली सतनहरण ॥
मेटत कठिन कराल भाल अकवदुगुजन्मके ॥
पैदोतवधूरिगुण नागरनागरमह ॥
कृपा सजीव-निमूरिव्याधिहरण करुणा भवन ॥१॥
रसिकनलोगभूपजोरिपान विनतिकरत ॥
महाराजसुखस्वरूप भक्तमालहि विधि कह्यौ ॥"

पद ॥

अन्त—"मीठेमीठेचापिबेरल्याईभीलनी ॥
कौनसी अचार बरतीनही रंगरप
रतीजाति हू मैं कुलहीनी बनी है कुचीलनी ॥
जूठे फल पाये राम सकुचे न भाय जानि
तुमतो प्रभु ऐसी कीनी रस की रसीलनी
कौनसी तपस्या कीनी बैकुंठ पदई दीनी

विमान मैचगाल ऐसा है सुमीलनी ॥
गोबी प्रीतिकरै काइ नमभीरानुसरै माह प्रीति
ही मोनरि ग गाकुल श्री अहीरनी ॥१॥

एकाश्रा ॥ भक्तयाहमेकया ग्राह्य शुद्धयात्मा प्रियस्थिता ॥
भक्तिः पुनातिमन्निष्ठा श्वपाकानपि संभवात् ॥१॥

विषय— भक्तिकाव्य । आध्यात्मिक और साहित्यिक ।

टि०—१—इस ग्रंथ में गीता पुराण आदि के श्लोकों के उल्लेख द्वारा टीकाकार ने ग्रंथ के विषय की पुष्टि की है। ग्रंथ के मूल और टीका को प्रारम्भ करने के पूर्व टीकाकार ने विभिन्न विषयों पर अपने मत दिये हैं। आत्मा के सम्बन्ध में पृ० सं० ४ में-॥ गीतायां ॥ नैनं छिंदंति शस्त्राणि नैनं दहति पावक न चैनं क्लेदयंत्यापो न शोषयति मारुत ॥१॥ या जीव नित्य है ॥ पूरव अध्यासचन्यौआवै है इत्यादिकन कोलय विक्षेप है परन्तु जीव का नहीं ॥ त्रयकालत्रयावस्थाविषैअपरिछिन्न है याते ध्यान ॥'

टीकाकार ने अपने विषय में पृ० सं० ३ में लिखा है—"श्री अमनरायनदास प्रियाप्रियप्रगनी जीवन रसिकरसाल प्रभु ब्रह्मा पुनिविस्नुप्रभुमर्वममहेस रविशशिवरुण कुबेर अप गणेश सुरेस ॥१॥
जाकी सत्ता पाय के सबही होत समर्थ
अपने अपने दाम के सकल समारत अर्थ
जब जब रत्नम देत दुख काहूदीनवसाय ॥
व्याकुल फिरत बिहाल अति महाकष्ट को पाय ॥

पोथी के टीकाकार प्रियादास हैं। ग्रंथ अपूर्ण है। टीका के पूर्व भूमिका विस्तृत है। पोथी की भाषा अवधि और ब्रज से मिलती-जुलती है।

२—पोथी के लिपिकार का नाम प्रारम्भ या अन्त में नहीं है। लिपि की शैली प्राचीन और अस्पष्ट है। लिपिकार कोई कबीरपंथी वैष्णव साधु प्रतीत है। प्रारम्भ में सद्गुरु-कबीर का नाम लिया गया है। टीका अच्छी है। मा० ला यह अंकेत मूल ग्रंथ के लिए हैं। ग्रंथ में उद्धरण गीता वामन पुराण और पद्म पुराण से लिये गये हैं। ग्रंथ की पृष्ठ सं —४ में हनुमन्नाटक से भी उद्धरण लिया गया है। ग्रंथ अनुसंधेय है।

३—यह ग्रंथ कबीर स्थान (तधरा सुगर) से प्राप्त हुआ।

[१०] सतनाम—ग्रंथकार—×। लिपिकार—×। अवस्था—अच्छी। पृष्ठ सं०—१८। प्र० पृ० प० लगभग—१८। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—×।

प्रारम्भ—(पतले अक्षरों मे)

"ककार है जगत को सादी गुनत्रन तीनों अक्षर त्यागे न हिगहीये
ही वात यौ प्रवान वेद मन तो
ताहिते कहत है कवीर तीन अंक जोर मोर और कहेगत अगत को। २

(मोटे अक्षरों में) क ब्रह्म अमीनामेषु ।। विद्यमाण विशिष्यते रमंते अवभुतानं। यत कवीरस्य उच्यते ।३

(पतले अ०) टीका ।। जल में कवीर और थल में कवीर
पाञ्च तत्त मे बसे कवीर तीनि गुन मे कवीर है।
विद्यमाण जान यौ बिनसना है
जन है कै म निसु दिन उया स्गन मे नीर है
थावर औ जंगम जत जीव जगत मो है
रहो भरपुर जैसे जटित जजीर है
ताहिते कहत है कवीर तीनि अंक जोरि
मोरि मोरि और हिलगावै त अधीर है ।।३।।

(मोटे अ०) मूल ।। क सुख सागोरो दाता ।। बीज ज्ञान तथैव च
रहितोआदि यंतेरा। यत कवीरस्य उच्यते ।।४।।

(पतले अ०) टीका। कहत ककार सुख सागर दातार यहै
ध्यान को मयासागुर ज्ञान बीज बानी है
रटत रकार मोर हित आदि अंत मध्य
कहत नहत जाकी अकथ कहानी है
गुगे के मो गुर जोई खाये सोई स्वाद जाने
चुपचाप होईक कछ बात न वपानी है।
ताहिते कहत है कवीर तीनी अंक जोरि
मोरि मोरि और ही कहैगे ते अज्ञान है ।।४।।"

अन्त—मूल ।। (मोटे अक्षरों में) कपटस्या पट छेद्या ।। विचारो परमार्थक।
रागद्वेष विनासश्च ।। यत कवीरस्य उच्यते ।।२६।।
(पतले अक्षरों में) टीका।—कपट प्रछेदा ।।
"सवते सिरे है पर सुन्य पर कर्न काज कारन ।।
ककार सब जगणि दातार यह ।।
कहत बकार सो विचार करौ ।।
बार बार जन जग माह जानो मानो सार शार यह ।।
राम राम रटबहै आठो जाम काम सोई सोई निजा
नाम धाम धाम है रकार यह ।।
ताही ते कहत है कबीर तीणि अक जोरि मोरि माथे ।।
और नर्क निरधार यह ।।३४।।

(माट अक्षरों में) मूल ॥ कमुन्नाग जथा भावा ॥ विमला चतु्वियागता ॥
घारना सुभ लोकाना । यत कबीरस्य उच्यते ॥३५॥

विषय— कबीरपंथ का दार्शनिक माहात्म्य ।

वि०—१—यह पुस्तिका अपूर्ण है। प्रारम्भ और अन्त के पृष्ठ फट जाने के कारण ग्रन्थ का नाम ग्रन्थकर्ता लिपिकार काल आदि के सम्बन्ध में ज्ञात नहीं होता है। अन्त के कुछ पृष्ठों पर सतनाम लिखा है। यह नाम ग्रन्थ के लिए उपयुक्त प्रतीत नहीं होता। इसमें क आदि वर्णों के आधार पर कबीर की स्तुति दार्शनिक पद्धति से की गई है। मूल ग्रन्थ संस्कृत श्लोक में है और उसकी टीका हिन्दी पद्य में। मूल श्लोक के प्रत्येक के पदान्त में यत् कबीरस्य उच्यते और हिन्दी पद्य के प्रत्येक के अन्त में तीनों अंक जोरि आदि है। सभी ४८ पद हैं किन्तु पृष्ठ-सं० २ से आरम्भ होकर पृष्ठ-सं० १७ तक लगातार हैं। बाद के दो पृष्ठ नहीं हैं। २०वें पृष्ठ में दो पंक्तियाँ मात्र हैं।

२—पुस्तिका की लिपि स्पष्ट और सुन्दर है। लिपि-शैली, यद्यपि प्राचीन है तथापि व 'श्रो 'ब क्रमशः अपने स्वरूप में ही लिखे गये हैं। 'ख के लिए ष और ष के लिए 'य' तथा य के लिए य के नीचे बिन्दु देकर य लिखा गया है। किन्तु य यहाँ अपने शुद्ध रूप में ही लिखा गया है।

३—यह पुस्तिका कबीरपंथी मठ (तिघरा मुंगेर) के एक साधु के सौजन्य से प्राप्त हुआ।

[१२, ग्रन्थकार—×। लिपिकार—प्रेमदास। अवस्था—अच्छी बीच-बीच में फटा है। पृष्ठ—१२०। प्र पृ प लगभग–२८। आकार—। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल–×।

प्रारम्भ—॥मंगल॥

दिनन करो दयाल भक्ति की घन करो ॥
सरदा आपकी लाज यम साहब जिन करो ॥१॥
मद हार विकार घारना का वसै ॥
भगी सुरति नहीं ठहराय नयन कैसे लगै ॥ ॥
पाच तत्व गुन तीन का सागर सा जीया ॥
ऐसा राये मिल माय ता चंदन पाटिया ॥३॥
त्रिगुण फासि फन्दी आप माया मद जाल में ॥
सो सागर के बीच महा जंजाल में ॥४॥
मोह मुक्त जब होय दया जन पै करो ॥
मेरा करा कर्म विकार इस छन्नी करो ॥५॥

मानिव कबीरदहि छोर अग्ज गुरु गानिम ॥
हमरे पतीत उधारि मगन गाहिच ज्ञानिये ॥६॥"

अन्त—॥टेक॥

"मन करि धीन मायाकरि बार्ती अरु ज्ञान करि बाती
पंच तत के दीप नजोया नन अचय दिन राती ॥१॥
चित चंदन ओ ध्यान पुगधन अनहद घट बजाई
अज पाहुनि भाव करि भोजन भन ना भोग लगाई ॥२॥
नवर मुन अपग्यान गावना नाउर पाट लगाई
भीतर हरि पुजि पर मे गुर अन्म पुहुप चढाई ॥३॥
मध मृदंग गग हर धुनि उपजे अनहद बाजै बीन
ब्रह्मा विस्न महेश नारद मगन नाव लोनीन ॥४॥
काल निकदन सुर नर वंदन मतन पुरन अधार
कहे कबीर भक्ति येक मार्गा आवागमन निवारि ॥५॥"

विषय— कबीर साहित्य। दार्शनिक।

टि०-१—पोथी के प्रारम्भ या अन्त में पोथी का नाम नहीं दिया हुआ है। प्रतीत होता है—कबीरदास के अनेक ग्रन्थों का इसमें लघुकाय, संक्षिप्त संग्रह है। इसमें साखी, रमैनी, मंगला, सगलाविलास और नेहरा तथा होरी आदि हैं। रचना सुन्दर, हृदय और दार्शनिक है। स्थान-स्थान पर निर्गुण, रहस्यवादी भावना का बड़ा ही गम्भीर पुट है। यों तो प्राय प्रत्येक पद के अन्त मे 'कहै कबीर' ऐसा लिखा है किन्तु पृष्ठ संख्या ३५ और ३६ मे श्री धर्मदासजी का नाम आया है जो श्री सत कबीर साहब की ही शिष्य-परम्परा में से कोई सम्भव हों। 'सतगुरु' की सर्वत्र चर्चा है। ग्रन्थ अनुसंधेय है।

२—पोथी की लिपि प्राचीन और अस्पष्ट है। प्रारम्भ के ७ पृष्ठ फटे हुए हे और ८ से प्रारम्भ होने पर भी दो पृष्ठ जीर्ण हे। अन्त में भी पोथी अपूर्ण है। पृष्ठ सं० १०१ तक दी गई है, बाद के ४६ पृष्ठों में सं० नहीं दी गई है।

३—यह पोथी श्री कबीरमठ, (तघड़ा, मुंगेर) से प्राप्त किया।

[१४] युगलस्तोत्र—ग्रन्थकार—श्री भट्ट। लिपिकार—×। अवस्था—अच्छी। प्राचीन देशी कागज। पृष्ठ—१०। प्र० पृ० पं० लगभग—२८। आकार— । लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—×।

प्रारम्भ—रागविभास—

"उठत भोर लालजू के संगतें कुंजकी कमल राधिकाप्यारी
खिसी खिसी परत नीलपट सिरतें ससीवदनी नव यौवनवारी
मनभावती लाल गिरिधरजू की रचिहे विधाता सुहथ सवारी

नै था भग्मुरति रग भीनें प्राय सहित दखे निकुज विहारी ॥
प्रात मुन्ति मिल मगल गाव लाल लन्ती को मत्री लन्तावें
रहसिकेलिकहिहीयें भाइ राधामाधव अधिक हिताइ
प्रेम मभ्रमर्के वचन मुनाइ मुदरी हरिमुख दर्शन पाव
भाल विशाल कमलदलननी स्यामास्याम परम मुखदनी
जै जै नुरवरताल बजाव गीतवाद्य मुचाल मिलावें
हीयेंहाव भावलियें थाररतिघृतज्यातिवात विहारा
तनमनमुक्ता चाक पुराव थारनि श्री भग अमिन परचावें ८१

अत— रागकेन्दारी—

फूली कुमुदनी मरन मुहान
नमुनातीर धीर दाऊ विहरत कमल नील कर भाइ
नील वरन स्यामा रुच कीनी अरुन बरन ता हरिमन भाइ
श्री भग लपगी रह अलनकर मानौं मरक्तमीन कनक जाराइ १०२
स्यामा स्यामपदपावे साइगुरु मनति श्रति रीत आ हाइ नइ
मुवन वृषभानु मुतापद भनै तजें मन अति जाइ
श्री भग भक्ति रह स्वामिपन आनक है मनि सब छाइ १०३

दाहा— श्री भग प्रगन्ति जुगलसत पनै कराप्रेकाल
जुगलकलि अवलोकमें मिन्ट निपेजजाल १०४
इति श्री युगल सत सपूर्ण ।

विषय— कृष्णभक्ति-काव्य ।

टि०—१—इस ग्र थ में कविवर भट्ट न राधा और कृष्ण क प्रेम का बड़ा ही आकर्षक और मनारजक वर्णन किया है। इसकी भाषा ब्रजभाषा साहित्य म मिलती-जुलती है। ब्रजभाषा क कवियों के समान ही विभिन्न रागों में रचना की गइ है। एक राग क बाद दाहा का समावेश है। वर्णन बड़ा ही राचक और हृद्य है। शैली मुन्दर है और भाषा प्रभावकारी है। ग्र थ अनुसधय है। ग्रन्थ के प्रारम्भ क दा पृष्ठ फटे हैं।

—ग्रन्थ की लिपि पुरानी और अस्पष्ट है।

३—यह ग्रन्थ श्री कबीरमठ सानपुर के महतजी के सौजन्य स प्राप्त किया।

[१५] सतनाम विहगम—ग्र थकार—गुरु नानक साहब। लिपिकार—×। अवस्था—अच्छी प्राचीन देशी कागज। पृष्ठ—१६२। प्र० पृ० प० लग भग—३०। आकार—×। लिपि—गुरुमुखी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—×।

प्रारम्भ—साखी ॥ हुकम रजा चलनानानकालाम्रयानानाकमकापरमारथतवअमाकहया सिपुआमिननरहनाआरनजाननागभूमवन्नमारमवइसनोटुकुमपरमरवरन्वीचहै ॥

अन्त— "वाहेगुरुनिर्माणहैजापयाहोमपुनीत तिसिपरापतनानकातरातिहंगम चीट,
पोथी— वोवैवमकरलेततसजीया अमृतनामहोताहवीया
हहैहटामूथकरिरावेपी अमृतएहोमनतनतिरापे
जगे ग्यान किथा मनमाहीजोचीनमो मरमैनाही
रारेरागबहुत अनकार नानक जवजव उतरे पार
इतीविहगमनंपरन मुलामुकावलणग्रक्खरलागकनामे'व पढाया।
बोले भाई वाहेगुरुजी, सतगुरुजी, धन्य गुरुजी, वाहेगुरुजी।
एकओंकार सतगुरप्रसाद ॥"

विषय— जपुजी साहब (गुरुजी की प्रथम वाणी)

टि०-१—गुरुनानक साहब के जीवन की एक कथा है—"गुरुनानक साहब सुमेरु पर्वत पर गये, वहाँ गुरुगोरखनाथ और मछेन्द्रनाथ उपस्थित थे। उनके साथ उस समय उनके शिष्य भाई मरदानजी (मुसलमान) और भाई वालाजी (हिन्दू) थे। वहाँ उन लोगों की गोष्ठी हुई। उस स्थान पर श्री गुरुनानकजी ने जो कुछ कहा, वह 'श्री जपुजी साहब' नाम से प्रसिद्ध है।" यह ग्रन्थ-साहब का एक गुटका है।

२—इस ग्रन्थ में 'जपुजी साहब' के अतिरिक्त 'सुखमणी साहब' भी है। 'सुखमणी साहब' पाँचवें गुरु अर्जुनदेव का लिखा है। इसमें उक्त दोनों ग्रन्थों की टीका है। टीकाकार ने मूल ग्रन्थ की टीका के अतिरिक्त अपने भी विचार दिये हैं। ग्रन्थ में, वाणी, साखी और शब्द का प्रयोग है। 'वाणी' सवैया और चौपाई को कहते हैं। यह एक छन्द है। 'साखी' वाणी की व्याख्या है। वाणी को ही 'शब्द' भी कहते हैं।

३—इसमें बहुत-सी वाणियाँ ऐसी हैं, जो प्रकाशित और उपलब्ध 'गुरुग्रंथ साहब' और सुखमणी साहब जपुजी साहब, में नहीं हैं। ग्रंथ अनुसंधेय है। यह ग्रंथ (टीका) अप्रकाशित है।

४—ग्रंथ के लिपिकार कोई उदासीन-सम्प्रदाय (सिक्ख सम्प्रदाय की एक शाखा) के साधु हैं। मूल ग्रंथ और टीका के अतिरिक्त लिपिकार ने अपनी ओर से भी कहीं-कहीं कुछ लिखा है। लिपिकार ने अपने को 'विहगम' कहा है। विहंगम का अर्थ होता है—अहन्ता एवं अभिमान से रहित। गुरुमुखी में, सिक्खों की भाषा में, 'साधु' को विहंगम कहते हैं। 'अतिथि' के लिए भी इस शब्द का प्रयोग होता है। उस लिपिकार ने ग्रंथ की समाप्ति के बाद ग्रन्थ के लिए भी इसी शब्द का प्रयोग किया है। 'इती विहगम सम्पूरन' और 'तिसे परापत नाननका तरा विहंगम चीट' में दो बार 'विहंगम' शब्द आया है। ग्रन्थ में अनेक

स्थलों पर यह शब्द दुहराया गया है। इससे प्रतीत होता है कि लिपिकार कोई साधु भिक्षु है या इस नाम का कोई अन्य व्यक्ति।

५—ग्रन्थ में स्थान-स्थान पर लिपि में थोड़ा अन्तर है जिससे ज्ञात होता है कि या तो भिन्न भिन्न लिपिकारों ने मिलकर लिखा है या लेखनी भिन्न होने के कारण ऐसी भिन्नता है। ग्रन्थ को समाप्त करने के बाद पुनः लिखा है—

राम तत्त किवाड़ अगम अगोचर अलख है रूप न लखा जाय। जान की है दीदार दिया खेँ का अनार" आदि। इस पृष्ठ और लिखा है। लिपिकार ने ग्रन्थ के प्रारम्भ या अन्त में लिपिकाल की ओर संकेत नहीं किया है। अनुमान है यह दो सौ साल पूर्व की पोथी है। इसकी लिपि अत्यन्त प्राचीन और अस्पष्ट है। पोथी में कई स्थलों पर दरियाी-सम्प्रदाय के सिद्धान्त की भी समावेश है। यह ग्रन्थ श्री गुरुनानक साहब का है। प्रारम्भ के कुछ पृष्ठ फटे हैं। यह ग्रन्थ बिहार राष्ट्रभाषा-परिषद् के संग्रहालय में सुरक्षित है। गुरुप्रसादजी एम० ए० साहसराय बिहार शरीफ (पटना) के सौजन्य से प्राप्त।

[१६] (क) रामजन्म—ग्रन्थकार—श्री सन्त सूर्यदासजी। लिपिकार—श्री जगेश्वर लाल। अवस्था—प्राचीन हाथ का बना कागज। पृष्ठ—६०। प्र० पृ० प० लगभग—२६। आकार-प्रकार—×। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—बैशाख शुक्ल १४, रविवार—सन् १२८७ साल स १६३७ वि० १८८ ६०।

प्रारम्भ—' श्री गनपतीजीसहाऐ श्री भवानी सदा सहाऐ श्री कालीजी सदा सहाऐ श्री सरासताजी सदा सहाऐ श्री पोथी रामजन्म ॥

दोहा ॥ श्री श्री गुरुचरनसरोज रज नीजमनमुकुरसुधार
बरनोंरघुबरबीमलजस जोदाऐकफलचारी
ऐकभरासाऐकबल ऐकआसबीसवास
ऐकभरासारामपर आपहीतुलसीदास

सुमीरीनी—गौरीपुत्ररामावनदन पशुवदाकरधारी गौरीसकरकंठेबसो सरासतीहीरदेमहेस
तहरचरनमनोरथ साधीकरप्रभुभार भुलाअक्षर परगासहु गौरीके पुत्र गनेस

चौपाई—बरनोगनपतीबीरबीनीबीनामा रामरूपनुमपुरवहुकामा
बरनोसारदाअम्रीतबानी रामरूपनुममलीगतीजानी
बरना वसुधा धरैनाभाग रामरूपमऐ जगतप्रतीपाला
बरनोचादसुनर्कीआरी रामरूपननीरमनीमानी

अन्त— ॥ दोहा ॥
सब रानी अनुबातही बेग कहा ता पाप
सीता सबकी माता राम सबका बाप

चौपाई — रामजन्मकथाजोनरपटटचटैंवरमपापछैंजाइ
मुनीके ग्यानजोनरकरट रामजन्मकथाअनुसरइ

दोहा— पाशरह्यनहुतडीननकेमेटीमकलनाकीगे,
लीग्यनीवान्ताराचराटामगुरुकेहोऐ

दोहा— मान नग्ग अपन्नग सुन वरीम्र तुलाएैकसंग
तुलैनाताहीमकलमीली जोमुगलहै मनमग

दोहा— नामपहलु देवगनीगी त्यानतुमद्दारकपाठ
लोचनपढनीगत्रीका परानजाहीकेहीवाट
ऐलीश्रीपोथीरामजन्मसमपुरनस्मापतजोपत्रीमोटेग्यानोलीखाममद्योपनादीअतें
पढीतजनगोमीनतीमोरीकुटलअक्षरलेवमजोरीडमखतजगेव्रलाल"

विषय— भगवान श्रीरामचन्द्र के जीवन से सम्बन्धित काव्य।

टि०—१—यह पोथी सत सूर्यदास की लिखी है। भाषा कुछ अवधी, भोजपुरी और कुछ-कुछ मागधी से मिलती-जुलती है। इस संत के नाम और रचनाओं का उल्लेख अबतक के किसी भी 'हिन्दी-साहित्य के इतिहास' में नहीं हुआ है। ग्रंथकार संतश्रेणी के कवि प्रतीत होते हैं, क्योंकि स्थान-स्थान पर जीवन-चरित्र से हटकर उन्होंने दार्शनिक विवेचन भी किया है। कथा का आधार 'रामचरितमानस' है। कथा संक्षेप में कही गई है। केवल दोहों और चौपाइयों में रचना है। कुछ स्थानों पर अन्य रागों का भी मिश्रण है। इस रचना पर भक्तिकाल का प्रभाव प्रतीत होता है। ग्रंथ सुपाठ्य और विवेच्य है।

२—लिपिकार ने पोथी के अन्त में अपना परिचय देते हुए लिखा है—"दमखतजगेव्रलाल जीलागोरखपुरहाल परस्हरलकलकत्ता महलै टंडइल-बगान सनबाहसै ८७ सालमहीनावैसाखसुदी १४ दीन अतवार के तईआर हुआ।" इससे ज्ञात होता है कि यह पोथी कलकत्ता में लिखी गई है। लिपि पुरानी और स्पष्ट है।

३—यह पोथी शहीद-द्वारका-पुस्तकालय, नुशरूपुर (पटना) से पं० वासुदेवजी साहित्याचार्य के सौजन्य से, प्राप्त हुई है।

[१६] (ख) रामरतनगीता—ग्रंथकार—श्री नंदलाल कवि। लिपिकार—श्री जुगेश्वरलाल। अवस्था—प्राचीन, हाथ का बना देशी कागज। पृष्ठ—६४। प्र० पृ० प० लगभग—३२। आकार-प्रकार—×। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—पौष कृष्ण ६, शनिवार सन्, १२८७ साल, सं० १९३७ वि० १८८० ई०।

प्रारम्भ— "श्री गनेसजी सहाऐ श्री महादेवजी सहाऐ श्री सरोसतीजी सहा श्री गगाजी सहाऐ श्री पोथीरामरतनगीता।

दोहा— पहीनेगुरक्या-प्रेर्मा हगुररचानहान
पानीमाथी-न भया अनमपुस्तनीरवान
अनसपुरवनीरवानहै न-कलवैनाकाहे
न हकाताबाहीलवैनाहीयरकाराहे

चौपा— सीरीगुरवीमनक जननगावों नहीपरमा-गावींदगुनगावों
मीरीकीगीदनग्मुब्रीनवानी गुरपरमान्कहुकहोवमानी
केकसमैसीरीनगुराद आरजुनकग मपे केक ठाइ
धूपनीपतेआर्गतीवींहा चरनान्क ले माथ दीहा
हाथजारीग्ररजुनमोठाठे तुमकमाग्रामोहकम बा

दोहा— तीनीनाककेठाकुरप्रभु भाखौ वचन ।
वीनतीकरा अधीनहाये दीन बु नंदलाल

चौपा— सबौकेपरभुग्राहैचीनमारकहतहीनाथदुनाक्रपारे
स्रीकारीसनवानेवीदुसग आरजुनकहैसुनोजदुराग

दोहा— रामरतनगीताकर ग्ररजुनकीह अनुसार
सकनसीरीग्गी सुनैचीतदेइ मुक्तीहाएैसंसार

भन्त०— ॥ चौपाइ ॥
'देवनकपानेहेगीनानामानुसपन्माहाएनीरचीता
गीत पन्सुनैचीतला दुखदारीदसभजाएेपराइ
आपुग्रीआपरानीहाइगीत सुनैपुत्रफलहाइ
बरन्हमयानमनएहमाही परमतंतुकरी आरजुनराखा
तीनैंलाकआमरीपुरीराखा
मीरीमुखगातारामपुरनमेटआरजुनकेमहेथुगीतेउ

दोहा— सीरीकीरीसन आरजुनसीले गुरुकी हएेकभार
से भगवंतहीतभाखेन कुसल सीघपणहान ससारन

विषय— राम-नाम महिमा का दार्शनिक विवेचन ।

टि०-१—ग्रंथकार का नाम ग्रंथ के आदि या अन्त में नहीं है। प्रारम्भ के पद्यों में एक स्थान पर 'बीनती करा अधीन हाये दीनबंधु नंदलाल' पद आया है। 'नंदलाल' भगवान् श्री कृष्ण के लिए आया है क्योंकि इस पद के पूर्व श्रीकृष्ण का प्रसंग है। यदि दीनबंधु से श्रीकृष्ण का बोध हो सकता है तो यह ('नंदलाल') ग्रंथकार के नाम की ओर संकेत कर रहा है।

२—पोथी की भाषा अवधी और पश्चिमी मानपुरी से मिलती-जुलती-सी है।

३—इस पोथी में राम-नाम की महिमा के साथ-साथ दार्शनिक विचार भी हैं, जैसे —

आरजुनमनोदीनकहही रामभजन ते नकमुगमहही
सीमामान्आप वैना नाकरदाग्गीसुनभैननानाद

महीमामोरीजोपावेमोहीसमाहोएमोए
सभमीली • •• ।
वचनमोरसुनोजदुराऊ नाम कै महीमा कहतना आऊ
एहेमामीकोईकहतना आवे नामके महीमाकहतन आवे
आरजुनउठीकेअस्तुतीलाइ जोगजीवनकहावुभाइ
तेहीतेमकलपापवहीजाइ नेमधरममोहीचीतदेइ
जहीवीधीमोरहोएउधारा मोही नेभाखोनदकुमारा"

६१ पृष्ठ के इन पदों में नाम, योग, धर्म आदि के सम्बन्ध में संकेत है। पूरे ग्रंथ में इसी प्रकार कृष्ण-अर्जुन के परस्पर-संवाद के रूप में विषय का विवेचन किया गया है।

४—ग्रंथ में 'ए' के लिए 'ऍ' का और 'ऐ' के लिए 'एय' का प्रयोग किया गया है। इसी प्रकार 'ष' के स्थान पर 'ख' और 'ख' के स्थान पर 'ख' के नीचे बिन्दु देकर प्रयोग हुआ है।

५—ग्रंथ विवेच्य और सुपाठ्य है।
(क) और (ख) दोनों पोथियाँ एक ही जिल्द में हैं तथा दोनों के लिपिकार भी एक ही हैं। ग्रंथ की लिपि प्राचीन और शैली भी पुरानी होने के कारण अस्पष्ट है।

६—यह पोथी शहीद-द्वारका-पुस्तकालय से, प० वासुदेवजी साहित्याचार्य, प्रधानाध्यापक, डी० ए० वी० मिडल स्कूल, खुशरूपुर (पटना) के सौजन्य से प्राप्त हुई।

७] ज्ञान-दीपक—ग्रंथकार—सत दरिया साहब। लिपिकार—बुधनदास फकीर। अवस्था—अच्छी, हाथ का बना देशी कागज। पृष्ठ-सं०—१८७। प्र० पृ० प० लगभग—३६। आकार—६"×१०"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—माघ, कृष्ण, १८६५, बुधवार।

प्रारम्भ— "साहा साहब जीदा जाग्रीत हस उबारन सुक्रीत दरीआ साहब सतगुरु ग्रंथ भाखल ग्यान दीपक साखी प्रेमजुक्ती नीजुमूल है गुरगमीकरो सूथा दा आ दीपक जवही बरे दरसननामअया प्रथम ही सतगुरु सतकरमा उ दा आ से उकर दरसन पाउ नीरुन घरी जवही गुरु मीले उ आनद-मंगल ललीत लोभए उ भौतिरनी गुरग्यान अनूपा सो सम ही देव से उ सरूपा प्रगटकरो फीरि राखु समोइ जेन फनी मनी नाही जात वीगोइ पत्र माव कमी अक नीखा पोवें प्रेम वीरला कोई सता ग्यान अकुर रत राहा जो समिता चला प्रवाह प्रेम रश रमिता तामे सत सु घट भव तरनी अति सुरूप साम्राजात नावरनी पठे सत सुध जानि पुनिता भव-शात्र नाही होहिअनीता जठ जनता मे देपि भुलाना लहरी उतग सम ग्यान छुपाना लहरी फिरंग फिरता रहै मदमयिता के मूल परे भवन मे मराभि कै भएे वो कठीन तन सुल

सुधर शत मनि मुक्ता जैश शामा शाभित चुंथि नतें शे
निन निज ऊरथ गानें गुन ग्याना ॥ '

अंत — भए या मपुरन ग्यान सतगुरु प पावन करो उवर बमत मुनान जो हि गयीरी वा वीवेक एह ममत अठारह सैं तैंतीस मादो पौथी अभार मावा जा भवन वरदनी गौ द री भ्रा गवन वा चार भा वनीवार मुक गवन कीता छपलार ना जन सब्द बीवेकी ग्रा मेटे मकल सभ सोक ॥ समत १८६८ प्रथ ग्यान दीपक सपुरन भइल वार बुध क मरकार माहाशा भोपपुर प्रगन नवारी तपेवीमी मौले घरकघा तप्त पौराथै प्रवाना समुगनेना दरीआ माहब का अस्थान है प्रथ ग्यान दीपक सर मन कीआ बुधनदास फकीर दरीआ पथी ।

विषय— मत परम्परा की निर्गुण धारा का दार्शनिक विवेचन ।

टि०-१—पाथा क पढ़न म नात हाना है कि दरिया माहब की यह अंतिम कृति है । इस पोथी का अंतिम पद "समत अठारह सतीस भादो पोथी अभार भादो वनी वार एक गवन कीवो छपलोक में स्पष्ट सकेत है कि इनके देहान्त के बाद उनके इन विचारों का संग्रह किया गया है।

२—दरिया माहब बिहार प्रान्त क आरा (शाहाबाद) जिले के घर वधा' ग्राम के निवासी थे । इनके विचार अधिकतर सत कबीर के विचारों से मिलते ह । इन्होंने निर्गुण विचार धारा को परिपुष्ट करते हुए इनों ग्रंथ लिखे हैं ।

३—इस महान् मत-सम्बन्धी अन्वेषण और इनकी कृतियों क प्रकाशन स जहाँ हिन्दी-साहित्य की श्रीवृद्धि होगी वहाँ बिहार प्रदेश का भी गौरव बढ़ेगा । यह पोथी परनासिगी क माल्गन-निवासी प वासुदेव शर्माजी क सौजन्य से प्राप्त हुई ।

[१८] रामचरित मानस—ग्रंथकार—गो० तुलसीदास । लिपिकार—श्री रामसहाय सिंह । अवस्था—अच्छी, कागज—हाथ का बना देशी । पृष्ठ-सं०—३६६ । प्र पृ प लगभग—४२ । आकार—१०" × ७½" । भाषा—हिन्दी । लिपि—नागरी । रचनाकाल—× । लिपिकाल—पौष शुक्ल सप्तमी मगलवार स १८६४ वि० ।

प्रारम्भ— जदी शुमीरत शीधी हाए गननाऐक करीवर वदन
करहु अनुग्रह शाए बुधी राशी शुभ गुन शदन
मुक हाऐ वाचाल पगु चढ़ गीरीवर गहन '

अन्त— "नि श्रीरामचरीत मानसे शकल कलीक लुक वाशगना नाम उप्रकाश रामान्न श्रातुलशीदाशशपुन्य पया दरस्त तथा लीकयते स्मदाय नदीयन धन्तिजनशानीनती मारी दुग्न अष्टनेवगब जोरी श्री

सम्वत १८६० साल पुस सुदी रोज सगत को पोथी तेग भरोन सु तैयार हुआ' । श्री रामसहाय शीर काशि गा मो जन्द्दि प्रगने हाजीपुर ।"

विषय— राम-जीवन-संबंधी काव्य ।

टि०— इस पोथी की लिपि प्रचलित, प्राचीन कैथी लिपि से मिलती-जुलती है। पोथी में कई स्थानों पर प्रचलित प्रतियों से पाठ-भेद है। पोथी के लिपिकार ने, प्रतीत होता है, इसके अतिरिक्त अन्य पोथियों की भी प्रतिलिपियाँ की है। यह पोथी 'बिहार राष्ट्रभाषा-परिषद्' के दफ्तरी राम हरन प्रसाद सिंह से प्राप्त हुई।

[१६] वैद्यरत्नार्णव—ग्रंथकार—रामाप्रसाद शुक्ल। लिपिकार— ×। अवस्था—साधारण हाथ का बना कागज। पृष्ठ-१०—८७। प्र० पृ० पं० लगभग—१६। आकार—६' × ८'। भाषा—हिन्दी। लिपि— नागरी। रचनाकाल-चैत्र शुक्ल १३, १२७७ साल, बृहस्पतिवार। लिपिकाल— ×।

प्रारम्भ०—"अथ अनलपित्त रोग प्रनारिकेल लवनलिपिह्य ॥२६॥ नारिकेलजलतोला ८ सिंघानोनतोला ८ पोरानालिवचनोला ८ तिनो दवा को नारिकेल जलमाहिपलरिनारिकेल के भित्र भरिक पति नाड को निल पादरपठ मृतिकादेक गज पुठमाहि फुंक देना खित महीपन काठमासा ८ यम्य जललेपायतो दिन १४ माहि अम संचित जाय अगर भूमि के नाश पायतो सूप अधिक लावय ॥२॥८०॥३०॥ अथ दवावायु ८॥८४॥ओरारि वायु का लिपिह्य ॥३०॥ आठ किसिम के वायु कि गोलि ॥३०॥ मूलक। जावनि। लवंग।"

अन्त०—"मोदक शतावरा वर्णास्रदमनापाखिरोग ॥ कुनजम १ कयाय विजरटारचिनि ३ चामाद का बिज ४ गाज बिज ५ जायफल ६ जावतृ ७ पिप्रली ८ चतरा ६ केशर १० हभिमस्तक ११ असगननागोरि १२ चिरिचिरि का बिज १३ पत्रज १४ अकरा १५ चरकसि १६ धनिया १७ रेनका १८ काकोलि १६ तालमखाना २० पोस्ते का दाना २१ अजवाइन २२ असिम २३ कमलगठा २४ कुकाटिविज २५ इन्द्रजव २६ मृग २७ नाहिनाबिज २८ लौग २६ सवद भस्मभारोचूर्न के समहित मिलाय मासा ६ प्रमानमोदक बनाय साय पायतो दिन २१ माहि निस्चय रोग का नाश ॥ इति श्री रामप्रसादशुकुलपोशतक वैद्यरतनार्नवस्त्रीचिकित्सावानक रोगचिकित्सानानारोग चिकित्सा अस्टमोनाम अध्याए समाप्तातेथि १३ सुकुलपक्षचैत्रमास वार ब्रहनपति सन् १२७७ साल।"

विषय— आयुर्वेदीय चिकित्सा।

विवरण—यह पोथी प्राचीन है और आयुर्वेद की जिन औषधियों का वर्णन किया है उन सब का महत्त्व की है। इसमें अनेक रोगों, उपरोगों तथा उनके निराकरण की आयुर्वेदीय दवाइयों तथा उनका उपयोग-पद्धति आदि का विस्तार के साथ आठ अध्यायों में समझाया गया है। पोथी के साथ ही उर्दू लिपि में छपी पुस्तिका है जिसमें यूनानी पद्धति के साथ समन्वय किया गया है। ग्रंथ में चिकित्सा-सम्बन्धी अनेक मन्तव्यों का संग्रह है। आयुर्वेद और यूनानी पद्धति का तुलनात्मक विश्लेषण हिन्दी में किया गया है। ग्रंथ शेष है। प्रारम्भ के ८ पृष्ठ नहीं है। प्रारम्भ में जो पृष्ठ हैं भी वे बीच बीच में फटे हैं। यह पोथी विहार आयुर्वेद भवन चम्पानगर भागलपुर के कविराज नरेन्द्रनाथजी के सौजन्य से प्राप्त हुई।

[७०] चित्तौरोद्धार—ग्रंथकार—अवधकिशोर सहाय वर्मा। लिपिकार—बद्री प्रसाद सुधाकर। अवस्था—अच्छी। पृष्ठ-सं०—८८। प्र० पृ० पं० लगभग—३६। आकार—१०" × १६"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—भाद्र कृष्ण १४ सं० १९६८ वि०।

प्रारंभ०—'वन्दना (डमरू) मजल जलद तन अगम निगम मन
रत सुख विहरत, भगत-सकल कर।
जगत रत भ्रमत जन मन विचरत
ज्ञान-सुख बरसत कमल-नयन वर॥
बन बन विरमत, तन-मन विभ्रमत
ललत चरण रत बनत जगत नर।
कहत अधम नर चरण शरण धर
युगपाल नगधर त्रिविध अखिल हर॥१॥

प्रथम सर्ग (मन्दाक्रान्ता)
शोभाधारी प्रमित सबेरा काम की है कली-सी।
चिन्तीभूता भरत-भुवि के भाल में है भली-सी॥
आभावेला नवल-लतिका भाल लावण्य शीला।
नाना भावा प्रकट करती अप्सरा प्रेम-लीला॥२॥
सा है भाग भरत भर तो पद्मिनी-सी खिली है।
प्यारे प्यारे नभ नगन में चान्दनी आ मिली है॥
मानों स्थिया परम-सुखद स्वर्ग की भूमि न्यारी।
मेरी पूरी समान अलका अप्सरा भूमि प्यारी॥३॥'

अन्त०— अगों त्याग सकल मन से वैर मार मिला के
हाँ माने निज निज घरा सौम्य मेरे डग के

वार्ता ऐसी सुखद करते देश के प्रेम वोवैं
प्यारी श्रद्धा मधुर-सरिता बीच में खायें गोते

(६१)

ऐ कान्हा जी भरत-भुवि में फेर हम्मीर होवें
ऊँचा हो जो रत सकल हो लाडले देश जोवें
एका प्यारी यह विमल-सी युग्म के बीच होवें
दोनों हिन्दू यवन यक हों फुट की मीच होवें
इत्यलम् हरि ऊँ तत्सत् ।।

विषय— चित्तौर की लडाई और राजपूती इतिहास से सम्बन्धित वीरकाव्य।

टिप्पणी—बिहार प्रान्त के पलामू जिले के डालटेनगंज के आस-पास कचनपुर ग्राम-वासी प्रसिद्ध कवि और साहित्यवाचस्पति अवध किशोर सहाय वर्मा की यह सत्रह सर्गों की रचना है। यह रचना हरिऔधजी की शैली तथा 'संस्कृतछन्द-चुनाव' से प्रभावित है। इसमें अनेक स्थलों पर साहित्य सम्बन्धी तथा कविता, छन्द और अलंकार के नियमों की त्रुटि रह गई है, जिसे स्वयं कवि ने ग्रंथ के प्रारंभ की भूमिका में स्वीकार किया है। कई स्थानों पर शब्दों के चुनाव में भी अस्वाभाविकता है। वर्णन में कहीं-कहीं प्रसंग-दोष भी स्पष्ट है। ग्रंथ की समाप्ति तथा मध्य में भी यत्र-तत्र हिन्दू-मुस्लिम एकता का नारा बुलंद किया गया है। रचना में देशभक्ति कूट-कूट कर भरी है। इसका यह भी कारण हो सकता है कि इसकी रचना का समय भी वही था जब देशभक्ति और असहयोग से भारत गुजर रहा था। ग्रंथ का प्रकाशन होना चाहिए। इससे (हरिऔध-जी की शैली के कारण) बिहार का गौरव बढ़ेगा।

[२१] शिव-पुराण-रत्न—ग्रंथकार—कुंजन दास। लिपिकार— × । अवस्था—अच्छी। पृष्ठ-सं०—६५२। प्र० पृ० पं० लगभग—३०। आकार—६"×११"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल— × । लिपिकाल— × ।

प्रारंभ०—दोहा। व्रण शकर उर दंभ अति, जाति ऊँच निज जान।
निज-पतिवंचक नारि जग, पर पति के मन-मान ।।
चौपाई ।।
बालक मातु पिता नहि मानी। गुरु मत खंड विवाद गुमानी ।।८६।।
विद्या हीन लोग संसारी। अपर देश जा विरति विचारी ।।६०।।
जो कदापि कोउ मिलहि सहाई। मातु पिता कह निन्द सुनाई ।।६१।।
अघकरनी ते दुख जग माही। जप पूजा माला तेहि नाही ।।६२।।
इच्छा नारि प्रसंग मँडाई। चिन्ह जनेऊ ते विप्र बडाई ।।६३।।
छलि तपशी कलि करि अशनाना। पुत्र विचार करिहे धरि ध्याना ।।६४।।

कृप मनुगन मनगनाड । नान सुखीगन नाम दश ॥६५॥
कारज नम रद्द न भगना । नान सभा कुल पालन करना ॥६६॥
दोहा ।—छी द्वुः क गागता करहा सुचतुर नगान ।
नाग तगन कला मँह सजन अधिक प्रमान ॥ ८॥

अंत०— माग भव गनि ध्यान रह भीन गीर गहे टेक ।
निसि दुनन मन गाँगि शिव उपज प्रेम विवेक ॥१८॥
कालन नम न चूक मेग राम गन भर पाप
अ कु जन पर करहु कृपा हरहु सकल मन ताप ॥१७॥
जन अगरगु नन में रहे, नि शरण तुम नाथ
अन कु चन एक ताहि तनी काटि नवावँ माथ ॥१८॥
तुम ठाकुर तिहु लाक क हेरहु शिव निज भ्रार
कुन्न हा अपनावा प्रभु ससुमि निरद बर जार ॥१६॥
कना लौं कहौं तहि नाथ ना जानहु सब तुम आप
कुचन निज है करहु कृपा जाय संताप ॥ ०॥

विषय—शिव का आराध्य मान कर शिव-पुराण क आधार पर रचित सगुण भक्ति का काव्य ।

टि०-१-ग्रंथकार मन कुचन शास्त्र आरा जिले क पँवार नामक स्थान क निवासी थे । ऐसा निर्देश ग्रंथकार न ग्रंथ में किया है । विहार प्रदेश के निवासी इस सत ने इस महाकाव्य की रचना करत हुए जीवन की कई उपयोगी समस्याओं का समाधान किया है । पूर्वार्द्ध और उत्तरार्द्ध दो भागों में विभाजित तथा अनेक सर्गों में वर्णित यह पोथी पठनीय और विवेच्य है । प्रत्येक अध्याय क अंत में कवि न अपने नाम और शिव क प्रति आत्मार्पण का भाव प्रकट किया है ।

२-पोथी यत्र-तत्र फटी हुई है । प्रारंभ में चार पृष्ठ नहीं हैं । ग्रंथ के अंत में भी पृ० सं० ६७२ क बाद क पृष्ठ नहीं है । ग्रंथ के प्रारंभ या अंत में लिपिकार क नाम का निर्देश नहीं है ।

३-ऐसा प्रतीत होता है कि कवि किसी 'दीनबंधु दयाल' नामक राजा के आश्रित थे और उनके एक 'कुंजबिहारी' नामक क मित्र थे जिनसे अभ्यंतर शिवभक्ति सम्बन्धी विचारों का परस्पर आदान प्रदान होता था । इनका मत या पंथ मुंगेर जिले तक प्रचलित था । यथा-ग्रंथांत में—

"अति सुगम पथ कनेश बिनु बर दुलभ फल कर पावहू ॥२॥
कर जोरि विनवौं भवानि शंकर चरित रत मोहि दीजिय ।
प्रभु दीनबंधु दयाल ज्ञानी दास आपन कीजिय-॥३॥
यह करत सुनत कनेश छूटे भक्ति प्रेम दिखावहीं ।
गिरिजा कुंजबिहारी उर बसे ।

कथा समस्त श्रवण करि, पाठ हृदय विश्राम ।
गावत शिव गुण हर्ष अति, सबन कीन्ह सुनिधाम ॥१०॥
जिले मुंगेर में मालूर, अहै रजौन ग्राम ।
मोर नाम के मित्र एक, कुंज बिहारी नाम ॥११॥
लेखक कवित्त प्रबन्ध शिव, ताके सुमति सर्वीन
गाइ लिखी शिव यश विमल, पायउ परम प्रवीन ॥१२॥"

ज्ञात होता है कि कविवर कुंजनदास गाते या रचना लिखाते थे और उनके मित्र कुंजबिहारी उसे लिखते थे । राजा 'दीनबन्धुदयाल' का नाम भी पोथी के अनेक स्थलों में आया है। पोथी में शिव-पुराण की कथा का आश्रय लिया गया है। प्रारंभ के पृष्ठ फटे होने तथा पाँचवें पृष्ठ के बीच के अक्षरों के फट जाने के कारण इस विवरण में प्रारंभ की पंक्तियाँ छठे पृष्ठ की हैं। यह पोथी मुद्रित है, किन्तु दुर्लभ है। इस पोथी के आधार पर यदि कुंजनदास की अन्य रचनाओं की खोज की जाय तो हिन्दी-साहित्य के इतिहास के लिए बहुत बड़ी सामग्री मिल सकती है।

[२२] **हितोपदेश**—ग्रंथकार— पदुमनदास । लिपिकार— मिश्रीलाल । अवस्था— अच्छी । प्राचीन देशी-कागज । पृष्ठ-सं०—८५ । प्र० पृ० पं० लगभग—४२ । आकार—८" × ४½" । भाषा—हिन्दी । लिपि—नागरी । रचनाकाल—फाल्गुन शुक्ल पंचमी, बुधवार, सं० १७३८ वि० । लिपिकाल—फाल्गुन शुक्ल एकादशी, सं० १९१९ वि० ।

सोरठा ॥

प्रारंभ—सिद्धि दे इस देव ॥ सदा साधु के काम में ॥
गंग फेनल्ले—सेव ॥ जासु सीस सोम के कला ॥१८॥

दोहा ॥

जे हित उपदेशहि सुनै, संसकार पटु होय ॥
जामे बचन विचित्र सब, नीति सुघट है सोय ॥१९॥

सोरठा ॥

अमर जानि है काय, विद्या धन चितत चतुर ॥
केस गहे जमराय, धर्म करत अनुमानि है ॥२०॥

दोहा ॥

सर्व द्रवते द्रव्य अति, विद्या द्रव्य अनूप ॥
धन देती परचत अछै ॥ अरचत जाने भूप ॥२१॥
विद्या मिलवै भूपतिहि ॥ सलिता सिंधु समान ॥
तापर अपनी भागफल ॥ भोग करै मतिमान ॥२२॥
विद्या विनय हि देति है ॥ विनय ख्याति अनुकूल ॥
ख्यातिभए धन धर्म सुख ॥ ताते विद्या मूल ॥२३॥

पवनन्द्र [illegible] [illegible] ॥ [illegible] [illegible] [illegible] ॥
[illegible] न [illegible] रमै ॥ [illegible] [illegible] पन [illegible] ॥ ४॥
[illegible] [illegible] [illegible] म ॥ कुमकार [illegible] ॥
[illegible] न [illegible] [illegible] [illegible] ॥ [illegible] [illegible] [illegible] ॥ ५॥
मित्र [illegible] [illegible] [illegible] मुनि ॥ [illegible] [illegible] [illegible] न ॥
पवनन्द्र [illegible] मन ॥ [illegible] कथा [illegible] [illegible] ॥२६॥

[illegible] ॥

[illegible]—[illegible] [illegible] [illegible] ॥ [illegible] [illegible] [illegible] ॥
[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] ॥ [illegible] कथा पूरन [illegible] ॥ ५४॥

[illegible] ॥

[illegible] विष्णु [illegible] [illegible] ॥ [illegible] रामकुमार ॥
[illegible] [illegible] पूरन [illegible] ॥ [illegible] [illegible] [illegible] बार ॥२५६॥

[illegible] ॥

[illegible] श्री [illegible] [illegible] [illegible] ॥
[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] ॥
[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] ॥
[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] ॥२५७॥

विषय— [illegible] [illegible] [illegible] हिन्दी पद्यानुवाद ।

[illegible]—[illegible] [illegible]
[illegible] [illegible] ॥ [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] ॥

सेवक गरट हुँ नहीं ॥ प्रभु अनुशासन पाय ॥
कवि जन सिप आसिप युअन ॥ इन्हहा पाय भुराय ॥७॥
प्रथम भूप कुल नाम कहि ॥ जहाँ कथा टानहास ॥
सुवरन वलित सुहावनी ॥ भापन पदुमन दास ॥८॥
पैरा पूर्व निवास तें परिवार गर्ड ग्यानि ॥
वेनु वंश विग्यात जग ॥ जानैं सबही जानि ॥

छप्पय ॥

वाघवंश भूपाल भूमि भुजबल जिन्ह लीन्हें ॥
कीतिसिंहसुतनय सिंह विक्रम जिन्ह कीन्हो ॥
रामसिंह तपनिन्ह कृष्ण उद्योत गयो द्विज ॥
मावो सिंह महीप भयो तसुनन्द महाभुज ॥
तसुनन्दन जगत जहाज नृप हेमत सिंह तसुधर्मधुर ॥
श्री राम सिंह सुत तासु पुनि नीति निपुन जसु चन्द फुर ॥१०॥

दोहा ॥

पु अरु करेरो बहु पितु ॥ कृष्ण सिंह मात मान ॥
प्रेम सिंह दलेल को ॥ जिन्ह के सरिस न आन ॥११॥
परम पितामहुँ ते पिता ॥ राम सिंह रणधीर ॥
तिन्ह के पुत्र पवित्र भुवि ॥ सिंह दलेल गभीर ॥१२॥
करनी सिंह दलेल के ॥ वरनी जात न काहु ॥
धरनी तल में धन्य तम ॥ गुन गन सिंधु अगाह ॥१३॥
तिन्ह श्री पदुमन दास को ॥ दीन्हो बहु विधि दान ॥
मार्थान अवर सिहात हैं। निरपि जासु ननुमान ॥१४॥

२—कवि ने ग्रंथ के अन्त मे महाराज दलेल सिंह के पुत्र, जिनके लिए राजा ने ग्रंथ का अनुवाद कराया था, की ओर भी संकेत किया है.—

"भूपति सिंह दलेल के ॥ रुद्र सिंह जुवराज ॥
जिनकी जलगुजल गग अरु ॥ शभु शीश शीश छाज ॥२५८॥"

३—निम्नलिखित पदों मे कवि और उनके वंश तथा रचनाकाल का पता चलता है—

"दामोदर कायथ करन ॥ जिन्ह के धर्म प्रगाम ॥
चारि पुत्र तिन्ह के भयो ॥ जेठे मकर दास ॥१५॥
मध्यम पदुमन गुन गरुअ ॥ तथा लाज मनि जान ॥
अनुज कृष्ण मनि गुन-निते ॥ अग्रज उच अभिमान ॥१६॥
सत्रह सै अड़तीस जब सवत विक्रम राय ॥
सित पाचै मधु बुध दिवस ॥ रच्यो गनेस मनाइ ॥१७॥
(ग्रन्थसमाप्ति-काल) सत्रह सै छयासठि कै ॥
पुप पचमी सेत ॥ पदुमन लिखि पूरन कियो रुद्र सिंह के हेत ॥२५६॥

४—ग्रंथ की समाप्ति पर लिपिकार ने अपना परिचय देते हुए लिखा है —

"अक वरानिधि विधु सहित ॥ सवत विक्रम भूप ॥

फागुन शुक्ल पञ्चदशी ॥ रविवासर अनूप ॥१॥
मिसरी लाल विचार करि ॥ हित उपदेश विचित्र ॥
लिख्या चाव सों भाव करि ॥ है यह अग्नि पवित्र ॥२॥ १६१६॥
श्री सीतारामाय नमः ॥

१—इसमें सन्देह नहीं कि पद्मनदास एक महान् कवि थे। इतने बड़े पद्य-गद्य मय ग्रंथ का हिन्दी पद्यानुवाद करना साधारण बात नहीं है। इन्होंने पद्यानुवाद करते हुए पोथी की मौलिकता को समाप्त नहीं किया है अपितु उसमें और भी प्राण डाल दिये हैं। रचना अच्छी और सुपाठ्य है। इसमें कई नवीन एवं अप्रचलित छन्दों का भी प्रयोग किया गया है। ग्रंथ के प्रकाशन से बिहार का गौरव बढ़ेगा।

—ग्रंथ की लिपि अच्छी और स्पष्ट है। यह पोथी मन्नूलाल पुस्तकालय में भी है। वहाँ की प्रति से यह मिलती-जुलती है। मन्नूलाल पुस्तकालय (गया) के संस्थापक और संचालक श्री सूरज प्रसाद महानन्द की कृपा से प्राप्त।

[७३] (क) हनुमानबोध—ग्रंथकार—कबीरदास। लिपिकार—श्यालदास। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना देशी कागज। पृष्ठ-सं०—२। प्र० पृ० पं० लगभग ४। आकार— ×८। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—फाल्गुन कृष्ण पंचमी रविवार सन् १२७८ साल।

प्रारंभ— सतसुकृत आप अन्नी अनर अमात पुरुषमुनिन्द्र करुना मैं कबीर सुरत जाग सतारन धनी प्रेमदास ॥
सुकृतमनी नाम सुरामनी नाम ॥ सुदरसन नाम कुल पतनामप्रबोध गुरवाला पीर (अस्पष्ट है पृष्ठ के कुछ अंश फटे हैं)
(२ पृष्ठों के बाद) माया॥ सुनासुनीद सार गात। ।राम नाम है आहा ॥
सो दसरथ घर अवतर ॥ जानकी सता अगाध
॥सुनीद्रवाच॥
कहै मुनींद्र बचन हमारी ॥ साधु भाव तुम सुनही जानी ॥
राम राम सम जगत कहाइ ॥ कहै साधु जन लाहा भाइ ॥
राम नाम हम नीके जाना ॥ तुम का हमसे करहु बखाना ॥
रमता राम सब सर मानी ॥ साहा राम तुम जानत नाही ॥
ऐह तो राम है अवतारा ॥ जीन लकापती रावन मारा ॥

अंत— जाती रूप वस्तु है सूपा ॥ नीरंजन है का आ माही ॥
माया करी क है छाही ॥ ररंकार गरज अहमदा ॥ सपतदीप प्रगटे नवदना ॥ प्रथम ॥ असथीर बसत सत घरबारा ॥ ताही को काइ चीन्हत नाही ॥ ताते सभ जग रहै भ्रमाइ ॥ ।

विषय— कबीर-साहित्य।

टि०— यह ग्रंथ अपूर्ण है। इसमें राम और हनुमान के जीवन-चरित्र के आधार पर कबीर के दार्शनिक विचारों का प्रतिपादन किया गया है। यद्यपि ग्रंथकार का नाम स्पष्ट नहीं है, तथापि कई स्थानों पर पदों में 'कबीर' का नाम आने से उनकी ही रचना प्रतीत होती है। कहीं-कहीं 'मुनींद्र' नाम भी आया है। हो सकता है, इसी नाम के कोई ग्रंथकार या कबीरपंथी हों जिन्होंने स्वयं कबीर से वार्तालाप के द्वारा विचार व्यक्त किये हों। इस पोथी में 'काया' शरीर को 'माया' तथा शरीरस्थ आत्मा या परमात्मा को 'निरंजन' कह कर निर्गुण ब्रह्म की विवेचना स्थान स्थान पर की गई है, जिससे कबीर के सिद्धान्तों की पुष्टि होती है। यह भी संभव है कि 'मुनींद्र' से सनकादि मुनियों की ओर संकेत हो, क्योंकि ग्रंथ के प्रारंभ में सनकादि मुनियों की अवतारणा की गई है। प्रारंभ के तीन पृष्ठ फटे होने के कारण कुछ अंश ठीक से नहीं पढ़े जाते हैं। यह पोथी अनांगी गुरुध्यान प्रकाश तथा अगीगी गुरुशरण प्रकाश (स्व० कबीरी भानु प्रकाश द्वारा संगृहीत) अनीसाबाद, गर्दनीबाग (पटना) के सौजन्य से प्राप्त।

[२३] (ख) गोरख-गोष्ठी—ग्रंथकार— धर्मदास। लिपिकार—ज्ञानदास। अवस्था—अच्छी। हाथ का बना, देशी कागज। प्र० पृ० पं० लगभग—८०। आकार—६"×८"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—फाल्गुन कृष्ण पंचमी, रविवार, सन् १२७८ साल।

प्रारंभ—सतनाम सत सुकृत आदि अदली ।। अजर अमीत पुरुष मुनीदर करुनामय कबीर ।। सुरत जोग संतायन ।। धनी धर्मदास पारखुद वस आसीस की दया सो लीखते गरन्थ गोरख गुस्टी ।।

कबीरवाच ।। साषी ।। सतसत सत सब कोई कहै ।। सत ना चीन्हे कोऐ ।।
सत सरूप चीन्हे वीना ।।जीव सत जाही वीगोर ।।

चोपाई ।। सत वचन सुष अमृत वानी ।। सतही चीन्हावै सो गुरु ग्यानी ।।

अन्त०—साषी ।। मुनीगोरष सत मानी आ ।। छुटी गऐ भ्रमफंद ।।
गुरु कबीर समुझाई आ ।। मेटेवो सकल दुष दंड ।।
नवो नाथ चोरासी सीध्या ।। इन्हको अनहद ज्ञान ।।
अरथीर कर है कबीर को ।। ऐह गती वीरले जान ।।
अक्षरमे नीह अक्षर ।। नीह अक्षर मे नीजनान ।।
तीनो अक्षर जो परषै ।। पावै पद नीरवान ।।
सत कबीर की साषी ।। आदी पुरुष को ध्यान ।।
सीषा भई गोरष की ।। पा आपद नीरवान ।।

गनी दास गोरखनाथ को ॥ गुरुगम सपुरन ॥
जो देखा सो लिखा मम दोष ना दन ॥
सकल संत सज्जन को बंदगी मोरी दुरगम अछर पठा सव जोग ॥
श्वसन ध्यान नाम सुमिरन के दास ॥
शामक सनावामा तैयार हुआ ॥ अवरहा का हरापुर ना ॥
सन् ॥१२॥०८॥ सन ॥ फागुन वदी ॥ पचमी ॥ रोज ॥ रवीवार ॥

वि०— कबीर-साहित्य। धर्मदास और गोरखनाथ के बीच होनेवाले प्रश्नोत्तर के रूप में।

टि०— यह पोथी धर्मदास के साथ गोरखनाथ या किसी अन्य गोरखपंथी संत के साथ हुए वार्तालाप के रूप में लिखित है। ग्रंथ के नाम से ही स्पष्ट हो जाता है कि इसमें कबीरपंथ और गोरखपंथ की तुलना की गई है। इसमें चौरासी सिद्धियों तथा अनहद-नाद के ऊपर भी प्रकाश डाला गया है। ग्रंथ विचार्य एवं पठनीय है। ग्रंथ की लिपि प्राचीन और अस्पष्ट है। पृष्ठ यत्र तत्र फटे हैं। यह पोथी अघोरी गुरुशरण प्रकाश, अनाआबाद गन्नाबाग, (पन्ना) के सौजन्य से प्राप्त हुई।

[७०] (ग)—गरुड़बोध—ग्रंथकार—×। लिपिकार—वैरागीलाल दास। अवस्था—प्राचीन। दशा—कागज। पृष्ठ-सं० ३। प्र० ४ पं० लगभग—४। आकार—६ × ५। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—माघ कृष्ण तृतीया बुधवार सं० १९३ वि ॥

प्रा०—चौपाई ॥ तबही गरुड़ जो बोलही बानी ॥ कवन देश बसता है ज्ञानी ॥
हम बासन है अमर के भाई। तीन की गति कौन नहीं पाई ॥
नाम लोक के ठाकुर आहीं ॥ ॥

अंत—साखी ॥ कहहीं कबीर धरमदास सों ॥ ऐही बोधी भव पार ॥
गरुड़ ध्यान जब कीना ॥ हरष बहुत भुआल ॥
धजा फरके सुन में ॥ बाजे अनहद तुर ॥

अधन ध्यान कबीर को ॥ गहो दरगा नाशान ॥
हीनाए हीने नहीं ॥ सागे सकल जहान ॥
ऐसा श्री ग्रंथ गरुड़बोध ॥ सपुरन ॥ जो देखा सो लीखा मम दोष न दीजन ॥ सकल साधु की बंदगी मोरी ॥ दुरगम सहज अधरपढ़ीहो सब जाई ॥ समत १९३० के साल ॥ महीना माघ ॥ रोज बुध ॥ साधी मीत्र ॥

वि०— कबीर-साहित्य।

टि०—१—ग्रंथ प्राचीन है। इसका लिपि अस्पष्ट है। पोथी में कबीर के सिद्धांतों का विशद विवेचना हुई है, ऐसा प्रतीत होता है।

२—ग्रन्थ के आरंभ या अन्त में ग्रन्थकार के नाम का उल्लेख नहीं है। प्रतीत होता है कि ग्रन्थ [illegible] का [illegible] है। ग्रन्थ में यत्र-तत्र इनका नाम आया है।

३—ग्रंथ लिपिकार ने अपने विषय में और अपने निवास-स्थान के विषय में निम्नलिखित शब्द लिखे हैं—"[illegible] ॥ [illegible] बरमपुर ॥ [illegible] चतुर्दशी [illegible] ॥ [illegible] के वैरागी लालदास के [illegible] लीला [illegible] सुन्दरदास [illegible] ॥" लिपिकार मुर्शिदाबाद जिले के ब्रह्मपुर [illegible] के किसी अखाड़े में (साधुओं के स्थान) रहते थे और ग्रंथ लिखकर अपने शिष्य 'सुन्दरदास' जी को दिया। यह ग्रंथ [illegible] गुरुशरण प्रसाद, [illegible], गर्दनीबाग (पटना) से प्राप्त हुआ।

[२३] (घ)—सुमीरन-दानलीला—ग्रन्थकार—× । लिपिकार—वैरागी लालदास । अवस्था—प्राचीन । देशी कागज । पृष्ठ-सं० ८ । प्र० पृ० ५० लगभग-८१ । आकार—६" × ८" । भाषा—हिन्दी । लिपि—नागरी । रचनाकाल—× । लिपिकाल—× ।

प्रारंभ— क—लीखते सुमिरन ॥ दया सागर ग्यान आगर ॥ [illegible]बुधीनत-गुरु ॥ तासुवचनसरोजवंदो ॥ सुखदाएक सुखसागरं ॥ जोग-जीतअजीतऊभर ॥ [illegible]तसतसुकरीत ॥

ख—श्रीगनेसाऐनमह ॥ श्रीसरोसतीजी सहाऐनमह ॥ श्रीसुरुजदेवताजी सहाऐनमह ॥ श्रीजगवरतीजीसहाऐनमह ॥ श्रीसीस्ताऐनमह ॥

चौपाई ॥—प्रभुपुरनब्रम्ह अखंडा ॥ [illegible]कोटीब्रह्मंडा ॥ [illegible]तगुरुब्रह्मकहो, ॥ मथुराते वीरदावन आऐ ॥ तहादेवलोगनभजेन ॥

अन्त—क—धरमदास तत जोली देखो। ततु मैनहितनु है ॥ कहै कबीर नीह-तत् दरसे ॥ आवागवन नेवारिऐ ॥

ख—कीरत घट बजाऐ आरती ॥ जोती वदन सबकरैं ॥ गीरजा प्रसाद पावै ॥ जनम जनम को दुख हरै ॥

जो नर गावही दानलीला ॥ सुनैमनचीतलाऐ हैं ॥ कोटीजगफल तवही पावै ॥ बीसनलोक सीधावही ॥ चौपाई ॥ ऐती श्रीपोथी दानलीला ॥ सपुरन ॥

[२३] (ङ) ज्ञानप्रकाश—ग्रंथकार-धर्मदास । लिपिकार—वैरागी लालदास । अवस्था-प्राचीन । हाथ का बना देशी कागज । पृष्ठ-सं० ४८ ।प्र० पृ० ५० लगभग—८१ । आकार—६" × ८" । भाषा-हिन्दी । लिपि-नागरी । रचनाकाल—× । लिपिकाल—फाल्गुकृष्ण चतुर्थी, रविवार, सवत् १९३२ वि० ।

प्रारम्भ—मननाममतसुकीत ॥ आद अदनी । अमर अमीत । पुरुष मुनीश्र ॥
कन्नमेकवीर मुरतओम ताज्न ॥
धनीअमदास ॥ चुरामनी नाम ॥ सुदरमन नाम ॥ वृत्तपति नाम ॥
पग्मोधगुरुवालापीर ॥ कवलनाम ॥ अनीलना ॥ सुरतसनेही नाम ॥
हकनाम । पाकनाम । प्रगटनाम ॥ साहेब नागगुरुममवामीसवीदमामा
लिवन ॥ श्रीगरथ ग्यान प्रगास ॥

॥चोपाइ॥

सतगुरुमतपुरुषमतानाम । मतपुरुष तसमुवधाम । मनमुकीत लोकनेरामी । ग्यनामी ।

अंत— मानी । गाधु ओसा चाहीये । अकाटु है । औगुन पर जो गुन करे । सागुन चाटु सुनै ॥
गुरु ओसा चहिये । नामीकम गर हाते ॥ जन्म जन्म की सुरचा । गुरचरन आलारैपाते ॥
चोपाई । ऐती गी गरथ ग्यान प्रगास ॥ धरमदास सबोधकथा । सपुरन । समापत । जा देखा सा लिखा ॥ ममनाम न दोसन । हस्तअक्षरमहर पत्तीदा मयनारा । सरजमतमहल-मावदरी मोरी ॥समत ॥ १६३२ ॥ फ गान महीना फागुन । क्रीस्न पक्ष तीथी चौथी । रोज आदतवार ॥

वि०— कबीर-साहित्य ।

टि०—१—इस पोथी में आरम्भ, चौपाई दोहा और छंदों में कबीरपंथ के सिद्धान्तों का प्रतिपादन किया गया है । इसमें कबीर, सद्गुरु और धर्मदास के साथ कहीं 'उवाच' और कहीं 'वचनम्' कह कर लिखा गया है । प्रतीत होता है कि कबीर परंपरा के संत साधु धर्मदास कृत यह पोथी है ।

२—इसकी लिपि अस्पष्ट तथा प्राचीन है । लिपिकार ने अपना पूरा पता निम्नलिखित शब्दों में दिया है—
"सीता मसुनाबाद । कसुयान गुरुकीन्या महत ममलदास के अखाकमा ॥ बैरागी लालदास । मरफलीमीतेयारकीया । सेवक सुन्दरदासवादीका गामही ॥ (इससे स्पष्ट होता है कि लिपिकार जिला मुर्शिदाबाद डाका के निकट) किसी अखाड़े के साधु थे । लालदास लिपिकार ने इस पोथी को लिखकर सुन्दरदास को सौंपा । यह पोथी विवेच्य और अनुसंधान के योग्य है । विस्तृत विवेचना के पश्चात् संभव है कबीर साहित्य की अभिवृद्धि हो । यह पोथी अघोरी गुरुशरण प्रसाद अघीसावन, ग्रा नौडीहा, (पटना) के सौजन्य से प्राप्त हुई ।

[२४] दुर्गा प्रेमतरंगिनी—रचयिता—नरनारायण सिंह । लिपिकार— × । अवस्था—अच्छी । पृष्ठ-सं०—१०८ । प्र० पृ० पं० लगभग—३० । आकार—१०½"×८½" । भाषा—हिन्दी । लिपि-नागरी (कहीं-कहीं उर्दू) । रचनाकाल-सम्वत १८८७ वि० । लिपिकाल— ×

प्रारंभ०—१—तरङ्ग । अथ श्री पोथी "दुर्गा प्रेमतरंगिनी लिख्यते १ । श्री गणेशायनमः ॥ आरती । श्री दुर्गा जी की ।"
करन आरती दुर्गा जी की ॥ जड़ तिमिर हरन सबही की ॥
प्रथम आरती उग्रासुरारी ॥ गजमदन गंभीर तवारी ॥
जब मधुकैटभ मिलि आरति कीन्हा । जग प्रतिपाल करन हर लीन्हा ॥१॥
द्वितीय आरति ब्रह्म संचारे । मधुकैटभ न जन लखन प्रचारे ।
तजि निद्रा श्रीपति तेहि मारे । मधुकैटभ के प्रान उतारे ॥२॥
त्रितीय आरति शंकर साजैं । त्रिपुरासुर जबहन के गाजैं ।
चौथी आरति सुरपति कीन्हा । उग्रासुर बध को वर लीन्हा ॥३॥

अन्त०— गीत-देवी पद ।
ऋतु सावन हिमवन हिमनंदिनी रत गावैं गिरिनन्दिनी नवीन घन वन में ॥
चन्द्रमुखी बदन नागी रवि दुति ज्योति बागी भूषन वसन सब दमकि के तन में ॥१॥
बनमाहि डोलति सो बोलति मधुर बानी गावती बजावती मृदंग संग छन में ।
चुनरी कुसुम रंगी चपलनि की तरंगी । सुथी दामिनी गिरिनन्दिनीके तनमें ॥२॥
ल्याइके बैठाई रचि सुमन हिंडोले सुनि गोहिवर वनन तड़ित जिमि घनमें ।
हृदोंका हूलावनी सुनावती मधुर राग लखि अनुराग ते मगन नर मनमें ॥३॥
इति ३ तरङ्ग ॥

वि०— दुर्गा-सम्बन्धी भक्तिकाव्य ।

टि०—१—सम्पूर्ण पोथी १६६ पृष्ठो मे है । किन्तु 'दुर्गा प्रेमतरंगिनि' की पृ० सं० १०८ है । इस ग्रन्थ के अतिरिक्त नरनारायण सिंह एवं अन्य कवियों की रचित रचनाएँ भी हैं।

२—नरनारायण सिंह की निम्नलिखित अन्य कृतियाँ भी इसमें हैं—
क—दुर्गाष्टोत्तर शतनाम स्तोत्र—पृ० १ से ७ तक ।
ख—शतनाम स्तोत्र—पृ० ७ से १२ तक ।
ग—दुर्गा नाम माहात्म्य—पृ० १३ से १६ तक ।
घ—दुर्गा नमस्कारादिस्तोत्र—पृ० १६ से २० तक ।
ङ—दुर्गा निवार स्तोत्र—पृ० २० से २२ तक ।
च—दुर्गास्तोत्र—पृ० २२ से २४ तक ।
छ—दुर्गानाम मालाष्टक—पृ० २४ से २६ तक ।
ज—दुर्गास्तव—पृ० २७ से २८ तक । इसमें 'कमल-बन्ध' है ।
झ—शिवपंचाक्षर स्तोत्र पृ० २८ से २६ तक ।

ग—रामपद्धर स्तोत्र—पृ० ६ से ■ तक।

ट—द्वादशाक्षर स्तोत्र—पृ० ० से ३१ तक।

ठ—गंगा स्तोत्र (उदाहरण नाम)—पृ० ३१ से ३३ तक।

(उपर्युक्त सभी रचनाएँ संस्कृत में हैं।)

ड—दुर्गानामाथ नामावली—पृ० ३४ से ३५ तक—इसके अंत में लिखा है "दुर्गा का नामा। नग निचिन किया प्रकाश। भैरव वेदहि मह समी सुम्बत माघहि मास ॥२८॥" अर्थात् सभी रचनाएँ (पोथियाँ) सं० १६४८वि० में या इससे पूर्व लिखी गई हैं। इसके अतिरिक्त इनकी निम्नलिखित अन्य रचनाएँ भी इस जिल्द में हैं—

ढ—छप्पै मध्यावरी यह रचना अच्छी है। उदाहरण—तरुन प्रमुख कहि कहत रंग कैसा पना का। वैदेही पितु कवन भूमि-सुत कहिअत काका॥ नासिक का का कहत कवन वाहन विधि माहै॥ का गिरजा का मातु शत्रु पाले कहिअत का है॥ आदि अंत दुइ परिहरा मध्यवरन में नाम है। कायस्थ वंश में है निपुन कवन पनेही नाम है—॥१॥ उपर्युक्त पदों में रेखांकित शब्दों का क्रमशः अर्थ या भाव है—जवान मुकुन जनक मंगल अनार, मराल मयना और कनक। इन शब्दों के मध्य वर्ण का मिलान से बाबू जगनारायण होता है जो ग्रन्थकार का नाम है। यह अंत पोथी के पृष्ठ-सं० ४४ में है।

ण—दोहावली—(१) इसमें दोहा कवित्त चित्र-काव्य के उदाहरण हैं। बीच में एक अध्याय ऐसी रचनाओं का है जिसका शीर्षक है—(श्यवहार पत्र) लेफ्टर। उसमें कायस्थ वंश का इतिहास भी है। इस ग्रंथ के प्रथम में ही पत्रिका नामावली नाम की भी एक रचना है। उसमें लिखा है—

स्वस्ति श्रीसवगुननिपुनगिरिजुतानंदभाद।

सकल कार्य कारिन चतुर बाबू महेन्द्रप्रसाद॥१॥

नारायन गुनसिन्धुगनपतिशुभअनुराग।

रत्न चकाभा चनगुरुजन्तुभगन्तक॥२॥

जगतहितकारी नरवत गुननर अभिमान।

अर्जुन लसक सकल मनोज दिनेश प्रभाव॥३॥

जगनारायन अस्तिरत स्वर रघुवीरदास।

कहि नाम बहुविनयगुनकारिदुर्गा गुनवाद॥४॥

इति कुशलप्रश्नमय सत्कार सुमन करैन।

चाहत सब मंगल कुशलपत्रपत्रअनन्तरैन॥५॥

आयो तव शुभपत्रिका फागुनयुत शनिवार।
पढ़त सुखद तन को भयो आनन्द देव अपार ॥६॥
सरजु पावन ते विमल आयो मीन "समाह"।
किंचित बरनन किन्ह कवी याञ्लोक मन्हार ॥७॥
'मीन' कहि जल थोड़ेहि घाते अधिक पियास।
तुलसी प्रीति सराहिए सुए मीन की आस ॥८॥
तेहि राखेव अति प्रेमते गादर हर्षवशाए।
लखि सूरत तव प्रीत की प्रेम हिये न समाए ॥९॥
जन्मपत्रिका तव सुभग निरखि परखि सब रीत।
लै सम्मत सब गणकसों निर्णय किहौं तुमप्रीत ॥१०॥
सौंपे निसदिन राखिये कृपादृष्टि अनुकूल।
भेजत रहिये पत्रिका कुशल सुमगल मूल ॥११॥"

इस 'पत्रिका' से जहाँ कवि की रचना-शैली का पता चलता है, वहाँ इनकी प्रतिभा तो परिलक्षित होती ही है, साथ ही यह भी प्रकट होता है कि इन्होंने जीवन के सभी क्षेत्र और व्यवहार में कविता को अधिक स्थान दिया था।

(२) यह पोथी तीस पृष्ठों में समाप्त है। दोहावली आरंभ होने के पूर्व विषय-सूची और कविताओं की सूची भी दे दी गई है। प्रारंभ में लिखा है—

"सारन में छपरा जिला बरड परगन जान।
ग्राम पट्टे ही बसतु हों गंगसमीप प्रधान ॥४॥
चित्रगुप्त के वंश मे श्रीवास्तव्य सुकाम।
है कायस्थ सुवश में 'नर नारायण' नाम ॥५॥
छन्द भग अनमिल वरन व्यर्थ उपमा होय।
कवि-कोविद तेहि क्रिपा करि शुद्ध बनावहु मोय ॥६॥
सम्वत् नखि ग्रह ग्रह वेद दिन दिनकर मिथुना जान।
कृपा देवगण से भयो . . . ।"

(३) कवि की यह कृति सं० १६४७ वि० की है। इस ग्रंथ में मुख, केश, भृकुटी, नयन, नासाबुलाक, अधर, दशन, हास्य, वाणी, भुजा, कटि, जंघ, चरन, पद-नख-शोभा, गति, तन, तन-सुगन्ध, भूषण, षोडश शृंगार, नख-सिख आदि के आधार पर भिन्न-भिन्न छन्दों मे वर्णनात्मक रचना की गई है।

(४) पुस्तिका की पृष्ठ-सं० २३, २४ और २५ मे चौपडबन्ध, डमरुबन्ध, और छत्रबन्ध की कविताएँ है। ग्रंथ मे दिये गये निर्देश से प्रतीत होता है कि इस प्रकार के चित्रात्मक बन्धपरक रचनाओं की कुल संख्या ५८ है।

(५) पृष्ठ-सं० २६ से व्यवस्था पत्र (लेक्चर) प्रारम्भ होता है। इसमें कायस्थ जाति और उसके विवाह तिलक तथा अन्य सामाजिक कृत्यों के सम्बन्ध में व्यवस्था दी गई है। जैसे—

श्लोक — 'अशुद्ध शुद्धता यानि शुद्धो भवति किल्विषी।
न च गया गया काशी जातिगंगा गरीयसी॥"

तथा दोहा (उपर्युक्त श्लोक का अनुवाद)—
होत अपावन पावनो पावन पापी जान।
नहिं गंगा काशी गया गंगा-जाति प्रधान॥"

दोहावली—यथा—व्यवस्था—

' प्रथम सुमिरि गणपति चरन गिरिजा पद धरि ध्यान।
समाचार मंगल कहौं कायथ जाति प्रमान॥
भये पितामह काय ते चित्रगुप्त गुणवान।
द्वादश सुत तिन्ह के भये जग मह विदित प्रधान॥
श्रीवास्तव्य बसिष्ट पुनि माथुर अरु सकसेन।
बर्ण सूर्यध्वज गौड कहि अपर निगम सुख देन॥
अरिष्ठन अम्बष्ठ अरु भटनागर कुलश्रेष्ठ।
ऐ द्वादश कायस्थ है ज्योतिष्ज्ञ तांत इष्ट॥
चतुर विचक्षण शास्त्रविद धर्मशील जयशील।
प्रगट व श्रीवास्तव्यकुल मुंशी प्यारेलाल।
पेषि दशा स्थान की मन में किया विचार।
ब्याह होसला के जलधि बुड़ सब संसार॥
खान्दान स्थान के कैत बहुत कुलान।
ब्याह समय अति सुचहि भये सकल धनहीन॥

इसी प्रकार इस व्यवस्था पत्र में विवाह-समस्या सम्बन्धी उपयोगी व्यवस्था दी गई है जो पठनीय है। इसके अन्त में संवत् कार्तिक कृष्ण एकादशी गुरुवार १६३० लिखा है।

(६) *वर्णी प्रेम तरंगिनि के प्रारम्भ होने के पूर्व प्रेम तरंगनी की व्याख्या के रूप में कुछ दोहे लिखे गये हैं जो पृष्ठ सं० १०१ में है। उस व्याख्या-भाग के अन्त में निम्नलिखित दोहा है जिसके विषय में कहा जाता है कि ये बाबू साहब ने मृत्यु के दो दिन पूर्व बनाया था—*

सम्वत् राशी ग्रह वेद निधि दिन कर मिथुना जान।
कृपा देव गुरु ते भयो शुभ समाप्त अनुमान॥ ५॥

इससे सिद्ध होता है कि इनका देहान्त १९४७ में मिथुन राशि के उपस्थित होने पर हुआ था। यह इनकी सबसे अन्तिम कृति प्रतीत होती है।

(३) इसमें कोई सन्देह नहीं कि विहार के इस गौरवशाली कवि की प्रतिभा विचित्र थी। इन्होंने न केवल संस्कृत और हिन्दी में ही पद्य-रचना की है, अपितु इनकी फारसी की भी रचनाएँ इस पोथी में हैं। कई स्थानों पर तो एक विषय को ही तीनों भाषाओं में, बड़े सुन्दर शब्दों में व्यक्त किया गया है। यह ग्रंथ पठनीय और प्रकाशनीय है। ग्रंथाकार के वर्त्तों' के आधार पर की गई रचनाएँ अधिक द्रष्टव्य हैं।

(४) पृष्ठ-सं० ३२ में, इनके मथुरा जाने पर पंडा की वही में लिखी गई रचना है। पृ० ३३ में तम्बाकू के ऊपर लिखी गई एक कविता है। मथुरा के पंडे की वही वाली कविता सं० १९२८ में लिखी गई थी,जिसमें कवि के साथ ही परिवार के अन्य व्यक्तियों की भी चर्चा की गई है।

(५) ग्रंथ में कविवर नगनारायण सिंह के अतिरिक्त प्रान्त तथा विशेषत छपरा जिले के कई अन्य कवियों की भी कविताएँ हैं--जिसमें ग्रंथकर्त्ता की ही प्रशंसा की गई है। इससे प्रान्त के कतिपय कवियों, साहित्य-सेवियों के नाम, स्थान आदि का पता मालूम हो जाता है—(१) वंशावली तथा प्रशस्ति में, पृष्ठ सं० ३६—पं० प्रयागदत्त, (२)—पृ० सं०-३७ नावापार वसवली के पण्डित के आशीर्वाद, (३) रीठ ग्राम के छठु पण्डित की रचना। पृ० सं० ३८, (४)—पं० हृदयगुरु—इनकी रचना पृ० ३८ में है—

टिप्पणी—यह ग्रंथ प्रसिद्ध संत दरियासाहब का है। इसमें श्री दरियासाहब के दार्शनिक विचारों का संग्रह है। ग्रंथ के लिपिकार बालकृष्णदासजी ने ग्रंथ के अंत में दरियापंथ के अन्य अनेक साधुओं के नाम तथा परिचय देते हुए लिखा है—'गरथ नपुरन लीगलभअल ग्यानरतन सतगुरुदरीआसान जो मालनहो भारानवालरीरनदास श्रीग्रामादन के फकीर अपना दसतका साहवदभइल साहब का सलाम पम्नेदस्तनारीपरा मीती अगहनसुदीपचमी सुमनीन बुध के पुरनगरथमइल। गगादास की हार ।' इससे दरियासाहब के बाद उनके दो शिष्य बालकृष्णदास और गंगादासजी का पता चलता है।
यह ग्रंथ गीवान मुहल्ला (तुलसीघाट परनामिरी)—निवासी मोतीलालजी आर्य के द्वारा प्राप्त हुआ।

[३६] आत्म प्रबोध—ग्रंथकार—×। लिपिकार—×। अवस्था—जीर्ण शीर्ण प्राचीन, हाथ का बना देशी कागज। पृष्ठ-सं —६८। प्र पृ प लगभग २४। आकार—, ˈ×१० । भाषा—हिंदी। लिपि—नागरी। रचनाकाल-×। लिपिकाल-×।

प्रारंभ—गुरुदेव की सत्ता द्वारा सोसागर में राम आत्मा को चाहता है। सो इस आत्मा आपणो आप प्रसिद्ध की वेदने भी उपमा भारी कही है ॥ सो अब आत्मा हमको भूल गया है ॥ सो तीसकी ग्यानवासतेमत न कीया चहता है। शिष्योवाच। हे गुरो आगे प्राथने यह कहा था ॥ जो राम आत्मासुख तुरीया है सोए तेरा स्वरूप है ॥ सो अब जिस प्रकार इस अपणे आप सुखस्वरूप को जाणे। सोई प्रकार आप निपा जणाईये। श्री गुरोवाच। हे शिष्य जो तुम्हारा आप सुखस्वरूप है सो जिसका तुम ऐसा भूला है। तीन इस्थानो विषे आयके। सो जिस प्रकार इनिने तुमको जीवभावविषे कीया है सेंमण ॥ सो तीन स्थान यह जाग्रत सुप सुषीप्त ॥ सो सात को ।

अंत—स्वान की न्यायी मस्कता रहता है। सानिसपुर्पको की न्यायी कछु खबर नहा पवती इम प्रकार की।

सो इस संसार विषेसुभक्या है असुभक्या है।
सोय सुनी न्याडी आयके फिर चला जाता है॥
सो इसलेय अहाढ ध्यान के आसरे है॥
सो जिन पुर्ष को इसका ज्ञान नहीं॥ सो इसलेय कछू है नहीं॥
हे नारद सो इस ध्यान का आत्मा भीनूऔर है॥
हे प्रभो सो अन इस यान का आत्मा और कौन होयेगा
सोचित की इकागरता विना कछू सिध नहीं होता॥

विषय—दर्शन।

टिप्पणी—यह ग्रंथ खंडित है। प्रारंभ में एक पृष्ठ नहीं होने के कारण ग्रंथकार और लिपिकार के नाम तथा काल आदि का पता नहीं चलता है। ग्रंथ के मध्य में भी यथासंभव कहीं भी इनका संकेत नहीं मिलता है। ग्रंथ भागवत महापुराण के आधार पर लिखित प्रतीत होता है। ग्रंथ में गुरु-शिष्य संवाद के रूप में, ईश्वर, जीव, आत्मा, मृत्यु, मोक्ष, जीवन, बन्धन, पाप, पुण्य और कर्म-अकर्म की सुन्दर विवेचना की गई है। बीच-बीच में दृष्टान्त देकर प्रतिपाद्य विषय को समझाया गया है। यत्र-तत्र, नारद, उद्दालक, श्वेतकेतु, जावालि आदि ऋषियों के नाम तथा परस्पर के वार्तालाप की चर्चा है। ग्रंथ मननीय तथा अनुसंधेय है। ग्रंथ की भाषा सधुक्कड़ी तथा पंजाबी से मिलती-जुलती है। ग्रंथ मे 'न' के लिए 'ण' का तो प्रयोग है ही 'इ' और 'ई' के लिए ह्रस्व और दीर्घ मात्रा लगाकर 'इ,' 'ई' का प्रयोग है। विषय का प्रतिपादन गद्य में किया गया है। ग्रंथ की लिपि, अस्पष्ट और प्राचीन है। यह ग्रंथ दहियावाँ (छपरा)-निवासी अवधेन्द्र-देव के सौजन्य से प्राप्त हुआ।

[३७] अमुसागर—ग्रंथकार—धर्मदास। लिपिकार—रामभरोसदास। अवस्था—अच्छी। प्राचीन, हाथ का बना देशी कागज। पृष्ठ-सं०—८२। प्र० पृ० पं० लगभग—२२। आकार-६¾″×८½″। भाषा—हिंदी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—भाद्र शुक्ल द्वादशी। सं० १३०८ साल।

प्रारंभ—"सतसुक्रीत आदअदली अजर अचींत प्रुसमुनींद्रकरुनायेक वीर के दासा धनींध्रमदास के दाआनकलसंतकेदाआसेलीखते ग्रंथ अमु-सागर—

॥ दोहा ॥

ध्रमदास सीरनाएके वीनेे कीन्ह करजोरी।
तुम्हवहीऑसभजीव कहकीएअनुग्रहमोरी॥
तुअचरननवलीहारी जुगलेजातु अभालह।
जेहीवीधी हंस उबार मरदनकीन्हीकालकह॥

॥ छन्द ॥

आनीवहा आनन्दअनमसब यापीअजमीर्न हो ।
आनन्दरूपमीडगग तुम्हअथाकाडअमय ।
अपआवद्धपारजनके यचसममीअन्तर ।
तुम्ह अपनकेगनी दनके दामानन ।

सोरठा ॥

हवरानकहकथा जीव मार हथर पथयहे ।
असुसागर अथ सावरन प्रभुकीचीरो ॥

॥ चौपाइ ॥

घमनदासपुरुगुन गाव तुमजुगन्ने नाम सुनाउ ।

अन्त—' पुर्डन्पवरनाअनीपावन । एके पुरमीआगीनजावन ॥
हमन्पशीमानतुमाती । सोन्समानुरमहेकाति ।
मुक्तीअमरपदजहलाजाऊ। दरशनपाऐ रोगअपनासा ॥
आसेपरसा नीवर मीन्हा । पहु चलाअपसजी हचीन्हा ॥
आनीअवसागरमेंमाना । कमीतचारीगुरतीजीन्हराजा ॥
मीनी जीवभाइ । जमहमीवमरलोकपहुँचाइ ॥
इनिकयापावमअतीशोहायनअमुशागरवरननकीवो
जहीकरहीभजनसतउपन अकथनीचीग्रचीनधरो ॥
खन्मनाहरयारशाओशान्तिगाइ चढेहसतहीवाम सुक्सागर
पहुँच सही इती अथ ममाप्त ।'

विषय—दर्शन । निर्गुण-साहित्य ।

टिप्पणी—यह ग्रंथ चावह खन्डों में है । इसमें जीवन, मोक्ष आदि दार्शनिक विषयों की निर्गुणात्मक विवेचना की गई है । कथोपकथन के माध्यम से विषय का प्रतिपादन किया गया है । पूरे विषय का एक हंस के द्वारा कहलवाया गया है । ग्रंथ विवेच्य और पठनीय है । यह ग्रंथ प्रकाशित-सा प्रतीत होता है । ग्रंथकार धमदासजी ने इसे बड़े ही रोचक ढंग से लिखा है । प्रारंभ में आदिपुरुष के दर्शन होते हैं । पश्चात् आदिपुरुष के यहाँ से सत्गुरु अपने संदेशवाहक हंस को भेजते हैं । वह हंस इनके सभी प्रश्नों के उत्तर के अतिरिक्त साधुओं के आचार विचार निर्गुण ब्रह्म कलियुग में जीवन बिताने की रीति आदि विभिन्न विषयों पर अपना विचार व्यक्त करता है । पृष्ठ सं० ५ ६ ७, ८ और ६ में हंस ने अपना परिचय दिया है और अपने आपको कबीर के रूप में प्रकट किया है— अमरदेह हंसा तेही पावइ ' । सतगुरु अमर पुरुष के पास अनेक हंस (जीव) रहते हैं—

"सुन उमपत पुर्स जब कीन्हा । स्वामा नव्दने सबकुछ कीन्हा ।।
अछयदीप ऐक गुप्त रहाई । .... ।।
तीन्हकेवहुतजीवहैमाया जीवनमायत्नीआवाद्राथा ।।"

आगे लिखते है—"कोटीहंमाताहामाथनबाई । नामकबीरहंसग्जबारा ।
जीव अवानटीन्ह जग आई । जब तुम्हार कीन्ह वहुताई ।
तब तुम्ह नींदा जागा स्वामी । हमहींकोजेगए सुरधामी ।।"

हंस अपने निवास-स्थान के विषय में कहता है—
"दीप ऐक मानीकपुर गाउ । आदीपुर्सजाहाआपुरहाउ ।।
रूपरंग तीन्ह कछु नाही । वरनत वचनवने कछु नाही ।।
हीराछत्रमाथेपरछाजे । अनहदधुनी ताहाअतिप्रीअजागे ।।
कोटीन्हरविऐकरोमलग्नाही अमीसम्पदसमहवीराजही ।।"

आगे और भी स्पष्ट करते हुए लिखा है—
"उत्तर दिशा लोक कहे भाई । अगमपुर्सजाहाआपुरहाई ।।
ताकेनाम पावप्रेमाना । कोटीन्हम यहंसकोई जाना ।।
तमगुरुमीले जेही देही लखाई । सुरतिनीरंतरध्यानवताई ।।
मकरतारजाहालागे डोरी । पहुँचे हमनामकीसोई ।।
ताहीलोक के नाम अपारा । षोडश नाभ ताहा अनुसारा ।।"

ये सारी बातें हंस द्वारा कही जाने के बाद धर्मदास जी ने कहा है—
"सब्द तुम्हार सुनत प्रीअ लागा । तुअदरसनपाऐमदभागा ।।
अकथकथासुनीचीतमम मोहा । तुम्ह पारस हमहेजीमीलोहा ।
आगे और कहो मोही स्वामी । चरन गहो प्रभु अतरजामी ।।

इसके बाद कथा का विस्तार प्रारम्भ होता है और हंस अपने पूर्वजन्म की बातें करता हुआ 'सत पुरुष' को 'हंस उबारण' की संज्ञा देता है। इसमें एक 'कदम पक्षी' की कथा के माध्यम से 'पापी जीव' के जीवन पर संकेत किया गया है। स्थान-स्थान पर 'ब्रह्म' पुरुष को निर्गुण सिद्ध किया है। ग्रंथ बड़ा ही महत्त्वपूर्ण है।

ग्रंथ की लिपि अस्पष्ट और प्राचीन है। यह ग्रंथ कबीर मत के वचनवंशीय मठ के महंथ आचार्य बलदेवदासजी, रोसड़ा (दरभंगा) से प्राप्त हुआ।

[३८] विचार-गुणावली—ग्रंथकार—कृष्णकारख दास। लिपिकार—श्यामदास। अवस्था—अच्छी, प्राचीन। देशी कागज। पृष्ठ-सं०—२४। प्र० पृ० प० लगभग—२८। आकार—७$\frac{1}{6}$"×७"। भाषा—हिंदी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—×।

प्रारंभ—'सतनाम सत सुकृत आदि अदली अजर अचिंत पुरुष मुनींद्र करुनामय कबीर धनी धर्मदास वंश नाद्र सुदर्शन सकल संत के दया से लीखते ग्रंथ विचार गुण।

साखी॥

'यारथ बीचार ग्रंथ है। सुनाम तब ही तनाइये॥
औरध्यान अनुवाद है। सातोंही सहीं तुम पाइये॥
सुरति को चाम्हानु मरीहे। तासोंही रखे अगाध।
और पाख गी नीच करे। सोइ अगम कहे चाहुँगे॥

अंत—'गुरुशाता भेद नगन में। तामीसरी गगने कोइये॥'
पीरपराबीनमार स। पारनगावहीसाये॥
इतीश्रीग्रंथबीचारगुण समापत।'

विषय—कबीर-साहित्य।

टिप्पणी—यह ग्रंथ धर्मदास जी के द्वारा कबीर साहब द्वारा किये गये प्रश्नों के उत्तर के रूप में लिखित है। ग्रंथ के प्रारंभ में ही—
'धर्मदासभरनीकरमुनिऐपुरुषपुरानकानविधिहमपाइहाबाहयतुम्हर ध्यान म ऊपरमधागमनक ाँकीपाकहीयाजेआकतुमरनीसुनहैसोदीनहमसाये।
धर्मदास जी द्वारा किये गये इन प्रश्नों के उत्तर में 'परम पुरुष ने पहले अपना ध्यान बनाया है। इसके बाद आगे की कथा में 'गुरु का महत्त्व अनहद नाद सुरति ध्यान आदि की चर्चा की गई है। ग्रंथ ध्येय है। इन ग्रंथों के प्रकाशन और अनुसंधान से संभव है, कबीर-परम्परा के साहित्य में कुछ वृद्धि हो। ग्रंथ की लिपि अस्पष्ट और प्राचीन है। इसके साथ एक ही जिल्द में दो और 'गियाबोध' तथा 'आदि उत्पत्ति' नामक लघु ग्रंथ भी सम्बद्ध हैं। यद्यपि ग्रंथ का रचना काल और लिपिकाल का स्पष्ट संकेत नहीं है तथापि ग्रंथ के प्रारंभ में '? फागुन सं० १११४ स्नान आरम्भ कीता' तथा 'गियाबोध' के प्रारंभ में '६ फागुन सं० १११४ स्नान' लिखा है और आदि उत्पत्ति के अंत में "१४ फागुन सं० १३१४ स्नान" लिखा है। किन्तु यह प्रतीत होता है कि लिपिकार ने लिपि का समय लिखा है। ग्रंथ की भाषा पूर्वी अवधी है। सधुक्कड़ी भाषा का प्रचुर प्रयोग किया गया है।

यह ग्रंथ राघवा (दरभंगा) के कबीरपंथीय मठ के महंथ महाराज बलदेवदास जी के सौजन्य से प्राप्त हुआ।

[३६] विनयपत्रिका—रचयिता—गो० तुलसीदासजी। लिपिकार—×। प्राप्तिस्थान—स्थान, ? ग्राम ? ? ? ? ? कागज। पृ० सं०—१२६। प्र० पृ० ? पंक्ति—? । आकार—६ × १०। भाषा—हिंदी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—×।

प्रारंभ—"श्री गणेशाय नम राग बिलावल ।
गाइए गणपति जगवन्दनशंकरसुअनभवानीनंदन टेक
सिद्धिसदनगजवदनविनायक कृपासिंधुसुंदरसबलायक ।।
मोदकप्रियमुदमंगलदाता । विद्यावारिधिबुद्धिविधाता ॥
मागततुलसीदासकर जोरे । वसहिरामसियमानसमोरे १ ।।
दीनदयालदिवाकरदेवा । करमुनिमनुजसुरासुरसेवा टेक
हिमतमकरिकेहरिकरमाली । दहनदोषदुखदुरितरुजाली ।।
कोक कोकनदलोकप्रकासी । तेजप्रतापरूपरसरासी ।
नागविपंगुदिव्यरथगामी । हरिशंकरविधिमूरतिस्वामी ॥
वेदपुराणप्रगटजसजागें । तुलसीरामभक्तिवरमागें २ ।।"

अन्त—"सकलसभासुनिलीउठी जानिरीतिरहीहै ।
कृपागरीवनेवाजकी देखतगरीबकीसहनाबाहगही है ।।
विहँसि राम कह्यो सत्य है सुधि मैं हू लहीहै ।
मुदितमाथनावतबनीतुलसी अनाथकीपरीरघुनाथसहीहै २७८ ।।
इतिश्री गोसाई तुलसीदासकृतविनयपत्रिका समाप्त शुभमस्तु ।।"

विषय—तुलसी-साहित्य ।

टिप्पणी—यह गोस्वामी तुलसीदास जी का प्रसिद्ध ग्रंथ है। प्रकाशित ग्रंथों से इसमें यत्र-तत्र पाठभेद प्रतीत होता है। लिपि स्पष्ट और सुंदर है। यह पत्थर के अक्षरों (लीथो) में लिखा है। इस ग्रंथ का लिपिकाल स्पष्ट नहीं है, तथापि संवत् १८०६, फाल्गुन शुक्ल सप्तमी होना चाहिए। सन्नूलाल-पुस्तकालय, (गया) में स्थित प्रति का लिपिकाल सं० १८६६ है और नागरी-प्रचारिणी सभा में स्थित प्रति का सं० १८७६ है। यदि यह लिपिकाल ठीक है तो यह ग्रंथ अबतक प्राप्त सभी ग्रंथों से प्राचीन है। ग्रंथ प्राचीन होने के कारण यत्र-तत्र कीड़ों से छिन्न भिन्न हो गया है। यह ग्रंथ बजाजा लेन, बाकरगंज (पटना) निवासी लगनलाल गुप्त द्वारा प्राप्त हुआ।

[४०] रामचरित-मानस—ग्रंथकार—गो० तुलसीदास। लिपिकार—× । अवस्था—अच्छी। देशी कागज। पृष्ठ सं०—८१। प्र० पृ० प० लगभग—३०। आकार—६¾"×१०"। भाषा—हिंदी। लिपि—नागरी। रचना-काल—×। लिपिकाल—×।

॥ दोहा ॥

प्रारंभ—"गिरा अर्थ जल बीचि सम। कहियत भिन्न न भिन्न।
बन्दो सीता राम पद। जिन्हहि परम प्रिय खिन्न १७।।

॥ टीका ॥

कपि पति सुग्रीव ऋक्षराज जामवंत निशाचरराज लंकेश विभीषण और अंगदादिक जो समस्त वानरों का समाज १ सब के सुन्दर

चरण कमलों को मैं वंदना करता हूँ जिन्होंने अधम शरीर ही में राम पाये २ अन्य निखिल धारानिचरण न्यासकृत इस संसार में हुए हैं सब जगत् इत्यादि मृग राजेन्द्र सुर ब्रह्मादि असुर प्रह्लादादि नर अम्बरीष इत्यादि जो निष्काम भगवद्दास हैं तिन सब के चरणकमलों को मैं अभिनंदन करता हूँ ४

॥ सोरठा ॥

अंत— 'अस बिचारि मति धीर। तजि कुतर्क संसय सकल।
भजहु राम रघुबीर। करुनाकर सुंदर सुखद॥
निज मति सरिस नाथ मैं गाई।
प्रभु प्रताप महिमा खगराई ॥१।

विषय— रामचरित्र।

टिप्पणी—यह ग्रंथ खण्डित है। प्रारंभ के चौबीस पृष्ठ नहीं हैं। अंत में भी कुछ पृष्ठ नहीं हैं। खण्डित होने के कारण प्रारंभ की पंक्तियाँ पृष्ठ-संख्या २५ से लिखी गई हैं। ग्रंथ की टीका अच्छी है। टीकाकार शुकदेवजी हैं। बाल काण्ड के अंत में लिखा है 'इति श्री शुकदेव [illegible] मानसरहस्य नाम भूषण बालकाण्ड संपूर्ण शुभमस्तु'। टीका की भाषा ब्रजभाषा से प्रभावित मध्यकालीन हिन्दी है। ग्रंथ में यत्र तत्र पाठभेद भी है। ग्रंथ प्राचीन पत्थर के अक्षरों (पुराना लीथो) में लिखित है। यह ग्रंथ पूर्णिया जिले के कस्बा ग्रामस्थित गदाधर पुस्तकालय के सौजन्य से प्राप्त हुआ।

[८१] रामायण—ग्रंथकार—गो० तुलसीदास। लिपिकार—×। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना मोटा देशी कागज। पृष्ठ-सं०—१९३। प्रति पृ० पं० लग भग—२७। आकार—८ × ११½। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—श्रावण-कृष्ण पंचमी सं० १८३६।

प्रारंभ— 'श्री गणेशाय नमः ॥ अथ बालकाण्ड लिख्यते ॥

॥ श्लोक ॥

वर्णानामर्थसंघानां रसानां छन्दसामपि।
मङ्गलानां च कर्तारौ वन्दे वाणीविनायकौ ॥१॥
भवानीशङ्करौ वन्दे श्रद्धाविश्वासरूपिणौ ॥
याभ्यां विना न पश्यन्ति सिद्धाः स्वान्तःस्थमीश्वरम् ॥२॥
वन्दे बोधमयं नित्यं गुरुं शङ्कररूपिणम् ॥
यमाश्रितो हि वक्रोऽपि चन्द्रः सर्वत्र वन्द्यते ॥३॥
सीतारामगुणग्रामपुण्यारण्यविहारिणौ ॥
वन्दे विशुद्धविज्ञानौ कवीश्वरकपीश्वरौ ॥४॥

उद्भवस्थितिसंहारकारिणी क्लेशहारिणीम् ॥
सर्वश्रेयस्करी सीता नतोऽहं रामवल्लभाम् ॥५॥
यन्मायावशवर्तिविश्वमखिलं ब्रह्मादिदेवासुरा
यत्सत्वादमृषैव भाति सकलं रज्जौ यथाहेर्भ्रमं ॥
यत्पादप्लवमेकमेव हि भवाम्भोधेस्तितीर्षावतां ।
वन्देऽहं तमशेषकारणपरं रामाख्यमीशं हरिम् ॥६॥
नानापुराणनिगमागम सम्मतं—
रामायणे निगदितं। क्वचिदन्यतोपि ॥
स्वान्त सुखाय तुलसी रघुनाथ गा ॥
भाषानिबन्धमतिमञ्जुलमातनोति ॥

सोरठा ॥

जो सुमिरत सिधि होइ ॥ गननायक करिबर बदन
करौ अनुग्रह सोइ ॥ बुद्धिरासि सुभगुन सदन ॥१॥
मूक होइ बाचाल। पंगु चढ़ै गिरिवर गहन।
जासु कृपा सु दयाल। द्रवौ सकल कलिमल दहन ॥२॥"

दोहा ॥

अन्त—"मो सम दीन न दीन हित। तुम समान रघुबीर ॥
अस बिचारि रघुबंसमनि। हरहु बिषम भवभीर ॥१२२॥
कामिहि नारि पिआरि जिमि। लोभिहि प्रिय जिमि दाम ॥
तिमि रघुनाथ निरन्तर। प्रिय लागहु मोहि राम ॥१२३॥

श्लोका ॥

यत् पूर्वं प्रभुणा कृतं सुकविना श्री शम्भुना दुर्गम
श्रीमद्रामपदाब्जभक्तिमनिशं प्राप्त्यै तु रामायणम्
मत्वा तद्रघुनाथनाम निरतं स्वान्तस्तम शान्तये
भाषाबद्धमिदं चकार तुलसी दासस्तथामानसं ॥१॥
पुण्यं पापहरं सदाशिवकरं विज्ञानभक्तिप्रदं
मायामोहमलापहं सुविमलं प्रेमाम्बुपूरं शुभं ॥२॥
श्रीमद्रामचरित्रमानसमिदं भक्त्यावगाहन्ति ये
ते संसारपतङ्ग घोर किरणैर्दह्यन्ति नो मानवा।

इति श्री रामचरित मानसे सकलकलि कलुष विध्वंसने विमल वैराग्य सम्पादिनो नाम सोपान समाप्त ॥ शुभमस्तु ॥ सिद्धिरस्तु ॥ समाप्तोयं ग्रंथ ॥"

विषय— रामकाव्य ।

टिप्पणी—यह ग्रंथ लीथो टाइप में लिखा गया है। ग्रंथ में यत्र-तत्र पाठभेद है। ग्रंथ के प्रारंभ के पृष्ठ जीर्ण-शीर्ण हैं। मुखपृष्ठ के ऊपर लिखा है—

'मुद्रक राम नन्दनराम भगत ने छपवाया'। कागज प्राचीन है। यह ग्रंथ श्री राजनन्दन शर्मा, चिन्तामणिचक, मोकामा (पटना) के सौजन्य से प्राप्त हुआ।

[४२] रामचरित-मानस—ग्रंथकार—गो० तुलसीदास। लिपिकार—×। अवस्था—खण्डित प्राचीन देशी कागज। पृष्ठ-सं०—४६१। प्र० पृ० प० लगभग—३०। आकार—८ × १०'। भाषा—हिन्दी। लिपि—प्राचीन कैथी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—×।

प्रारंभ— गुरुपदरजम्रीदुमजुलअंजन। नायनअमीअ दिगदोषवीभंजन॥
तहाकरवीमलवीवेक वीलोचन। बरनौ रामचरीत भवमोचन॥
बन्दौ प्रथम महासुरचरना। मोहजनीतसशंसवहरना॥
सुजनसमाज शकल गुनखानी। करौ प्रनाम सुप्रेम सुवानी॥

अंत— राम अजोध्या छाइन कारी। बात सनावन कहेवासा कहइ॥
लक्ष्मनपुरतमरनालयामा। चलेआपसुरआगरराामा॥
श्रीपुलचीदाइरशत्रुघ्न कीन्हा। भूमीवारी नीच धुरन दीन्हा॥
मथुरा दनुजनासकी शीन्हा। दुशरशुत स्वबीधतम कीन्हा॥

विषय— रामकाव्य।

टिप्पणी—यह ग्रंथ प्राचीन कैथी लिपि में लिखा गया है। लिपि अस्पष्ट है। इसमें प्रचलित (मुद्रित) रामचरित मानस से कई पाठभेद हैं। ग्रंथ के अंत में उत्तरकाण्ड के बाद कुछ भाग अधिक है जो संभवतः प्रक्षिप्त 'लवकुश काण्ड' प्रतीत होता है। अंत में पोथी खण्डित है। पुष्पिका न होने से लिपिकार का नाम तथा लिपिकाल स्पष्ट नहीं है। तथापि लंका-काण्ड के अंत में "इति श्री रामचरीत्रे मानसे शकल कलाकलुषनावशने बामलनाग्यानशापारनो नाम रावन्मा शोपान लंका काण्ड सम्पुरन जा देखाशानीखामम दासनगीश्रते पन्नीतजनशो श्रीनर्वीसारी कुष्ण अछर पन्न जारी मीती असाढ़ वदी ६ १२६१ शाल बै० आसरनाथशाप शा शोभानगर लिखा हुआ है। इससे ज्ञात होता है कि कोई ईश्वरनाथ सिंह नामक व्यक्ति इस पोथी के लिपिकार हैं। यह ग्रंथ जौहरी मावजी, कस्बा, पूर्णिया से प्राप्त हुआ। ग्रंथ के अधिकारी द्वारा ज्ञात हुआ कि उनके पिता मुरारी लालजी ने यह संग्रह किया था। यद्यपि ग्रंथ में लिपिकाल का संकेत नहीं है किन्तु जौहरी जानजी ने उसका लिपिकाल लगभग ई० १२५२ साल बताया।

[४३] सूर-सागर—ग्रंथकार—सूरदासजी। लिपिकार—×। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना देशी कागज। पृष्ठ-सं०—२१६। प्र० पृ० प० लगभग—१८

आकार—८" × १०" । भाषा—हिन्दी । लिपि—नागरी । रचनाकाल—× ।
लिपिकाल—अगहन, कृष्ण १५, सं० १८७५, बृहस्पतिवार ।

राग गौरी ॥

प्रारंभ— हरिगोविन्दराधेमाला ॥ धनि धनि आठैं भादों पुरवाला ।
जसुमति अपनो पुन्य बिचारै ॥ बार बार सिसु बदन निहारै ॥
अगरस कर अरु आतप सुगरनौं ॥ ... उदमातौ जानौं ॥
हलरावति गावति कहि प्यारे ॥ बालगोविंद कौतिक भारे ॥
महरि निरखि मुख हिय हुलसानी ॥ सूरदास प्रभु सारंगपानी ॥३५॥

राग कान्हरा ॥

पलना स्याम हलावति जननी ॥
अति अनुराग परस्पर गावति प्रफुल्लित मगन मुदित नवघरनी ॥
उमगि उमगि प्रभु भुजा पसारत हरषि जसोमति अंकम भरनी ॥
सूरदास प्रभु मुदित जसोदा पूरन भई पुरातन करनी ॥३६॥

राग बिलावल ॥

गोपालमाई पालने झुलाए ॥
सुरमुनि कोटि देवतैतीसौ देखन कौतिक अंबर छाए ॥
जाको अंत न ब्रह्मा जानत सिव सनकादि न पाए ॥
सो अब देखौ नंदजसोदा हरषि हरषि हलराए ॥
हुलसत हंसत करत किलकारी मन अभिलाष बढाए ॥
सूरजस्यामभगतहितकारन नानाभेष बनाए ॥"

रागमारू ॥

अन्त— अति सुख कौसिल्या उठिआई ॥
मुदित बदन मन मुदित सदन ते आरति साजि सुमित्रा लाई ॥टेक॥
ज्यो सुरभी बन बसत बछ बिनु परबस पसुपति की बिहराई ॥
चली साँझ समुहाई स्रवत थन उमगि मिलन जननी दोउ आई ॥
दधि फल दूब कनक के कोपर साजत सौंज बिचित्र बनाई ॥
अमी बचन सुनि होत कुलाहल देवव्योम दुंदुभी बजाई ॥
अनेक रंगपट परत पवांरे बीथी सुमन सुगंध सिचाई ॥
हरषित रोम पुलकित गदगद ह्वै जुवतिनि मंगल गाथा गाई ॥"

विषय— काव्य । सूर-साहित्य ।

टिप्पणी—यह ग्रंथ अबतक प्राप्त सभी हस्तलिखित प्रतियों से प्राचीन है । नागरी-प्रचारिणी सभा, बनारस में 'सूर-सागर' की ४ प्रतियाँ हैं जो सं० १८६२, १८७३, १८६६ और १८५३ में लिखी गई हैं । श्री मन्नूलाल पुस्तकालय (गया) के संग्रहालय में प्राप्त दो प्रतियों का

लिपिकाल सं० १८५७ और सं० १८७४ है। ग्रंथ खंडित है। बीच के पृष्ठ १०७, १०८ और १११ से १५७ तक तथा २७८, २७८ ३४२, ३८३, ३८८, ३६४, ३६८, ४२२ एवं ४२७ से ४३२ तक नहीं है। पृष्ठ सं० ५३६, ५३२, ५४७, ५४८, ५४६ और ५५० भी नहीं है। इस प्रकार कुल पृष्ठ-सं० ७४० में ११५ पृष्ठ नहीं है।

संग्रह विस्तृत है, अतएव ध्येय है। प्रकाशित ग्रंथ से कई स्थानों में पाठभेद है तथा पौर्वापर्य का विपर्यय भी। संभव है, इसके अध्ययन-अनुसंधान से सूर के कुछ नवीन पद भी प्रकाश में आयें। ग्रंथ का अंतिम पृष्ठ नहीं है। लिपिकाल ग्रंथ के अंतिम पृष्ठ में ही लिखा था किंतु ग्रंथ के मालिक से वह खो गया। प्रारंभ के १६ पृष्ठ भी नहीं हैं। प्रारंभ की पंक्तियाँ १७ पृष्ठ से लिखी गई हैं। ग्रंथ की लिपि प्राचीन और स्पष्ट है। लिपि की शैली पुरानी है। यह ग्रंथ विन्देश्वरी प्रसाद वर्मा, ग्राम मैनपुरा, (गया, पटना) के सौजन्य से प्राप्त हुआ।

[८४] शब्द—ग्रंथकार—संत कवि दरिया साहब। लिपिकार—शिवप्रसाद दास साधन दास तथा रामदत्त दास। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना कागज सजिल्द। पृष्ठ-सं०—३५४। प्र० पृ० पं०—लगभग—१६। आकार—५½"–१०"। भाषा—हिंदी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—बैशाख कृष्ण षष्ठी, मंगलवार, सं० १६५५ वि० (फ० १३ ५ साल)।

सतनाम

प्रारंभ—स्वद के गरथ भाख ल दरीया साहब हंस उबारन स्वद कबीरय लीख्यत काहे के आसन वासन बाधल काहे के पवन पीवें दिन राती।१।

मध्य— धन्य सतगुर सत सब्द नीवारा।
मानुष से देवता जिन्हि कीहो मन सकल विकारा।१।

अंत—कहैं दरीया दरवेस कोई हरिकृश महल मासुक, महबुब जानी।

× × ×

मास बैसाख कीस्न पछ, षष्ठी मंगरवार
दुइ पहर के भितर ग्रंथ भया तइयार॥

विषय— दरिया साहब का यह सबसे बड़ा ग्रंथ है। इसमें विभिन्न रागों एवं छंदों के द्वारा सद्गुरु एवं ईश्वर का माहात्म्य वर्णित है।

टिप्पणी—यह ग्रंथ सिद्धान्त-ग्रंथ है। कबीरदास के 'बीजक' के समान ही यह ग्रंथ भी दरिया पंथियों में सम्मानित है। विभिन्न छंदों में ग्रंथ रचना हुई है। दरिया-पंथ के प्रायः सभी दार्शनिक और साम्प्रदायिक

सिद्धांतों एवं मान्यताओं की इसमें विवेचना है। यह ग्रंथ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। इसकी संग्रहालय संकेत क्र०-संख्या ३३ है। ग्रंथ धरकंधा (शाहाबाद) दरियामठ के महंत साधु चतुरीदास से डॉ० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

[४५] (क) ज्ञानदीपक—ग्रंथकार—संत कवि दरिया साहब। लिपिकार—नरहर दास। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना पतला कागज। पृष्ठ-सं०—१६७। प्र०पृ०पं० लगभग—१८। आकार—'१०½–११½'। भाषा—हिंदी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—आषाढ़ शुक्ल द्वादशी। फ० १२६६ साल।

आरंभ—प्रेम मुक्ति निजु मूल है, गुरु गमी करो सुधार
दया दीपक जबही बरै, दरसन नाम अधार॥

मध्य—विनय कीन्ह कर जोरि, सभ भव भर्म नशाइया
विमल मती सब मोरि, धन साहब दरसन दियो।

अन्त—तहां देखी दरसन मूल, सब मेटि भेतियाशूल
तब गवन भव छपलोक, सब छुटी जमके शोक॥

× × ×

भयो सपूरन ग्यान, सतगुरु पद पावन करो
उबरे संत सुजान, जिन्हि गमि कियो विवेककरी।

विषय—सद्गुरु और संत की वंदना। निर्गुण तथा त्रिगुण ज्ञान-द्वारा मुक्ति। तीर्थ और अन्य पाखंडों का उपहास।

टिप्पणी—ज्ञानदीपक दरिया साहब का अनुपम ग्रंथ है। आत्म निरोध, अहिंसा, ईश्वर, माया आदि विषयों पर कुंभज और भारद्वाज के बीच वार्तालाप का प्रसंग दर्शन-जैसे शुष्क विषय को सरसता प्रदान करता है। मुक्ति (दरिया) के विभिन्न जन्मों की कथा बड़े सुंदर ढंग से लिखी गई है। सृष्टि के संबंध में शिव-पार्वती-संवाद तथा सत्पुरुष के पुत्रों के विषय में कुंभज और नारद-वार्तालाप बड़े रोचक हैं। यह ग्रंथ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। इसकी संग्रहालय की संकेत क्र०-संख्या ३४-क है। यह ग्रंथ धरकंधा (शाहाबाद) दरिया मठ के महंत चतुरीदास से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ है।

[४५] (ख) दरियासागर—ग्रंथकार—संत कवि दरिया साहब। लिपिकार—नरहर दास। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना पतला कागज। पृष्ठ-सं०—७२। प्र०पृ०पं० लगभग—१६। आकार—'१०½–११½'।

भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—सावन बदी नवमी, शनिवार फ० सन् १२६८ साल।

प्रारंभ— अथ शब्दसागर [illegible] [illegible] [illegible]
[illegible] [illegible] विवेकिना सो [illegible] उतरहीं पार ॥

मध्य— निश्चै ब्रह्म सत है नाम निश्चै न्यारही भवजल पारा
निश्चै [illegible] [illegible] करतारा, निश्चै भक्ति प्रेम निजुसारा ॥

अन्त— [illegible] महल अगारिया, [illegible] सुनै पडुराग
सतगुरु शब्द [illegible] [illegible] [illegible] पड़िन महँ काग ॥

विषय— शब्द और नाम की महिमा। [illegible] का प्रकार। निर्गुण सगुणत्व और सगुण अवतार का वर्णन। सत्गुरु द्वारा मुक्ति का उपदेश। साधु संगति से लाभ। मूर्ति-पूजा-खण्डन तथा जाति-प्रथा के विरुद्ध आक्षेप।

टिप्पणी—शब्दसागर में शब्द और नाम का माहात्म्य वर्णित है। इसमें निर्गुण और सगुण का बड़ा सुन्दर विवेचन हुआ है। प्रयान्त में संसार की अनित्यता तथा माया की प्रबलता का वर्णन है। यह ग्रंथ परिषद् संग्रहालय में सुरक्षित है। संग्रहालय में इसकी हस्त० क्रम संख्या १४—क है। यह ग्रंथ धरकंधा (शाहाबाद) दरिया मठ के महत [illegible] से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ है।

[४४] (ग) भक्ति हेतु-रचनाकार—सन्त कवि दरिया साहब। लिपिकार—×। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना पतला कागज। पृष्ठ-सं० [illegible]। प्र० पृ० पं० लगभग—१८। आकार—१ [illegible]"—११½"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—सावन सुदी नवमी, शुक्रवार फ० सन् १२६६ साल।

प्रारंभ— [illegible] भक्ति निजुसार है, सुनो [illegible] चितलाय
[illegible] [illegible] यह, ब्रह्म अनूप [illegible] ॥

मध्य— [illegible] [illegible] पै [illegible], [illegible] [illegible] निरवान
[illegible] [illegible] [illegible] [illegible], लीला अगम [illegible] ॥

अन्त— [illegible] [illegible] के [illegible], [illegible] [illegible] [illegible]
[illegible] [illegible] में [illegible] [illegible], [illegible] [illegible] [illegible] ॥

विषय— [illegible] [illegible] [illegible] द्वारा [illegible] [illegible] का [illegible] वर्णन। [illegible] और [illegible] के [illegible] [illegible] तथा [illegible] से लाभ। सत्गुरु का [illegible], [illegible] [illegible] आदि का वर्णन।

टिप्पणी—[illegible] के [illegible] १० [illegible] का है। [illegible] [illegible] विषय [illegible] है। [illegible] [illegible] [illegible] के [illegible] के द्वारा ज्ञान [illegible] [illegible] की

विशद-व्याख्या इसमें की गई है। साधु-असाधु-वर्णन उपदेश-प्रद है। इस पुस्तक में दरिया साहब ने जाति-पाँति का खंडन करते हुए विश्व-बंधुत्व पर बल दिया है। ग्रंथ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। संग्रहालय में इसकी स्कं० क्र०-संख्या ३४ (क) है। यह ग्रंथ धरकंधा (शाहाबाद) मठ के महंत चतुरीदास से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

[४५] (घ) ज्ञान-सरोदे-ग्रंथकार—संत कवि दरिया साहब। लिपिकार—×। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना पतला कागज। पृ०-सं०—२३। प्र० पृ० पं० लगभग—२०। आकार १०½"—११½"। भाषा—हिंदी। लिपि-नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—श्रावण शुक्ल-एकादशी, सौमवार, फ० सन् १२६६।

प्रारंभ— दरिया अगम गँभीर है, लाल रतन की खानि
जो जन मिलै जौहरी, लेहि सब्द पहिचानि ॥

मध्य— पाँच तत्त की कोठरी, तामे जाल जंजाल
जीव तहावासा करै, निपट नगीचै काल ॥

अन्त— दरियानामा फारसी, पहिले कहा किताब।
सो गुन कहा सरोद में, गहिरि ग्यान गरकाब ॥

विषय— ईश्वर, आत्मा और शरीर आदि विषयों के अतिरिक्त इसमें स्वरोदय (स्वास की क्रिया-प्रक्रिया) के विज्ञान का वर्णन है।

टिप्पणी—ज्ञान सरोदै (जैसा कि नाम से ही ज्ञात होता है) प्राणायाम के माध्यम से ज्ञान-प्राप्ति का पथ-प्रदर्शन करता है। 'ज्ञान स्वरोदय' और 'दरियानामा' मूल फारसी ग्रन्थ का रूपान्तर है। ग्रंथ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। संग्रहालय में इसकी स्कंध क्र०-संख्या ३४ (क) है। यह ग्रंथ धरकन्धा (शाहाबाद) दरिया मठ के महंत चतुरीदास से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

[४५] (ङ) प्रेममूला-ग्रंथकार—संत कवि दरिया साहब। लिपिकार—×। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना पतला कागज। पृष्ठ-संख्या—१५। प्र० पृ० पं० लगभग—२०। आकार—१०½"—११½"। भाषा—हिंदी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—श्रावण शुक्ल पूर्णिमा, शुक्रवार, फ० सन् १२६६ साल।

प्रारंभ— प्रेम कवल जल भीतरै, प्रेम भँवर लै बास
होत प्रात सूरज खुलै, भान तेज परगास ॥

मध्य— कहे दरिया सतगुर खोजो सत सब्दही करो विचार
वो गुर रासता जगत मे निर्मल मिला न सार ॥

अंत— प्रिया भवन बिच भगति है, रहै पिया के पास
मन उदास नहि चाहिए, चरन कँवल की आस ॥

विषय— ईश्वर और सद्गुरु के प्रति प्रेम की दृढ़ता का प्रतिपादन।

टिप्पणी—इस छोटी सी पुस्तक में भी पशु पक्षी और की पतगों के उदाहरण द्वारा ईश्वर के प्रति प्रेम का अनूठा प्रदर्शन किया गया है। यह ग्रंथ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। संग्रहालय में इसकी रक्षक क-संख्या १४ (क) है। यह ग्रंथ धरकंधा (शाहाबाद) दरियामठ के महंत चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेंद्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

[४४] (च) ब्रह्म विवेक-ग्रंथकार—संत कवि दरिया साहब। लिपिकार—×। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना कागज। पृष्ठ-सं०—३०। प्र पृ० प० लग भग—२०। आकार—१०½–११½। भाषा—हिंदी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—भाद्र शुक्ल पक्ष एकादशी, बुधवार फ सन् १२६६ साल।

प्रारंभ— ब्रह्म विवेक ग्यान एह, दाता सुमति सुधार
ग्यानी समुझि विचारही, उतरहि भौजल पार ॥

मध्य— देख ही कौतुक नर औ नारी, कामल बालकुमारी
भीना उठि महाऋषि देख ही, मुनी प्रेम पिआरी ॥

अन्त— ब्रह्म विवेक ग्यान यह, पढे सुन चित लाए
मुक्ति पदारथ पावइ, सदा रहै सुख पाए ॥

विषय— सत्पुरुष के सत्यस्वरूप का वर्णन। विवेक-बुद्धि की आवश्यकता। पाखण्ड का भंडाफोड़। हठयोग के विरुद्ध सहजयोग का प्रतिपादन।

टिप्पणी—यह पुस्तक सुंदर अवस्था में है। इसमें सत्पुरुष तथा छपलोक का बड़ा अच्छा वर्णन है। आदि भवानी (माता) और ब्रह्म (पुत्र) के बीच वार्तालाप कथनों बीच-बीच में बड़ा रोचक है। दुर्वासा-उर्वशी प्रेम तथा पराशर के वेश्या प्रेम की कथा और अन्त में दरिया के अवतार की भी कथा है। यह ग्रंथ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। संग्रहालय में इसकी रक्षक क-संख्या १४ (क) है। यह ग्रंथ धरकंधा (शाहाबाद) ग्राम के दरिया मठ के महंत चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

[४५] (छ) अमरसार—ग्रंथकार—संत कवि दरिया साहब। लिपिकार—×। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना पतला कागज। पृ-संख्या—२४। आकार—

१०½"-११½" । भाषा—हिंदी । लिपि—नागरी । रचनाकाल—× ।
लिपिकाल—कार्तिक वदी नवमी, गुरुवार, फ० सन् १२६७ साल ।

प्रारंभ— अरज कीन्ह सिरनाय, दयानिधि सुनु लीजिये
सदा सब्द समुझाय, बहुरि ना भव जल आवही ॥

मध्य— सत गुर चरन सनेह करो, भगति दया धरो
प्रेम प्रीति नीति नेह, भवसागर तरिजाइही ॥

अन्त— वेवहा पुरुष अमान हहि, दरसन दीन्हों आए
सहि जादा मुकित हहिं, सभ निधि कहा बुझाए ॥

विषय— सत्पुरुष और सद्गुरु की स्तुति । दरिया साहब का सत्पुरुष से साक्षात्कार । पाषण्ड की निंदा आदि ।

टिप्पणी—इस ग्रंथ में माया का प्रपंच और हिंदू देवताओं तथा ऋषियों पर प्रभाव दिखला कर भक्ति का पथ-प्रदर्शन बड़े सुन्दर ढंग से किया गया है। यह ग्रंथ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। संग्रहालय में इसकी स्कन्ध क्र०-संख्या ३४ (क) है। यह ग्रंथ धरकन्धा (शाहाबाद) दरियामठ के महंत चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

[४५] (ज) निर्भय ज्ञान-ग्रन्थकार—संत कवि दरिया साहब। लिपिकार—रघुनाथ दास। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना पतला कागज। पृ०-संख्या—१२। आकार—"१०½—११½"। भाषा-हिंदी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष नवमी, मंगलवार, सं० १९५२ वि० (फ० सन् १३०२ साल)।

प्रारंभ— आदि पुरुष कर्ता हहिं, जिन्हें कीन्हो सकल संसार
पृथिमी नीर अकास जत, चंद सुरज विस्तार ॥

मध्य— घर घर सत गुरता कही, ग्यान कथही विस्तार
मुकित कहा सतगुरु कही, हंस उबारही पार ॥

अन्त— सतगुरु सब्द प्रतीति करि, गहो सन्त चितलाय,
छप लोक के जाइहो, बहुरि ना भव जल आय ॥

विषय— सद्गुरु और शब्द में विश्वास की आवश्यकता, सत्पुरुष का गुणानुवाद, आत्मा पर सद्गुरु का शांति-प्रद और सुधार-पूर्ण प्रभाव ।

टिप्पणी—ग्रंथ अच्छी अवस्था में है। नागरी और कैथी—दोनों लिपियों में ग्रंथ लिखा गया है। यह ग्रंथ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है।

सभ्र हालय में इसकी रक्षा क्रम संख्या १४ (क) है। यह ग्रंथ परर्वधा (शाहाबाद) के दरिया मठ के महंत चतुरीराम के सौजन्य से डा॰ धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा सम्प्राप्त हुआ।

[४०] ज्ञानदीपक—ग्रंथकार—कृत कवि दरिया साहब। लिपिकार—रामफलदास। अवस्था—आधुनिक। यंत्र का बना पतला कागज। पृष्ठ-सं॰—१२१। प्र॰ पृ॰ प॰ लगभग—२७। आकार—६½-१०½"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—पूस बदी सप्तमी, मंगलवार सन् १३३० फ ।

प्रारंभ— सतनाम ॥
सतबानी ग्रंथ मंगल
सतबानी सतगुर दरिया साहब कृत
ग्रंथ ज्ञानदीपक मंगल सुक्ति के दाता
हंस उबारन बंदी छोड़-छोड़ साखी।
प्रेम सुक्ति जीव सुख है, गुरगमी करो सुधार
दया दीपक जबहीं बरै, दरसन नाम अधार ॥

मध्य— छपलोक में मन रहै सत पुर्ष के पास
तीनिलोक हद लुगिया, काह निमरीत बैनाही दास ॥

अंत— मैव सपूरन ज्ञान, सतगुर पद पावन करो
उबरे हंस सुजान, जिहि गमी किरा बिवेक यह ॥

विषय— सद्गुरु भजन कथा, भवानी-कथा आदि।

टिप्पणी—ग्रंथ की लेखन शैली प्राचीन है। कागज आधुनिक यन्त्रालयों का बना है। किसी किसी पृष्ठ पर अँगरेजी के अक्षर एवं अंक छपे हैं। ग्रंथ सुपाठ्य है। ग्रंथ के अंत में छंदों की निम्नलिखित प्रकार से गणना की गई है—

साखी	चौपाई	छंदतोमर	छंदनारायन	सोरठा
२२०,	२२६,	४१,	४१	४१
११२,	१२०१,	जामा १६३२ ॥		

यह ग्रंथ परिषद् सम्रहालय में सुरक्षित है। सम्रहालय में इसकी रक्षा-संख्या—१४ (ग) है। यह परर्वधा (शाहाबाद) के दरिया मठ के महंत साधु चतुरीराम के सौजन्य से डा॰ धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा सगृहीत हुआ है।

[४१](घ) ज्ञानरतन-ग्रंथकार—कृत दरिया साहब। लिपिकार—कमलनाथ। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना—मोटा कागज। पृष्ठ-सं॰—१०६। प्र

पृ० १० लगभग—१४। आकार—"६½ × ८½"। भाषा—हिंदी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—पौष, शुक्ल पक्ष षष्ठी, फ० सन् १२७८ साल।

प्रारंभ— ग्यान रतन मनि मंगल, विमल सुधा निजुनाम
करो विवेक विचारि के, जाए अमरपुर धाम॥

मध्य— मारा रघुवर वान ते, लङ्का परि गव दक
लंक वंक गढ टूटि है, कोइ ना रहा निहसंक॥

अन्त— भादो वदी चउथी दिन, गवन किवो छपलोक
जो जन सब्द विवेकिआ, मेटि जाए सभसोक॥

विषय— रामकथा तथा सगुण, निर्गुण आदि विषयों पर शुजाशाह और संत दरिया साहब का वार्तालाप।

टिप्पणी—इस पुस्तक में संतकवि दरिया और शुजाशाह (नोखा गढ, आरा के जमीन्दार) का वार्तालाप बडा सरल है। संक्षेप में राम कथा वर्णित है। सतनाम तथा सद्गुरु विषयक वर्णन बड़ा मनोहर है। ग्रंथ की लिपि-शैली प्राचीन है। किंतु लिखावट स्पष्ट और सुवाच्य है। यह ग्रंथ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। सग्रहालय में इसकी स्कंध-सख्या—३६ (क) है। यह ग्रंथ धरकंधा (शाहाबाद) के दरिया मठ के महंथ साधु चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

[४७] (ख) ज्ञानदीपक-ग्रन्थकार—संतकवि दरिया साहब। लिपिकार—कमलदास फकीर। अवस्था—प्राचीन। हाथका बना मोटा कागज। पृ० संख्या—२१४। प्र० पृ० ५० लगभग—१४। आकार—"६½×८½"। भाषा-हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—अगहन, पूर्णिमा, शनिश्चर, फ० सन् १२७६ साल।

प्रारंभ—सतनाम
सतपुर्ष साहब जींदा जाग्रीत हंस उवारन सूकित दरिया साहब सतगुर ग्रंथसापल ग्यान दीपक" साखी सतनाम।

प्रेम जुक्ति निजु मुल है, गर गमि करो सुधार।
दिया दीपक जवहि वरे, दरसन नाम अधार॥

मध्य— करो भक्ति ग्रीह जाएके, रानी लेहुली आए
सो जीव जम शे वाचि है, सतनाम गुन गाए॥

अन्त—जो सतगुर कह चीन्हि के, ग्यानहि करै विचार
सोइ दफा मोइ वंस है, गुन गहि होखै पार॥

विषय— सद्गुरु और सत्पुरुष-माहात्म्य-वर्णन ।

टि०— यह ग्रंथ सुन्दर अवस्था में है । लिपि स्पष्ट और कागज मजबूत है । ग्रंथ में सम्भवत रचना-काल का निर्देश नहीं है । लिपि काल और दरिया साहब का निर्वाण काल लिखित है । उनके निर्माण काल के सम्बन्ध में अधोलिखित पद पठनीय हैं—

'सम्वत अठारह से सैंतिस, भादो चौथी अधार
सावा जाम जब रहलि गयवा, दरीया गौन विचार ॥
भादो बदी वार शुक्र गवन किया सत लोक
जो जन शब्द विवेकिया, मेटे सकल सब शोक ॥

यह ग्रंथ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है । संग्रहालय में इसकी संख्या-संख्या—३९ (ग) है । यह ग्रंथ धरकन्धा (शाहाबाद) के दरिया-मठ के महथ साधु अनुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ ।

[५८] विवेक सागर—ग्रंथकार—संत कवि दरिया साहब । लिपिकार— × । अवस्था प्राचीन । हाथ का बना हरे रंग का मोटा कागज । पृ० सं०—४६ । प्र०पृ०प० लगभग—१४ । आकार— ६¾ × ८½ । भाषा—हिन्दी । लिपि—नागरी । रचनाकाल— × । लिपिकाल—माघ, कृष्णपक्ष, एकादशी, मंगलवार फ० सन् १२७८ साल ।

प्रारंभ—सतगुरु सत ही नाम, पद पकजे कदयान
लोचन कंज मंजन करु, सुमर सत सुजान ।

मध्य— अब माजन गर्व मजन हो मम तोहरे साथ
करो पतन सिरओपन ही तुम्हके करौं सनाथ ॥

अंत— नीच भया नाचत फिरे बाजिगर के साथ
चाव तुम्हारी मारिया, गर्हित भए । हाथ ॥

विषय— ज्ञान, भक्ति और सद्गुरु में विश्वास आदि ।

टि०— यह ग्रंथ सुन्दर कागज पर लिखित है । लिपि सुस्पष्ट है । ग्रंथ के अन्त में लिपिकार के नाम का निर्देश नहीं है । प्रतीत होता है, पूर्व ग्रंथ के लिपिकार ने ही इसकी भी लिपि की है । दोनों ग्रंथ एक ही जिल्द में हैं । सद्गुरु माहात्म्य वर्णन विस्तार से है । यह ग्रंथ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है । संग्रहालय में इसकी संख्या संख्या—३९ (क) है । यह धरकन्धा (शाहाबाद) के दरिया मठ के महथ साधु अनुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ ।

[४६] शब्द अरजी—ग्रंथकार—संतकवि दरिया साहब । लिपिकार—ठाकुरदास । अवस्था—प्राचीन । हाथ का बना जीर्ण शीर्ण कागज । पृ० सं०—४४ । प्र० पृ० पं० लगभग—१३ । आकार—'४$\frac{1}{2}$ × ५$\frac{1}{2}$" । भाषा—हिन्दी लिपि—नागरी । रचनाकाल—× । लिपिकाल—× ।

प्रारंभ—सब्द अरजी । ।

तुम बिनु सरन राखै कवन
भगत जन सभ तुम्है जानत
दनुज दानव दवन ।१॥

मध्य— हरिनाकस जो गर्व किवो है
गर्व गई मिलि जाइ ॥
नखते फारा उदर वोई बिदारा
हाथ के हाथे पाइ । २॥

अन्त—जोगी जंगम सेव डाइन्ह तें पंथ निनारा
हरे हारे अबधु कहै दरिया
दरसेउ सोइ है संत पिआरा ।

विषय— ज्ञान और भक्ति का गीति-काव्य ।

टि०— इस छोटी-सी पुस्तक में विभिन्न प्रकार के पदों में सत्पुरुष की स्तुति की गई है । पद गेय हैं । यह ग्रंथ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है । संग्रहालय में इसकी स्कन्ध-संख्या—३७ (क) है । यह ग्रंथ धरकन्धा (शाहाबाद) के दरिया-मठ के महंथ साधु चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्रब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ है ।

[५०] (क) शब्द अरजी—ग्रंथकार—संतकवि दरिया साहब । लिपिकार—फकीर रामधन दास । अवस्था—प्राचीन । हाथ का बना जीर्ण-शीर्ण कागज । पृ० सं०—५२१ । प्र० पृ० पं० लगभग—१६ । आकार—"५$\frac{1}{2}$ × ८$\frac{1}{2}$" । भाषा—हिन्दी । लिपि—नागरी । रचनाकाल—× । लिपिकाल—× ।

प्रारंभ—शब्द अरजी सत

तुम बिनु सरन राखै कवन
भगत जन सभ तुमै जानत
दनुज दानव दवन ॥

मध्य— जोग जागे काल-भागे करम कलि कवलेस छूटे
जुगुति जोगी जानी ।

× × ×

मह टहके साधी धाय
अरथ नेह उरथ बांधे।
जाय अजपा धनी ॥

अन्त— अति सोहाग भाग गनिका का राग
बिरह रस पाना जा पी है वा
प्रेम प्रीति करि एहि मन
नीति ज्ञान बिना दुख दारुन वा है
कहैं दरिया दर छहेव काम न
लाज बिसारि हारि प्रभु दीहवो ॥

विषय— ज्ञान और भक्ति।

टि०— ग्रंथ अत्यंत प्राचीन है। कुछ पत्र अप्राप्य हैं। ग्रंथ के अधिक भाग पठनीय हैं। यह ग्रंथ परिषद्-ग्रंथागार में सुरक्षित है। ग्रंथागार में इसकी हस्त-संख्या—१८ (ख) है। यह ग्रंथ धरकन्धा (शाहाबाद) के दरिया मठ के महथ साधु चतुरीदास के सौजन्य से श्री धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

[४०] (ग) गनेशगोष्ठी-ग्रंथकार—संत कवि दरिया साहब। लिपिकार—रामागिर दास। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना जीर्ण शीर्ण कागज। पृ० संख्या—१२। प्र० पृ० प० लगभग—१४। आकार—"५½ × ८½"। भाषा—हिंदी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—×।

प्रारंभ— सतनाम
ग्रंथ गुरुजी हुआ है गनेश पंडित
औ दरियासाहब से धरकन्धा में
दरिया वचन—
पंडित राज सुना गुनखानी
यही मरम कछु लाख न जानी
वेद पढ़ा पर भेद न जाना
ताते अमल हाथ बिकाना।

मध्य— अलख्या निरखो ज्ञान, हिन ना उपजे प्रेम।
जो लागी हृदय ना कल्पही, धम बिन [illegible] नेम ॥

अन्त— ज्ञान रूप उर्देगी, जैसे दर्पन पतंग
का जम कृमिन टारही, पम दास न्यारा [illegible] ॥

विषय— मूर्ति-पूजा का खंडन, आध्यात्मिक भाव का प्रचार आदि।

टि०— यह गणेश पंडित और दरियासाहब के बीच हुए विवाद के आधार पर रचित एक छोटी-सी पुस्तिका है। यह ग्रंथ परिषद्-ग्रंथागार में

टिप्पणी--ग्रंथ की सुन्दर अवस्था है। लिपि स्पष्ट है। माया की व्यापकता एवं सत्पुरुष के सोलह पुत्रों की कथा वर्णित हुई है। यह ग्रंथ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। संग्रहालय में इसकी स्कन्ध-संख्या—३६ (क) है। यह ग्रंथ घरकन्धा (शाहाबाद) दरियामठ के महथ साधु चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

[५१] (ग) विवेकसागर–ग्रंथकार—संत कवि दरिया साहब। लिपिकार—दलोरीदास। अवस्था–सुन्दर, प्राचीन। हाथ का बना कागज। पृ०-सं०—४६। प्र० पृ० पं० लगभग—१८। आकार—"५$\frac{1}{2}$ × ८$\frac{1}{2}$"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—भादो सुदी द्वादशी, बृहस्पतिवार, संवत् १८६३ वि०।

प्रारंभ—सतनाम
सत सुक्रीत साहब
जोग जीत हंस उवारन
मुक्ति के दाता दरिआ सा
हब ग्रंथ बीवेक साग्र भाखत
दरीयासाहब : साखी :
सतगुर मतहिंदआ मम : पद पकज करु घ्यान ·
लोचन कज मंजन करो : सुपर संत सुजान : :

मध्य— आतंम दरस बीबेक करि : कहि दीन्हो प्रभूग्यान .
दरपन दुकरी रहै नाही दुजा कोइ आन ।

अन्त— सबसें बडा हे साधु है साधु सें बडा ना कोऐ :
दंसन प्रसन प्रेम रस · आनंद मगल होऐ :

विषय— ज्ञान, भक्ति और सद्गुरु-माहात्म्य-वर्णन आदि।

टि०— ग्रंथ सुवाच्य है। ग्रंथ के प्रतिपाद्य विषय जहाँ-तहाँ फटे हैं। यह ग्रंथ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। संग्रहालय में इसकी स्कन्ध-संख्या—३६ (ख) है। यह ग्रंथ घरकन्धा (शाहाबाद) के महन्थ साधु चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्रब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

[५२] (क) प्रेममूल–ग्रंथकार—संत कवि दरिया साहब। लिपिकार—हीरादास। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना चिकना कागज। पृ०-सं०—१२। प्र० पृ० पं० लगभग–२०। आकार— ५$\frac{1}{2}$ × ६"। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—फ० सन् १२८६ साल।

प्रारंभ—सतनाम
अथ प्रेम मुला भाखल ।
साखि ।
प्रेम कमल जल भीतरे ।
होत प्रात सुपर्ण सुने मा ।

मध्य— तीली का तेल फुने लाय, मेंगे तील को नाम
सतगुर सब्द समानव, बसेव अमै पुर गाव ॥

अंत—इया भवन बिच भक्ति मे, रहे पिया के पास
मन अनाष्ट न चाहिये चरन कमल की आस ॥

विषय— सद्गुरु भक्ति प्रतिपादन ।

टि०— इस ग्रंथ में सद्गुरु और इश्वरभक्ति का सुन्दर प्रतिपादन है। लिपि नागरी है। जहाँ-तहाँ कैथी अक्षरों का प्रयोग भी हुआ है। यह ग्रंथ परिषद्-संग्रहालय में संगृहीत है। संग्रहालय में इसकी स्कन्ध-संख्या ४० (ख) है। यह ग्रंथ धरकन्धा (शाहाबाद) के दरिया मठ के महंथ साधु चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

[५२] (ख) ज्ञानमूल—ग्रंथकार—संतकवि दरिया साहब। लिपिकार—हीरादास। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना चिकना कागज। पृ० सं०—२१। प्र० पृ० पं० लगभग—२०। आकार—$5\frac{1}{2}$″ × ६″। भाषा—हिन्दी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—फ०सन् १२८६ साल।

प्रारंभ— सतनाम
अथ ग्यान मुल
भखन दरीआ साहब मुक्ति साहन, सतनाम साखी
सतवर्ग सब उपरें, सखा पत्र सम जीव
जल थल सम मे व्यापिया, सरब सुधारस पीव ॥

मध्य— कपट कारी कग करो, काढु कुबुधि बन ठाय
सतगुर दाम न जानिये, जम रोकेगा बाय ॥

अंत— रवी का छवी एह छीत पर, यह निर्गुन का भाव
छवी ते रवी नहि होत है। निर्गुन सर्गुन को राव ॥
यह घट पट जब सुमन है छन्क्त कवि तब जाए
आ छवि उल्टी न आवही फेरि ना हि घरनि समाए ॥

विषय— त्रिगुण देवों से सत्पुरुष की विभिन्नता, सत्पुरुष का स्वर्ग से जंबूद्वीप आकर मुक्ति के प्रचारों के हेतु उन्हें रत्न-प्रदान करना, मन की व्यापक-प्रबलता का वर्णन आदि।

टिप्पणी—यह ग्रंथ सुंदर अवस्था में है। लिपि अस्पष्ट है। लिपि-काल स्पष्ट नहीं है। विषय का प्रतिपादन बड़े सुंदर ढंग से हुआ है। यह ग्रंथ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। संग्रहालय में इसकी स्कन्ध-संख्या—४० (क) है। यह ग्रंथ धरकन्धा (शाहाबाद) के दरिया मठ के महंथ साधु चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

[५२] (ग) ब्रह्मविवेक-ग्रंथकार—संत कवि दरिया साहब। लिपिकार—हीरादास। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना चिकना कागज। पृ०-सं०—२७। प्र० पृ० पं० लगभग—२०। आकार—'५½ × ६"। भाषा—हिंदी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—फ० सन १२८६ साल।

आरंभ—सतनाम

ग्रंथ ब्रह्मविवेक भाष ल दरिया साहब : साखी
ब्रह्म विवेक ग्यान एह, स्रोता सुमति सुधार।
ग्यानी समुझि विचारही, उतरहि भौ जल-पार॥

मध्य— तीनि लोक के ठाकुर, भुली परा भव ग्यान
जो मोहनि सुरनर मुनी उडेव सो न परा पहचान॥

अन्त— ब्रह्म विवेक ग्यान एह पढ़े सुने चितलाए
मुकुति पदारथ पाइ है, सदा रहै सुख पाए॥

विषय— सत्पुरुष-स्वरूप-वर्णन, पाषण्ड-भण्डाफोड़ आदि।

टिप्पणी—ग्रंथ कथा-कहानी के माध्यम से लिखा गया है। दर्शन—जैसे नीरस विषय को दरिया साहब ने कथा-कहानी के साँचे में ढाल कर सर्व-जन-सुलभ बना दिया है। अन्त में दरिया के अवतार की कहानी है। ग्रन्थ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। संग्रहालय में इसकी स्कन्ध-संख्या—४० (ख) है। यह ग्रंथ धरकन्धा (शाहाबाद) के दरिया-मठ के महंथ साधु चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

[५२] (घ) भक्ति-हेतु-ग्रंथकार—संतकवि दरिया साहब। लिपिकार—हीरादास। अवस्था—प्राचीन। हाथ बना खंडित किंतु चिकना कागज। पृष्ठ-संख्या—२५। प्र० पृ० पं० लगभग—२०। आकार—"५½ × ६"। भाषा—हिंदी।

लिपि—नागरी। रचनाकाल—X। लिपिकाल—फ० सन् १२८६ साल कार्तिक, कृष्ण पक्ष, बुधवार।।

प्रारंभ—सत्नाम

गरय भक्ति हेतु भाजन ही—
या साहब सतगुर हम उबारन
सत्नाम उजी
ग्यान भगति निज सार है सुन सर्वन चितलाय
जिति बिधि निमाल एह मत अनूप देखाय।।

मध्य— कहिं दरिया पाए अमर हरी सत्नाम म धाम
तहवा काल न आवही बहु विधि करहिं बेनाम।।

अंत— हीरामनि निज दास है, सब दासहि का नाम
सतगुर क परच भए जीवका प्रेम परगास।।

विषय—सत् कतनु चना, श्री गणपति साम त्याग आत्मा की अमरपुण्याना का वर्णन आदि।

टिप्पणी—कीर पनगों के उदाहरण द्वारा भक्ति और ज्ञान का उपदेश पूर्ण वर्णन। निर्गुण और त्रिगुण विवेचन। अन्त के कुछ पन्ने फटे हैं।

यह ग्रंथ परिषद् संग्रहालय में सुरक्षित है। संग्रहालय में इसकी क्रम-संख्या ४० (ग) है। यह ग्रंथ धरकंधा (शाहाबाद) के दरिया मठ के महंथ सन्त चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

[४० (ङ) अमरसार-ग्रंथकार—संत कवि दरिया साहब। लिपिकार—हीरादास। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना चिकना कागज। पृ०-सं० —१६। प्र० पृ० प० लगभग—२०। आकार—"५½ × ६"। भाषा—हिंदी। लिपि-नागरी। रचनाकाल—X। लिपिकाल—कार्तिक षष्ठी रविवार फ० सन् १२८६ साल।

प्रारंभ—सत्नाम

अथ अमर सार मा
सत्त दरिया साहब मुक्ति नाम सत वर्ग दरि छन्द सु
सतगुर साहब हम उबारन स्वामी
सतगुर चरन सुधा मन दीनन मुक्ति के मुल
सर पंकज तन नाम हामा, अमर अनुप सहुल।।

मध्य— कहें दरिया जग ऊ है या बिन काल कर्मनि
जिन्ह कब न हृदय रहे नाम एर्मीन।।

अन्त— गुरु मुरती गति चंद्रमा सेवक नैन चकोर
पलक-पलक निरखत रहो, गुर मुरती के वोर ॥

विषय—सत्पुरुष और सद्गुरु की स्तुति, दरिया साहब का सत्पुरुष से साक्षात्कार, पाषण्ड की निंदा आदि ।

टिप्पणी—ग्रंथ सुपाठ्य है । छंद, सोरठा, चौपाई और साखी आदि छंदों का प्रयोग हुआ है । यह ग्रंथ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है । संग्रहालय में इसकी स्कन्ध-संख्या–४० (ख) है । ग्रंथ धरकन्धा (शाहाबाद) के दरिया-मठ के महंथ साधु चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ ।

[५२] (च) विवेकसागर–*ग्रंथकार*—संत कवि दरिया साहब । लिपिकार—हीरादास । अवस्था—प्राचीन । हाथ का बना कागज । पृ०-सं०—३२ । प्र० पृ० पं० लगभग—२० । आकार—"५½×६ । भाषा—हिन्दी । लिपि—नागरी । रचनाकाल—× । लिपिकाल—संवत् १९३८ वि०, कार्तिक वदी, शनिवार ।

प्रारंभ—सत्तनाम
गरंथ बीबेक सागर भाखल दरिया साहब
साखी
सतगुर सत हीर्दए स्मः पद पकज करु ध्यान
लोचन कंज मनन करो सुरर सत सुजान ॥

मध्य— राज काज सब देखिया : गज गर्जहि तेहि द्वार
बाज परेरु हाथ लेइ यह सोभा दरबार ॥

साखी

अन्त— सब से बडा साधु है साधु से बडा ना कोए ।
दरसन परसन प्रेम गति आनन्द मंगल होए ॥

विषय—ज्ञान-भक्ति, सद्गुरु में विश्वास-वर्णन आदि ।

टिप्पणी—ग्रंथ में अन्य ग्रंथों के समान 'पुष्पिका' वाक्य नहीं दिये गये हैं । यह ग्रंथ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है । संग्रहालय में इसकी स्कन्ध संख्या—४० (ख) है । यह ग्रंथ धरकधा (शाहाबाद) के दरियामठ के महंथ साधु चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ ।

[५२] (छ) अग्रग्यान–*ग्रंथकार*—संत कवि दरिया साहब । लिपिकार—हीरादास । अवस्था—प्राचीन । हाथ का बना चिकना कागज । पृ०-सं०—२३ । प्र० पृ० पं० लगभग २० । आकार—"५½×६" । भाषा—हिंदी । लिपि—नागरी ।

रचनाकाल—× । लिपिकाल—अगहन सुदी पष्ठी, रविवार, सवत् १६३७ वि ।

प्रारभ—सत्तनाम

गरथ अग्र ग्यान, मागल दरिया साहब
मुक्ति हंस उबारन सत गुर बदी छोर

साखी

अरज कीन्ह सीरनाग दया नीधि सुनो लीजिए
सार सब्द समुझाए बहुरी न भव जल आवही ॥

मध्य— तन मन धन अब तुम पर यह सभ अरपन कीन्ह
करो दया बहु भाति यह रहा कबही जनही जनि मीन्ह ॥

अत— बेवाहा पुर्ख अमान है दरसन दीन्हो आए
सरहीनदा मुक्ति है सबबोधि कहा समुझाए ॥

विषय—माया की व्यापकता, निर्गुण वर्णन तथा जोगजीत (मुक्ति) की चर्चा ।

टिप्पणी—इस ग्रथ में सृष्टि-रचना तथा माया की व्यापकता का सविस्तार वर्णन है। सत्पुरुष के सोलह पुत्रों की कथा में पाप और पाखण्ड की बड़ी तीव्र भर्त्सना है। यह ग्रथ परिषद्-सग्रहालय में सुरक्षित है। सग्रहालय में इसकी क्रमसख्या—४० (ख) है। यह ग्रथ धरकन्धा (शाहाबाद) के दरिया-मठ के महथ साधु चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा सगृहीत हुआ।

[५३] (क) गणेश-गोष्ठी—ग्रथकार—सन्त कवि दरिया साहब। लिपिकार—सुकुल दास। अवस्था—प्राचीन। हस्त निर्मित मोटा कागज। पृ०स—२१। प्र० पृ० प लगभग—१३। आकार—६×६। भाषा—हिंदी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—कातिक बदी अष्टमी, शनिवार सवत् १८६४ वि ।

सतनाम

प्रारभ—आ जग मे पढ़ी पढ़ी बेद पूराना
जाति शम्भि जाके कहाये नरें, जीवन्ह के घाता।

मध्य— ठाढ़ा बोल मारू मैदान टगर म लाल धमका
सुनहि सूर जो हो दिन गर मे
ढाल ले जर हाथ तग दहिने भला ॥

अत— गध सुगध शमे तुंठि आवे
रत ना तुर खाहे शमसारा ॥
ताह पर करे नेम अजारा

फहँ दरिया सेह जरा को रगरा
शतनाम गहर मे दौ रगरा ॥

विषय—मूर्ति-पूजा, कर्मकाण्ड आदि का खण्डन ।

टिप्पणी—यह ग्रंथ खण्डित है। प्रारम के सात पृष्ठ नहीं है। कागज प्राचीन है। पृष्ठ-क्रम ठीक करने के लिए पुन पेंसिल से पृष्ठ-संख्या लिखी गई है। दन्त्य 'स' के लिए 'श' का ही प्रयोग है। यह ग्रंथ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। संग्रहालय में इसकी स्कंध-संख्या—४१ (ख) है। यह ग्रंथ धरकन्धा (शाहाबाद) के दरिया-मठ के महंत साधु चतुरी दास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

[५३] (ख) ज्ञानमूल (मुलज्ञान)—ग्रंथकार—संत कवि दरिया साहब। लिपिकार—शुकुलदास फकीर। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना कागज। पृ०-संख्या—१८—(२२–४०) प्र० पृ० पं० लगभग—१४। आकार—"५½×५½"। भाषा—हिंदी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—कार्तिक वदी, एकादशी, मंगलवार।

प्रारंभ—शतनाम

बेग्राहा शाहेब बे कीमती गरथ मुल ज्ञान भाखत
दरिग्रा शाहेब गरीब नेवाज वदि छोड़
शत वर्ग शर्व उपरे शाषा पत्र शभीवः ।।
जल थल शभ मे व्यापिग्रा शासगुवार शपीव
ग्राठि ग्रत के उपमुला ॥

मध्य— शोइ हश गुन शार है जीन्हि मानहि कहा हमार ।
शब्द तेग यह गहि कै उतरै भव जल पार ॥

अन्त— जाके नीगुन बेद यह कहइ शगुन शरुप देह धरी लहइ ॥
रवी को न छवी यह न छीत पर, यह नीगून को भाव
न छवी ते रवी नाहि होत है, नीगून सगून को राव. ।।।

विषय—त्रिगुण देवों से सत्पुरुष की विभिन्नता, सत्पुरुष का जंबूद्वीप में प्रचार-कार्य।

टिप्पणी—यह ग्रंथ सुंदर अवस्था मे है। कागज प्राचीन है। ग्रंथ की लिपि पुरानी है। लिपिकार ने चवर्ग 'छ' का प्रयोग 'ज' के समान किया है। दन्त्य 'स' के स्थान मे तालव्य 'श' का प्रयोग अधिक है। यह ग्रंथ परिषद्-संग्रहालय में संगृहीत है। संग्रहालय में इसकी स्कंध-संख्या—४१ (ख) है। यह ग्रंथ धरकन्धा-(शाहाबाद) के दरिया मठ के महंथ साधु चतुरी दास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

[५३] (ग) अग्रज्ञान—ग्रंथकार—संत कवि दरिया साहब। लिपिकार—शुकुल दास फकीर। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना देशी कागज। पृष्ठ-सं०—

२० (४१ ५६)। प्र पृ पं लगभग—१४। आकार—५$\frac{1}{2}$"×
५$\frac{1}{2}$"। भाषा—हिंदी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—
कार्तिक सुदी, नवमी, संवत् १८६४ वि०।

प्रारम्भ—शतनाम ॥

बेवाहा नाम नीशान
शत बरग जीशा श्यामान जा
प्रीत औद दरीश्रा शाहेब दरीश्रा
गरी मेवाज ॥
अर्ज कीन्ह शीरनाए, दया नीधि मुनिसीश्रीये
शार शब्द शमुझाए बहुरि न मौ जल आवही ॥

मध्य— तन मन धन सब तुम्ह पर यह सम अरपन कीन्ह।
करो दया बहुमांनि यह रहो क्वही जनि भीन्ह ॥

अन्त—बेवाहा पुरुष अमान है दरश हो आए
शाही नदा शुभीत है शम बीधि काहा सुझाए ॥

विषय— माया की व्यापकता, निर्गुण निगुण विवेचन आदि ॥

टिप्पणी—यह ग्रंथ यद्यपि अति प्राचीन है, फिर भी इसके अक्षर साफ एवं सुन्दर हैं। ग्रंथ में तालव्य 'श' का अधिक प्रयोग हुआ है। लिपि अस्पष्ट है। अन्त के कुछ पन्ने दीमक द्वारा नष्ट कर दिये गये हैं। यह ग्रंथ परिषद्-संग्रहालय में संगृहीत है। संग्रहालय में इसकी क्रम संख्या—४१ (ग) है। यह ग्रंथ धरकन्धा (शाहाबाद) दरिया-मठ के महथ साधु चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

[५४] गणेशगोष्ठी—ग्रंथकार—संत कवि दरिया साहब। लिपिकार—रामधीत दास। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना कागज। पृष्ठ-संख्या—१७। प्र पृ पं० लगभग—२४। आकार—४"×६$\frac{1}{2}$"। भाषा—हिंदी। लिपि—नागरी। रचनाकाल—×। लिपिकाल—ता० १२ ६ ४०।

प्रारम्भ—शतनाम ॥

गुप्त महल काशी में अस्सी बरना के तीर
गदारा पण्डित आ दरिया साहब स

साखी

पण्डितराज सुनी लीजिये बचन सत सुजान
यही ग्रंथ कछु साज रा मन भरक सुजान ॥

मध्य— चारी सु क भय सब, नना रंग तरंग
कहे न पंग बांझिया, जहा सुरति मा अंग ॥

अन्त— साधु साधु सब कहत है, साधु समुद्र वार
अलल पक्ष कोई एक है, पच्छी कोटि हजार ॥

विषय—साम्प्रदायिक भेद-भाव, मूर्त्ति पूजा, कर्मकाण्ड, वेद आदि के खंडन तथा ईश्वर का प्रतिपादन।

टिप्पणी—ग्रंथ सुन्दर अवस्था में है। लिपि आधुनिक एवं सुस्पष्ट है। अक्षर सुन्दर हैं। पंक्तियाँ सीधी हैं। लिपिकाल एवं लिपिकार के लिए दो तरह के परिचय प्राप्त हैं। ग्रन्थ के अन्त में उपर्युक्त तिथि-निर्देश है, किन्तु दूसरे पृष्ठ पर "सम्वत् १८८३ पूस साल, सन् १३४७" लिखा है। इसी तरह लिपिकार के लिए—"लिखा था दसखत दीलराम दास जी के था" लिखा है। यह ग्रंथ परिषद्-संग्रहालय में सुरक्षित है। संग्रहालय में इसकी क्रमांक-संख्या-४२ (ग) है। यह ग्रन्थ धरकन्धा (शाहाबाद) दरिया-मठ के महन्थ साधु चतुरीदास के सौजन्य से डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री द्वारा संगृहीत हुआ।

[५५] मूर्त्ति-उखाड़—ग्रंथकार—संत कवि दरिया साहब। लिपिकार—×। अवस्था—प्राचीन। हाथ का बना मोटा कागज। पृष्ठ-सं०—३६। प्र० पृ० पं० लगभग-१७। आकार-'८×६½"। भाषा—हिंदी। लिपि—नागरी। रचनाकाल-×। लिपिकाल—×।

प्रारंभ—सतनाम।

सत सुक्रीत जोग जीत अर्ज अचीत
पुर्न मुनीदं कह नामे कबीर दरीया
नाम अ मोल हन हसारन बदी छोर
गरंथ मुरति उखार भाखल दरिया
साहब धरकधा मो तख्त कीया०।

॥ चौपाई ॥

जाहाँ बसे सतगुर सतपुर देसवा
भेसवा धरीय पगु टारही रेजी।

मध्य— अमल अमान तो ही पावे उरेजी
